हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

रांची व धनबाद से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe Koylanchal samvad news

रांची, बुधवार, 02 जुलाई, 2025 वर्ष : 13 अंक : 43 मूल्य : 3 रुपए

www.koylanchalsamvad.com

कर्नाटक सीएम पद पर फिर विवाद:डिप्टी सीएम के करीबी एमएलए... | बिहार में अपने ही बुने जाल में फंस गया चुनाव आयोग | भारत में जल्द मिलेगा हाई-स्पीड सैटेलाइट इंटरनेट...

## 2 साल में 3.5 करोड़ नौकरियां सहित 4 बड़ी योजनाओं को मोदी कैबिनेट की मंजूरी

# राष्ट्रीय खेल नीति 2025 को मंजूरी, तमिलनाडु में परमकुडी-रामनाथपुरम हाईवे फोर लेन होगा

**नई दिल्ली:** मोदी कैबिनेट ने मंगलवार को 4 फैसलों पर मुहर लगाई है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जानकारी दी कि आज की कैबिनेट मीटिंग में राष्ट्रीय खेल नीति 2025, रिसर्च डेवलपमेंट एंड इनोवेशन योजना, एम्प्लॉयमेंट लिंक्ड इंसेंटिव योजना और परमकुडी-रामनाथपुरम हाईवे को फोर लेन में बदलने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि आज केबिनेट मीटिंग में राष्ट्रीय खेल नीति 2025 को मंजूरी दी गई है, जिसका उद्देश्य खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं और प्रशिक्षण देना है। इसके साथ ही, रिसर्च डेवलपमेंट एंड इनोवेशन योजना को स्वीकृति मिली है, जिसमें 1 लाख करोड़ की सहायता से नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा। सरकार ने एम्प्लॉयमेंट लिंक्ड इंसेंटिव योजना भी शुरू की है, जिसका उद्देश्य दो वर्षों में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियां देना है। वहीं, कैबिनेट की आर्थिक मामलों की समिति ने तमिलनाडु में परमकुडी-रामनाथपुरम हाईवे को फोर लेन में बदलने की 1,853 करोड़ की परियोजना को भी मंजूरी दी है, जिससे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और रोजगार में बढ़ोतरी होगी।

### वैश्विक मंच पर बने भारत का दबदबा

एनएसपी 2025 का पहला लक्ष्य है खेलों में विश्व स्तर पर भारत का दबदबा कायम करना। इसके लिए ग्रामीण और शहरी इलाकों में खेलों की बुनियाद को मजबूत किया जाएगा। बच्चों में प्रतिभा की जल्दी पहचान कर उसपर काम किया जाएगा। साथ ही, अलग-अलग लीग और टूर्नामेंट शुरू होंगे। विश्वस्तरीय प्रशिक्षण, कोचिंग और खिलाड़ियों के लिए हर तरह की सहायता दी जाएगी। राष्ट्रीय खेल महासंघों की क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ खेल विज्ञान और तकनीक का उपयोग कर खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहतर किया जाएगा। कोचों, तकनीकी अधिकारियों और सपोर्ट स्टाफ की ट्रेनिंग पर भी जोर रहेगा।

### खेलों से आर्थिक विकास

यह पॉलिसी खेलों को आर्थिक अवसर के रूप में देखती है। इसके तहत खेल पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा और बड़े अंतरराष्ट्रीय आयोजनों को भारत लाने की कोशिश होगी। खेल उपकरणों के निर्माण को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप और उद्यमिता को प्रोत्साहन मिलेगा। प्राइवेट सेक्टर को पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप और कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के जरिए जोड़ा जाएगा।



### 1 लाख करोड़ से रिसर्च और इनोवेशन को मिलेगा बड़ा बूस्ट

केंद्र सरकार ने देश में रिसर्च, डेवलपमेंट और इनोवेशन इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में 'रिसर्च, डेवलपमेंट एंड इनोवेशन स्कीम' को मंजूरी दे दी गई। इस योजना के लिए 1 लाख करोड़ का फंड निर्धारित किया गया है। इनोवेशन को बढ़ावा देने और रिसर्च के व्यावसायीकरण में प्राइवेट सेक्टर की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हुए, आरडीआई स्कीम का उद्देश्य रिसर्च, डेवलपमेंट और इनोवेशन में प्राइवेट सेक्टर के निवेश को बढ़ावा देने के लिए कम या शून्य ब्याज दरों पर लंबी अवधि के साथ लॉन्ग टर्म फंडिंग या रिफाइनेंसिंग उपलब्ध कराना है। इस योजना को प्राइवेट सेक्टर के फंडिंग में बाधाओं और चुनौतियों को दूर करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसका मकसद उभरते हुए और रणनीतिक क्षेत्रों को वृद्धि और जोखिम पूंजी उपलब्ध कराकर इनोवेशन को बढ़ावा देना, तकनीक को अपनाने को प्रोत्साहित करना और प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करना है।

### 2 लाख करोड़ की ईएलआई स्कीम को मंजूरी, युवाओं को नौकरी मिलते ही मिलेगा 15000 का इंसेंटिव

केंद्र सरकार ने देश में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए एक नई योजना को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने'रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना' (ईएलआई) को हरी झंडी दिखाई गई। इस योजना का मकसद युवाओं को नौकरी देने, उनकी स्किल बढ़ाने और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ खास तौर पर मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में रोजगार के नए अवसर पैदा करना है। 99,446 करोड़ रुपये की इस योजना के तहत अगले दो साल में 3.5 करोड़ से ज्यादा नौकरियां पैदा करने का लक्ष्य है। इसमें से 1.92 करोड़ लोग पहली बार नौकरी शुरू करने वाले होंगे। यह योजना 1 अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2027 तक बनने वाली नौकरियों पर लागू होगी। पार्ट A के तहत, जो लोग पहली बार कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के साथ रजिस्टर करेंगे, उन्हें एक महीने की सैलरी के बराबर प्रोत्साहन राशि दी जाएगी, जो अधिकतम 15,000 रुपये तक होगी। यह राशि दो किश्तों में दी जाएगी। पहली किश्त 6 महीने की नौकरी पूरी करने पर और दूसरी किश्त 12 महीने की नौकरी और फाइनेंशियल लिटरेसी प्रोग्राम पूरा करने पर मिलेगी। जिन कर्मचारियों की सैलरी 1 लाख रुपये तक है, वे इस योजना के लिए पात्र होंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### कोल इंडिया, हिंदुस्तान कॉपर के साथ खनिज क्षेत्र में करेंगे काम

नई दिल्ली (ईएमएस)। सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने मंगलवार को महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्र में मिलकर काम करने के लिए हिंदुस्तान कॉपर के साथ एक समझौता किया है। सीआईएल ने बीएसई को दी सूचना में बताया कि दोनों कंपनियों ने तांबा और महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्रों में विभिन्न पहलुओं पर सहयोग के लिए सोमवार को गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इससे पहले सीआईएल और आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड ने महत्वपूर्ण खनिजों के विकास पर सहयोग एवं सहभागिता के लिए एक गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य खनिज रेत और दुर्लभ खनिजों सहित महत्वपूर्ण खनिजों की परस्पर सहमत परिसंपत्तियों का विकास करना है। सीआईएल की घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है। तांबा, लिथियम, निकल, कोबाल्ट और दुर्लभ पृथ्वी तत्व जैसे खनिज तेजी से बढ़ती स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के विकास को बढ़ावा देने के लिए कच्चे माल हैं। पवन टर्बाइन और बिजली तंत्र से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों और बैटरी निर्माण तक इनका उपयोग किया जाता है।

### रेसलर विनेश फोगाट मां बनीं, बेटे को जन्म दिया:7 साल पहले हुई थी शादी

**जींद:** हरियाणा की रेसलर और जुलाना से कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट मां बन गई हैं। उन्होंने मंगलवार सुबह 9 बजे दिल्ली के अपोलो अस्पताल में बेटे को जन्म दिया।



विनेश को कल शाम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। विनेश के ससुर राजपाल राठी ने बताया कि ऑपरेशन के जरिए डिलीवरी हुई है। फिलहाल, मां और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। विनेश की शादी 7 साल पहले पहलवान सोमवीर राठी से हुई थी। विनेश फोगाट ने 6 मार्च 2025 को अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए की थी। उन्होंने पति सोमवीर राठी के साथ एक फोटो शेयर करते हुए लिखा था, "ऑवर लव स्टोरी कंटिन्यू विद न्यू चैप्टर (एक नए अध्याय के साथ हमारी प्रेम कहानी जारी है)।" पोस्ट में उन्होंने बच्चे के पैरों के निशान और प्यार का प्रतीक भी शेयर किया था। दोनों खिलाड़ियों ने 14 दिसंबर 2018 को शादी की थी। हिंदू रीति-रिवाज से देखें तो शादी में 7 फेरे लिए जाते हैं, लेकिन विनेश और सोमवीर ने 8 फेरे लिए थे। आठवां फेरा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बेटी खिलाओ की शपथ पर खत्म हुआ था, इसलिए उनकी शादी काफी अलग रही थी।

### दिल्ली में 1 जुलाई से तय समय से अधिक पुराने वाहनों पर नया नियम हुआ लागू

#### 10 साल पुराने डीजल और 15 साल से अधिक पुराने पेट्रोल वाहनों को पेट्रोल पंप से ईंधन नहीं मिलेगा

नई दिल्ली (ईएमएस)। दिल्ली में मंगलवार 1 जुलाई से 10 साल से पुराने डीजल वाहनों और 15 साल से पुराने पेट्रोल वाहनों को अब शहर के किसी भी पेट्रोल पंप से ईंधन नहीं मिलेगा। यह फैसला राजधानी की बिगड़ती वायु गुणवत्ता को देखते हुए लागू किया गया है। इस नियम को लागू करने के लिए दिल्ली के लगभग 500 पेट्रोल पंपों पर एआई आधारित ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकाग्निशन कैमरे लगाए गए हैं। ये कैमरे वाहन की नंबर प्लेट को स्कैन कर वह कितने साल पुराना है बता देते हैं। तय सीमा से अधिक पुराने वाहन की पहचान होने पर उन्हें ईंधन नहीं दिया जाएगा। प्रत्येक पेट्रोल पंप पर अधिकारी तैनात रहेंगे। सभी पंपों को निर्देश दिया गया है कि ऐसे वाहनों को ईंधन देने से इनकार करें और उनका रिकॉर्ड रखें। अगर कोई वाहन मालिक इस नियम का उल्लंघन करता है, तो 10,000 रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है, वाहन जब्त भी किया जा सकता है। दोपहिया वाहनों के लिए 5,000 रुपए जुर्माना तय किया गया है, सार्वजनिक स्थानों पर ऐसे वाहन खड़े पाए जाने पर भी कार्रवाई होगी। दिल्ली में करीब 62 लाख पुराने वाहन हैं, जो प्रदूषण का बड़ा कारण बनते हैं। सरकार चाहती है कि लोग अब इलेक्ट्रिक वाहनों या पब्लिक ट्रांसपोर्ट की ओर रुख करें। यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के 2018 के आदेश और एनजीटी के 2014 के निर्देशों के अनुरूप है।

## मुख्यमंत्री हेमन्त ने ली पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा के स्वास्थ्य की जानकारी

### स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को दिया निर्देश

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने इलाजरत पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा के स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए स्वास्थ्य मंत्री इरफ़ान अंसारी को निदेश दिया कि इलाजरत पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा को हर जरूरी चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करवाते हुए हुए उन्हें सूचित करें। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने एक्स में माध्यम से कहा कि झारखण्ड सरकार विमल लकड़ा जी के साथ पूरी तरह खड़ी है। उनके परिवार को भरोसा दिलाया कि इलाज में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मंत्री सुदिव्य कुमार को निदेश दिया था कि वे अस्पताल जाकर इलाजरत पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा से मुलाक़ात करें। मंत्री सुदिव्य कुमार ने एक्स के माध्यम से बतलाया कि उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर अस्पताल जाकर इलाजरत पूर्व अंतरराष्ट्रीय



हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा एवं उनकी पत्नी से मुलाक़ात की। उन्होंने डॉ. संजय से विमल लकड़ा के स्वास्थ्य व इलाज की स्थिति की जानकारी ली और निर्देश दिया कि उन्हें सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। मालूम हो कि पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी बिमल लकड़ा सोमवार को खेत मे बेहोश पाए गए. उन्हें इलाज के लिए रांची के क्यूरेसेटा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

## झारखंड के हजारीबाग में एसीबी का बड़ा एक्शन, सीएचसी प्रभारी डॉ सतीश कुमार 3000 रु. रिश्वत लेते अरेस्ट

**हजारीबाग:** एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने आज मंगलवार को झारखंड के हजारीबाग जिले में बड़ी कार्रवाई की है. चौपारण के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सतीश कुमार को तीन हजार रुपए रिश्वत लेते एसीबी (भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो) ने रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया. ममता वाहन से जुड़े बिल पर हस्ताक्षर करने के एवज में वह ममता वाहन के मालिक उज्ज्वल कुमार सिन्हा से घूस मांग रहे थे. इस मामले में शिकायत पर कार्रवाई की गयी और गिरफ्तार कर लिया गया. गिरफ्तारी के बाद एसीबी के अफसर पूछताछ कर रहे हैं. हजारीबाग जिले के चौपारण प्रखंड के दादपुर गांव के रहनेवाले उज्ज्वल कुमार सिन्हा ममता वाहन के मालिक हैं. उन्होंने चौपारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सतीश कुमार के खिलाफ एसीबी में शिकायत दर्ज करायी थी. अपनी शिकायत में उन्होंने कहा था कि ममता वाहन से संबंधित बिलों का भुगतान के लिए उनसे आग्रह किया था. इन बिलों पर हस्ताक्षर करने के एवज में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सतीश कुमार ने 5000 रुपए रिश्वत की मांग की थी. वह घूस देना नहीं चाहते थे.

### झारखंड के पलामू-गढ़वा को नितिन गडकरी की बड़ी सौगात

## 8 हजार करोड़ से तैयार होगा रांची-वाराणसी नेशनल हाईवे, 3 जुलाई को करेंगे उद्घाटन

### एमपी बीडी राम बोले- 3 जुलाई को देंगे 1129 करोड़ की सड़क का तोहफा

**पलामू/गढ़वा:** भारत माला प्रोजेक्ट के तहत करीब 8000 करोड़ की लागत से रांची-वाराणसी नेशनल हाईवे फोरलेन का निर्माण कार्य पूरा किया जाना है. रांची-वाराणसी नेशनल हाईवे पहले नेशनल हाईवे 75 के नाम से जाना जाता था, अब इसका नाम बदलकर नेशनल हाईवे 39 हो जाएगा है. रांची-वाराणसी नेशनल हाईवे का निर्माण कार्य छह अलग-अलग चरणों में किया जाना है. राष्ट्रीय राजमार्ग का पहले चरण का निर्माण कार्य रांची से कुरु तक पूरा हो गया है. दूसरे चरण का निर्माण कार्य पलामू के शंखा से गढ़वा के खजूरी तक होना है, यह निर्माण कार्य भी पूरा हो गया है. नेशनल हाईवे 39 को गढ़वा बाइपास के नाम से भी जाना जाता है. केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी तीन जुलाई 2025 को इसका उदघाटन करेंगे.

पलामू के सांसद बीडी राम ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र में शंखा से खजूरी तक सड़क का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है. केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी तीन जुलाई को इस



सड़क का उद्घाटन करेंगे. इस सड़क की लागत 1129.48 करोड़ है. शंखा से खजूरी के बीच 22.73 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया गया है. सांसद बीडी राम ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि यह सड़क रांची से लेकर वाराणसी तक बनायी जा रही है.

राष्ट्रीय राजमार्ग के पहले चरण का निर्माण कार्य रांची से कुड़ू तक पूरा हो गया है. दूसरे चरण का निर्माण कार्य पलामू जिले के शंखा से गढ़वा जिले के खजूरी तक होना है. यह निर्माण कार्य भी पूरा हो गया है. नेशनल हाईवे-39 को गढ़वा बाईपास के नाम से भी जाना जाता है. केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी तीन जुलाई 2025 को इसका उद्घाटन करेंगे. सांसद ने बताया कि गढ़वा बाईपास का निर्माण पूरा होने से लोगों को जाम की समस्या से निजात मिलेगी. सांसद ने कहा कि केंद्रीय मंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है.

### छह चरणों में पूरा होगा नेशनल हाईवे-39 का काम

सांसद बीडी राम ने बताया कि नेशनल हाईवे-39 का निर्माण कार्य छह चरणों में पूरा किया जाना है. इसमें पहले सेक्शन में कुड़ू से उदयपुरा तक सड़क (38.60 किलोमीटर) बनेगी. इसकी लागत 1274. 82 करोड़ है. इसके काम की शुरुआत सितंबर में शुरू हो जायेगी, जबकि सेक्शन दो में उदयपुरा से भोगु 49. 94 किलोमीटर है. इसकी लागत 1436. 80 करोड़ है. इसे अक्टूबर 2026 में पूरा कर लिया जायेगा. सेक्शन तीन के तहत भोगु से शंखा 49.33 किलोमीटर है. इसकी लागत 1517.87 करोड़ है. इसे नौ नवंबर 2025 तक पूरा कर लिया जायेगा. सेक्शन पांच में खजूरी से विंडमगंज 41.06 किलोमीटर का निर्माण कार्य चल रहा है.

## हिमाचल में 4 जगह बादल फटा, घर-गाड़ियां बहीं, 4 की मौत, 16 लापता; प्रयागराज में गंगा-यमुना में बाढ़, उत्तराखंड के पौड़ी में पहाड़ टूटा

**पहाड़ी** राज्य हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 3 दिन से तेज बारिश हो रही है। हिमाचल के मंडी में 4 जगहों पर बादल फटे। कुकलाह में पुल के साथ कई गाड़ियां बह गईं। इधर, उत्तराखंड में कई जगहों पर लैंडस्लाइड हुई। पहाड़ों का मलबा सड़कों पर आ गया है। पूरे हिमाचल में 48 घंटों से बारिश जारी है। मंडी में सोमवार सुबह 4 जगह बादल फटे। कुकलाह में पुल के साथ कई गाड़ियां बह गईं। घरों की जगह सिर्फ मलबा दिख रहा है। मंडी शहर में नाले उफान पर हैं।

अब तक 4 लोगों की मौत हो गई है, 16 से ज्यादा लापता हैं। मनाली-मंडी फोरलेन हाईवे पर बने टनल के एंट्री पॉइंट पर पहाड़ धंसने से मलबा जमा हो गया। मौसम विभाग ने आज हिमाचल में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है।



### पौड़ी में पहाड़ धंसा

मौसम विभाग ने उत्तराखंड में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। राज्य के कई जिलों में स्कूल बंद हैं। बागेश्वर जिले में सरयू नदी उफान पर है। उत्तरकाशी के सिलाई बैंड के पास बादल फटने की घटना में लापता हुए लोगों के लिए रेस्क्यू अभियान तीसरे दिन भी जारी है।

### उत्तर प्रदेश के बरेली में दीवार गिरी, 1 बच्चे की मौत

उत्तर प्रदेश के बरेली में बारिश के चलते मिट्टी की एक दीवार गिर गई। मलबे में दबकर 15 साल के एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि 8 साल का एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने घायल का रेस्क्यू करके अस्पताल पहुंचाया। घटना फरीदपुर थाना के अहीर गोटिया गांव की है।

### हिमाचल सीएम बोले- पर्यटक नदियों-पहाड़ों के पास ने जाएं

हिमाचल प्रदेश में बादल फटने की घटनाओं पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखू ने कहा- पर्यटकों से अनुरोध है कि नदियों, नालों या ऊंचे पहाड़ों के पास जाने से बचें। शहरी इलाकों में उन्हें कोई खतरा नहीं है। राज्य के भीतरी इलाकों में लैंडस्लाइड की घटनाएं हो रही हैं। ऐसे में उन इलाकों जाने से बचें।

**ओडिशा में स्वर्णरेखा नदी उफान पर, 100 गांवों में बाढ़:** ओडिशा के बालासोर जिले में बाढ़ जैसे हालात हैं। अधिकारियों ने बताया कि जिले करीब 100 गांवों में खेत और मकानों में पानी भर गया है। इलाके में भारी बारिश और झारखंड की ओर से छोड़े गए पानी की वजह से स्वर्णरेखा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। इससे भोगरी, बलियाबाल, जलेस्वर और बस्ता ब्लॉक में बाढ़ आ गई है।

**वाराणसी में गंगा का जलस्तर बढ़ा, प्रशासन हाई अलर्ट पर:** वाराणसी में गंगा का जलस्तर बढ़ गया है। नदी सामान्य से चार लेवल ऊपर बह रही है। पानी घाट की ऊपरी सीढ़ियों के नजदीक आ गया है। गंगा स्नान करने आए श्रद्धालुओं को लगातार अनाउंसमेंट करके चेतावनी दी जा रही है। जिला प्रशासन हाई अलर्ट पर है।

## साइबर ठगी का शिकार हुए विधायक शशिभूषण मेहता, 1.27 लाख की ठगी

**रांची:** झारखंड में बीते कुछ दिनों से साइबर ठगी के कई मामले सामने आ रहे हैं. लोगों को लालच देकर अलग-अलग तरीकों से अपने झांसे में फंसाया जा रहा है. अब तो साइबर ठगों की हिम्मत इतनी बढ़ गयी है कि उन्होंने विधायक तक को अपने झांसे में ले लिया. पांकी विधायक शशिभूषण मेहता को अपने जाल में फंसा कर साइबर ठगों ने उन्हें 1.27 लाख रुपये का चूना लगा दिया. विधायक ने मामले को लेकर साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है.

**गाड़ियों की नीलामी के नाम पर ठगी:** विधायक ने आवेदन में बताया कि बीते गुरुवार की सुबह करीब 9 बजे उन्हें रितेश कुमार नामक एक व्यक्ति ने कॉल किया. उसने खुद को जीएसटी कस्टम अधिकारी बताया और कहा कि पश्चिम बंगाल के मालदा में जीएसटी कस्टम विभाग द्वारा जब्त गाड़ियों की नीलामी की जा रही है. इसके बाद उसने विधायक के व्हाट्सऐप पर गाड़ियों की तस्वीर भेजी और बताया कि फॉर्च्यूनर गाड़ी की कीमत 12.70 लाख रुपये है.

### साइबर ठगों ने ऐसे बिछाया जाल

नीलामी की गाड़ी खरीदने में विधायक ने दिलचस्पी दिखायी, तो युवक ने कहा कि नीलामी में भाग लेने के लिए उन्हें गाड़ी की कुल कीमत का 10 प्रतिशत पहले भुगतान करना होगा. इसके बाद आरोपी रितेश कुमार ने उन्हें अनूप नामक व्यक्ति का नंबर दिया और कहा कि राशि का भुगतान उसके नंबर पर कर दें. अनूप से संपर्क करने पर उसने आकाश सिन्हा का बैंक खाता संख्या दिया गया और कहा कि राशि इस अकाउंट में डाल दें. विधायक ने बताया कि वह लोकसभा की प्राक्कलन समिति के अधिवेशन में भाग लेने के लिए उस दिन मुंबई गये हुए थे. इसी कारण उन्होंने उक्त राशि 1.27 लाख रुपये अपने निजी सहायक सरोज कुमार चटर्जी को आरोपियों द्वारा दिए अकाउंट नंबर पर भेजने को कहा. पैसे मिलने के बाद विधायक को एक रसीद भी भेजी गयी, जो कि फर्जी थी. पैसे मिलने के बाद से दोनों आरोपियों का मोबाइल नंबर स्विच ऑफ है. जब विधायक को ठगी का अहसास हुआ, तो उन्होंने थाना पहुंच कर मामला दर्ज करवाया.

## संक्षिप्त खबरें...

### झामुमो नेता संजीव बेदिया ने डीएफओ के हाथों 35 लोगों को दिलवाया टॉर्च



बड़कागांव(हजारीबाग) झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य सह जिला अध्यक्ष एवं झारखंड श्रमिक संघ केंद्रीय कोषाध्यक्ष संजीव बेदिया के नेतृत्व में गोंदलपुरा ग्रामीण को डीएफओ के हाथों हाथी से पीड़ित परिवारों को 35 लोगों को टॉर्च वितरण किया गया वहीं पर श्री बेदिया ने डीएफओ को कहा कि जितने भी गोंदलपुरा में हाथियों के द्वारा घर को क्षतिग्रस्त किया गया है उसका भुगतान 10 से 15 दिन के अंदर करवा दें वहीं पर डीएफओ ने आश्वासन देते हुए कहा की जितना भी जल्दी हो सके हम सभी ग्रामीणों को मुआवजा भुगतान करवा देंगे मौके पर उपस्थित झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय कुमार सिंह फालेंदर गंझू गिरजा भुईयां गुड़िया देवीबनेश्वर गंझू ,अजीत राम, सुतीर गंझु पूनम देवी ,सुमन देवी , मो गुजरी ,सरोदे देवी ,बसंती देवी ,किरण देवी ,रेशमा देवी ,संध्या देवी ,बचाने देवी, सोनी देवी ,दीपक भुईयां कुंती देवी ,मीना देवी इत्यादि लोग उपस्थित हैं.

### पशुपालन विभाग ने लाभुकों के बीच मवेशी का किया वितरण



बड़कागांव(हज़ारीबाग)।हूल दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत प्रखंड पशु चिकित्सालय परिसर में 24 लभुको को चार बकरी एक बकरा ब्लैक बंगाल नस्ल का वितरण किया गया।इसके अलावा मवेशियों की बेहतर स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए दवा वितरण तथा मवेशियों का बीमा कराया गया। मुख्य अतिथि प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइया के हाथों लाभुकों के बीच वितरण किया गया। मौके प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर उज्जवल कुमार, जिला पशुपालन के प्रतिनिधि महेश कुमार,आपूर्तिकर्ता झारखंड पशु विकास फॉर्म के प्रतिनिधि महेंद्र ऑहदार, सुनील कुमार महतो, सागर कुमार,नितेश कुमार एवं मोहम्मद अली रजा उपस्थित थे।

### हाथियों का आतंक जारी, रोज मचा रहा है तबाही, ग्रामीण भयभीत



बड़कागांव(हज़ारीबाग)। बड़कागांव प्रखंड के कई गांव में 25 की संख्या झुंड हाथियों ने जोराकाठ गाली बलोदर ,राउतपारा गांव में जमकर तबाही मचाई है। पिछले 6 से 7 दिनों के अंदर तकरीबन 55 लोगों की मकान को हाथियों ने काफी नुकसान पहुंचाया है। इतना ही नहीं हाथी अब तक लगभग 125 किसानों के खेतों में लगी फसलों को भी बुरी तरह से बर्बाद कर दिया है। बीती रात सोमवार को हाथियों का झुंड नापो बरबनिया गांव में भी फसलों को बर्बाद किया है। यहां के बाद हाथी दो गुट में बट गए आधे हाथी इसको धमनदाहा और आधे हाथी लुरूँगा के जंगलों में पहुंच गए, 7 -8 घंटा बिछड़ने के बाद दोनों गुट हाथी पुनः एक साथ हो लिए और रावतपारा जंगल में भ्रमण कर रहे हैं। ज्ञात हो की हाथी के दो नवजात बच्चे है तेजी से चल पाने में असमर्थ है जिसके कारण हाथी भोजन के लिए आसपास के गांव में पहुंच जा रहे हैं और घरों को निशाना बना रहे हैं। हाथी वैसे घरों को अधिक निशाना बना रहे हैं जिनके घरों में महुआ, खुले में अनाज हो या महुआ की शराब बनता हो। हाथियों के प्रखंड के जंगलों में भ्रमणशील होने के कारण ग्रामीण काफी भयभीत हैं।

### भाजपा ने सिंगसिंगी ग्राम पंचायत में लगाया चौपाल,मोदी सरकार की गिनायी उपलब्धियां



संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : विश्रामपुर प्रखंड के सिंगसिगी ग्राम पंचायत मुख्यालय में भाजपा द्वारा मंगलवार को चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मोदी सरकार के ग्यारह साल के कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियों से आम लोगों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम के प्रभारी सह पूर्व प्रमुख संतोष चौबे ने कहा कि मोदी सरकार का बीता ग्यारह साल जन कल्याण व विकास के लिये समर्पित रहा। इस दौरान कारगर विदेश नीति के बदौलत भारत की वैश्विक स्तर पर व्यापक पहचान बनी। देश ने कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का अपील भी किया। मौके पर कयास चौधरी,विनोद चौधरी,हरिनाथ प्रसाद,कृष्णा विश्वकर्मा,इंद्रदेव विश्वकर्मा,पिंटू चौधरी,पार्वती देवी,रामचंद्र राम,शिवकुमार कुशवाहा,अनुज विश्वकर्मा,कुसुम देवी,रीमा देवी,गीता देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सक को रिश्वत लेते एसीबी ने किया गिरफ्तार



हजारीबाग। हजारीबाग जिले के चौपारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सक डॉ सतीश कुमार को एसीबी (भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो) की टीम ने मंगलवार को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ममता वाहन सेवा के संचालक उज्ज्वल सिन्हा ने एसीबी में शिकायत दर्ज कराई थी। प्रभारी चिकित्सक डॉ सतीश कुमार ने उनके 25,000 रुपए के बकाया बिलों पर हस्ताक्षर करने के लिए तीन हजार रुपए की मांग की थी। बता दें कि डॉ सतीश कुमार को उनके कार्यालय में रिश्वत लेते पकड़ा गया। उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था, इस घटना से स्वास्थ्य विभाग में हलचल मच गई है।

### युवक का शव झाड़ियों मे मिला, मां बोली- हत्या हुई है

देवघरः देवघर नगर थाना क्षेत्र के सलौनाटांड़ निवासी युवक वीरेंद्र महथा (19 वर्ष) का शव घर के पास झाड़ियां से बरामद किया गया. पड़ोसियों ने झाड़ियों में पड़ा वीरेंल का शद देख इसकी जानकारी घर वालों को दी. सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शव देख दहाड़ मारकर रो पड़े. मां सुलोचना देवी ने कहा कि बेटे की बेरहमी से हत्या की गई है. उसके गर्दन, पेट, गले और गाल पर चाकू से वार के गंभीर निशान हैं. वीरेंद्र महथा रविवार शाम से ही लापता थे. घर वालों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन कहीं पता नहीं चला. अंत में नगर थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच में जुट गई है.

## आधार कार्ड बना बालक को परिजनों से मिलाने का आधार



हजारीबाग। एक मानसिक दिव्यांग बालक, जो अप्रैल 2023 में भटकते हुए बाल कल्याण समिति,रांची को प्राप्त हुआ था। बाल कल्याण समिति, रांची के द्वारा आश्रय, देखभाल और संरक्षण हेतु बाल गृह जन जागरण केंद्र, बरही, हजारीबाग भेजा गया।मानसिक रूप से दिव्यांग होने के कारण बालक कुछ भी बोल या समझ पाने में असमर्थ था,कुछ दिनों पूर्व बालक के समुचित इलाज की व्यवस्था करते हुए बाल गृह द्वारा उसे सदर अस्पताल, हजारीबाग में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई एवं दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत करने की कारवाई प्रारंभ की गई,साथ ही बालक की पहचान सुनिश्चित करने हेतु आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई,इस क्रम में जिला परियोजना पदाधिकारी,यूआईडी प्रवीण कुमार से संपर्क किया गया। आधार पंजीयन के दौरान यह जानकारी प्राप्त हुई कि बालक का पूर्व से ही आधार कार्ड बना हुआ है, जिसके आधार पर उसकी पहचान की पुष्टि हुई। आधार विवरणों के अनुसार, बालक बिहार राज्य के मधुबनी जिले का निवासी पाया गया।तत्पश्चात, जिला बाल संरक्षण इकाई, मधुबनी से संपर्क कर बालक के परिवार का पता सत्यापित कराया गया। पुष्टि के उपरांत आज दिनांक 1 जुलाई 2025 को बालक की दादी, चाचा एवं चचेरा भाई हजारीबाग पहुंचे, जहां बाल कल्याण समिति, हजारीबाग के निर्देशानुसार बालक को विधिवत रूप से परिजनों को सौंप दिया गया।इस अवसर पर उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने परिजनों से मुलाकात की और बालक की भावी देखभाल, शिक्षा तथा स्वास्थ्य को लेकर आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में समाज और प्रशासन के संयुक्त प्रयास से बच्चों का पुनर्वास और संरक्षण सुनिश्चित किया जा सकता है।

## उपायुक्त का लगा जनता दरबार, एक दर्जन से अधिक फरियादियों ने लगाया गुहार



हज़ारीबाग। हजारीबाग समाहरणालय सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों की समस्याएं सुनीं तथा उनके शीघ्र समाधान हेतु सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस अवसर पर लगभग एक दर्जन से अधिक फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर उपायुक्त के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए। प्रस्तुत समस्याओं में पेंशन, आवास, विद्युत समस्या, दाखिल खारिज, अवैध भूमि कब्जा,भूमि विवाद, ऑन लाईन रसीद,भूमि अतिक्रमण, रास्ता एवं जलजमाव जैसी शिकायतें शामिल रहीं।उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने प्रत्येक आवेदक से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक मामले की शीघ्र जांच कर त्वरित एवं न्यायसंगत कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## मोहर्रम को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न



बड़कागांव(हज़ारीबाग)। मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर बड़कागांव थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल एवं संचालन सांसद प्रतिनिधि उमेश दांगी ने किया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध लोगों ने शांतिपूर्ण भाईचारगी के साथ पर्व मनाने की अपील किए। समाजसेवियों ने पुलिस - प्रशासन से महुदी विवाद को सुलझाने की बात कहा। थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने त्योहार मनाने का गाइडलाइन बताते हुए कहा कि साउंड लिमिट सीमा में ही बजाए अन्यथा कार्रवाई होगी। आगे उन्होंने कहा कि आपका जो लाइसेंस रूट चार्ट है उसी का अनुसरण करें, कोई नया रूट चार्ट ना अपनाए। प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी ने कहा कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले लोगों पर निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। इसलिए लोग सोशल मीडिया का दुरुपयोग ना करें। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि आपसी समरसता के साथ महुदी विवाद को सुलझाएं व एक दूसरे के पर्व- त्यौहार में सहयोग करें और शांति दूत बनने का काम करें। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, जिला परिषद सदस्य यासमीन निशा, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, अंचलाधिकारी मनोज कुमार, थाना प्रभारी नेमधारी रजक, राकेश ख्वास, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, मुखिया मो तकरीमुल्लाह, दीपक दास, बासदेव यादव, राजदेव महतो, बीगल चौधरी, पसंस उपेंद्र कु प्रसाद, रंजीत चौबे, कोशिला कुमारी,असीम फिरोज, खेमलाल महतो,सरोज सोनी,महेंद्र महतो,दामोदर प्रसाद मेहता, हाजी तबस्सुम,मो मोकेतुल्लाह, मो साबीर, मो इरफान,पप्पू खान,अली रजा,मो शमशेर,मो अलाउद्दीन अंसारी, सोनू इराकी,मजहर मालिक के अलावा दर्जन वालों की उपस्थित थे।

## हूल दिवस बवाल मामले में दो गिरफ्तार, राजनीतिक दल से जुड़े हैं



गोड्डा : हूल दिवस के अवसर पर बरहेट के भोगनाडीह में हिंसक झड़प मामले में नया मोड़ आ गया है. गोड्डा पुलिस ने इस मामले में दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है. इनके पास से हथियार व अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई है. पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है. पुलिस की पूछताछ में खुलासा हुआ है कि गिरफ्तार दोनों व्यक्ति भारतीय जनता पार्टी के बेहद करीबी हैं. भोगनाडीह में बवाल मचाने की योजना एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा थी.

गोड्डा पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले की विस्तृत जानकारी दी. एसपी के मुताबिक, दोनों युवकों की गिरफ्तारी गोड्डा नगर थाना क्षेत्र से हुई है. उनके पास से तीन अवैध हथियार भी मिले हैं.पुलिस को इस दौरान कई अहम जानकारियां हाथ लगी हैं. गिरफ्तार युवकों का राजनीतिक क्षेत्र में काफी प्रभाव बताया जा रहा है. प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि भोगनाडीह में हंगामा मचाने की तैयारी एक रणनीति के तहत की गई थी, जिसका उद्देश्य पूरे झारखंड में माहौल खराब करना था.

गौरतलब है कि सोमवार को हूल दिवस के मौके पर भोगनाडीह स्थित सिदो-कान्हू पार्क में पूजा करने को लेकर शहीद के वंशजों और पुलिस के बीच झड़प हो गई थी।इस झड़प में आदिवासियों ने पुलिस पर तीर-धनुष से हमला किया था, जिसके बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े और लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर-बितर करना पड़ा था. इस घटना के बाद से ही पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी थी, जिसके परिणामस्वरूप अब यह गिरफ्तारी हुई है.

## आजाद जागृति छात्र संघ ने धार्मिक स्थानों पर चलाया सफाई अभियान



बड़कागांव(हज़ारीबाग)। बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत झारखंड सरकार से निबंधित संस्था - एजेसीएस ने पारंपरिक त्योहार आषाढी पूजा से पूर्व शिवाडीह गांव में स्वच्छता अभियान के तहत धार्मिक स्थान देवी मंडप प्रांगण, महावीर मंदिर प्रांगण ,शिव मंदिर प्रांगण ,सहित गांव के कुछ अन्य स्थानों को साफ सफाई किया।सफाई के दौरान दो ट्रैक्टर कचरा निकाल कर साफ किया गया ताकि लोगों को सांप बिच्छू मच्छर बीमारी इत्यादि से नुकसान ना हो तथा वातावरण साफ एवं सुंदर बना रहे।संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य गणों द्वारा आम लोगों से अपील किया गया कि अपने आसपास साफ सफाई का ध्यान रखते हुए स्वच्छता बनाए रखें, ताकि वातावरण साफ एवं सुंदर रहे लोग बीमार न पड़े।

सफाई अभियान कार्यक्रम में मुख्य रूप से आजाद जागृति छात्र संघ के अध्यक्ष भादेश्वर प्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष श्रवण सोनी,सचिव विनोद प्रसाद, उपसचिव शिबू सोनी, कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार, सदस्य भुगेश्वर प्रसाद दांगी ,कुंज बिहारी कुमार ,दीनानाथ प्रसाद, अनुज कुमार ,अभिषेक कुमार, संजीवन कुमार ,रिझेश्वर प्रसाद, संजय राणा ,उदेश्वर प्रसाद, जितेंद्र कुमार, नंदलाल प्रसाद, एवं गंगाधर प्रसाद, ग्रामीण- गुलाबी प्रसाद दांगी, दिलीप कुमार, विनोद महतो अरविंद राणा यादि लोगों ने श्रमदान कर सफाई अभियान को योगदान दिया। मौके पर उपस्थित ग्राम अध्यक्ष खिरोधर कुमार के द्वारा सफाई निरीक्षण किया गया।

## सांसद तीर्थ दर्शन यात्रा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने सरयू स्नान और श्रीराम मंदिर का किया दर्शन



हज़ारीबाग। हज़ारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा संचालित सांसद तीर्थ दर्शन के प्रथम चरण की तीर्थयात्रा अपने दूसरे दिन अयोध्या नगरी में भावविभोर कर देने वाले अनुभवों के साथ आगे बढ़ी।कटकमदाग प्रखंड अंतर्गत खपरियावां एवं नवादा पंचायत के खपरियावां, नवादा और बनहा गांव से शामिल 180 श्रद्धालुओं ने पवित्र सरयू नदी के निर्मल जल में आस्था की डुबकी लगाई और उसके पश्चात भव्य श्रीराम मंदिर के दर्शन कर आत्मिक आनंद की अनुभूति की। यह पल श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत भावुक, अलौकिक और जीवन का अविस्मरणीय अध्याय बन गया श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीरामलला के दर्शन करते हुए उनके श्रीचरणों में मत्था टेका और अपने साथ-साथ सांसद मनीष जायसवाल के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और सतत जनसेवा के लिए प्रार्थना की। वहीं दूसरी ओर सांसद मनीष जायसवाल ने वीडियो कॉल के माध्यम से तीर्थयात्रियों से संवाद किया। सभी श्रद्धालु अत्यंत भावुक हो उठे और एक स्वर में उनका आभार प्रकट करते हुए कहा की सांसद जी, आपने हमें रामलला के दर्शन का जो सौभाग्य दिया है, वह जीवनभर नहीं भूल सकते।यात्रा के अगले चरण में बुधवार को श्रद्धालु प्रयागराज में त्रिवेणी संगम पर डुबकी लगाएंगे, जहाँ गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम आस्था का प्रतीक है। इसके उपरांत गुरुवार को विंध्याचल शक्तिपीठ में पूजा-अर्चना कर सभी श्रद्धालु हजारीबाग की पावन धरती के लिए प्रस्थान करेंगे। सांसद सेवा कार्यालय के कर्मी रूपम ओझा, अमन कुमार, प्रबीर मंडल सहित अन्य कार्यकर्ता तीर्थ यात्रियों के सेवा में मुस्तैद हैं ।

## आईजी ने पुलिस अधिकारियों संग की बैठक, क्राइम कंट्रोल व मोहर्रम को लेकर दिए निर्देश




बोकारोः बोकारो रेंज के आईजी क्रांति कुमार गड़देशी मंगलवार को धनबाद पहुंचे. समाहरणालय स्थित पुलिस सभागार में उन्होंने जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, सिटी एसपी, ग्रामीण एसपी और सभी डीएसपी के साथ क्राइम कंट्रोल व मोहर्रम को लेकर अहम बैठक की और जरूरी दिशा-निर्देश दिए. आईजी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि धनबाद का यह उनका पहला दौरा है. बैठक में जिले में अपराध प्रवृत्ति, पुलिस की कार्यशैली, संसाधनों की स्थिति और चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा हुई. अधिकारियों से फीडबैक लेकर उन्होंने रणनीति बनाने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए.

मोहर्रम को लेकर भी विशेष चर्चा की गई. आईजी ने सभी थानाध्यक्षों व पुलिस पदाधिकारियों को सतर्क रहने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया. कहा कि त्योहार के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है. बोकारो रेंज के अंतर्गत कुछ जिलों में हाल ही में आपराधिक घटनाएं हुई हैं, जिन पर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है. रेंज के सभी नए एसपी के साथ बैठकें कर समन्वय स्थापित किया जा रहा है, ताकि कानून व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके. उन्होंने स्पष्ट किया कि रेंज के किसी भी जिले में कानून-व्यवस्था भंग करने की किसी को भी इजाजत नहीं दी जाएगी और अपराध पर नियंत्रण के लिए सख्त कार्रवाई की जाएगी.

## भोगु से शंखा तक बन रहे एन एच 39 फोरलेन सड़क ब्रह्मौरिया के पास हुआ कीचड़ में तब्दील, ग्रामीण परेशान



संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : भोगू से शंखा तक बन रहे एन एच 39 फोरलेन सड़क ब्रह्मौरिया गांव के पास कीचड़ में तब्दील हो गया है। जिससे ग्रामीणों व राहगीरों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। और तो और मोटरसाइकिल व पैदल चल रहे लोगो कीचड़ में फिसलकर प्रतिदिन गिर रहे है। आपको बताते चले कि भारत वाणिज्य कंपनी द्वारा फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। कार्य के दौरान ब्रह्मौरिया गांव के पास मुख्य बाजार व चारमुहान है। ब्रह्मौरिया गांव घनी आबादी वाला क्षेत्र है। जहां चेचरिया,बरीगावां,अटरिया ,लालगढ़,भंडार,गूरी,बसना,पंज री सहित दर्जनों गांव के लोगो का काफी संख्या में प्रतिदिन आना-जाना है। वही बाजार परिसर से सटे अंडरपास भी निकला है। जहां भारी मात्रा में मिट्टी का कटाव कर व मिट्टी का भराव किया गया है। इनदिनों लगातार हो रही बारिश से मिट्टी कीचड़ के तब्दील हो चुका है। जिससे स्थानीय ग्रामीण व राहगीरों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। चुकी गांव में आने जाने का मात्र यही एक रास्ता है। जिससे कंपनी द्वारा मिट्टी भराव किया गया है। ग्रामीणों ने पलामू उपायुक्त से जांचोपरांत कार्य जल्दी कराने तथा कीचड़ में तब्दील सड़क को किलियर कराने की मांग की है। ताकि लोगो को परेशानियों से मुक्ति मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि कंपनी अंडरपास और चौक की आवा-गमन की सुविधा फिर से बहाल करते हुए कार्य करें। ताकि कोई परेशानी न हो। मौके पर अशोक तिवारी,मालिक दुबे,आशीष दुबे,राजा कुमार,संतोष दुबे सहित कई लोगो मौजूद थे।

उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा।
(सामान्य शाखा)

-::आम सूचना::-

सरकार के संयुक्त सचिव, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक–2184/राँची, दिनांक–04.04.2025 के द्वारा Arms Act 2016 के आलोक में NDAL ALIS Portal से संबंधित मामलों एवं Illegal foreigners & holding Centres के संबंध में आहुत VC में दिए गए निदेश एवं Arms act 2016 के नियम 15 की उपकंडिका 2, 3 एवं 4 में प्रावधानित नियम के आलोक मे Single UIN having more than two firearms को (शस्त्र) प्रत्यार्पित किये जाने का निदेश है।

उक्त के आलोक में श्री शिवनारायण बंधन राम भदानी, तिलैया को कार्यालय ज्ञापांक 363/सा0, दिनांक 12–04–2025 एवं ज्ञापांक 460 दिनांक 03–05–2025 एवं श्री मुरली मनोहर भदानी, सी.एच. स्कूल रोड़, पूर्णिमा टॉकिज के बगल वाली गली, झुमरी तिलैया को कार्यालय ज्ञापांक 362 दिनांक 12–04–2025 एवं ज्ञापांक 464 दिनांक 03–05–2025 के द्वारा शस्त्र अनुज्ञप्ति रद्द करने के पूर्व अपना पक्ष रखने हेतु नोटिस निर्गत की गई है। परन्तु शस्त्र अनुज्ञप्ति में दर्ज पता पर उपस्थित नही होने के कारण नोटिस का तामिला नही हो सका है।

अतः सामाचार पत्र के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि सूचना निर्गत होने के एक सप्ताह के अंदर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें अन्यथा एकपक्षीय कार्रवाई करते हुए आपकी शस्त्र अनुज्ञप्ति रद्द करने की कार्रवाई की जायेगी

उपायुक्त, कोडरमा।

PR.NO.356283 District(25-26):D

विज्ञप्ति सं० : झा०रा०यु०आ०–स्था०–05/2025– 01/2025–26
झारखण्ड सरकार
झारखण्ड राज्य युवा आयोग
(पर्यटन, कला-संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग)

इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रण सूचना

निविदा संख्याः – 01/2025–26, राँची, दिनांक : 01 जुलाई, 2025।

1. पर्यटन, कला–संस्कृति, खेल–कूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची की अधिसूचना संख्या 13, दिनांक 01.10.2024 की कंडिका (6) एवं वित्त विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या 2316/वि०, दिनांक 04.10.2024 के क्रम में झारखण्ड राज्य युवा आयोग, राँची में कार्यालय उपयोग के लिए वाह्य स्रोत से वाहनों की आपूर्ति किये जाने हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्त्ताओं का चयन/सूचीबद्धता एवं किराया वाहन के दर निर्धारण के लिए इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमंत्रित की जाती है।
2. विहित प्रपत्र में इच्छा की अभिव्यक्ति जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 17.07.2025 (अपराह्न 03:00 बजे तक) है। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद इच्छा की अभिव्यक्ति सम्बन्धी प्रस्ताव किसी भी स्थिति में प्राप्त नहीं किए जाएँगे। प्राप्त सभी प्रस्ताव दिनांक 17.07.2025 को अपराह्न 04:00 बजे आयोग की निविदा समिति के समक्ष खोली जाएँगी।
3. इच्छा की अभिव्यक्ति के प्रस्ताव देने वाले व्यक्तियों/प्रतिश्ठानों को अलग–अलग लिफाफे में तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव जमा करना होगा। केवल सफल तकनीकी प्रस्तावों के वित्तीय प्रस्ताव विचारणीय होंगे, अन्य के वित्तीय प्रस्ताव नहीं खोले जाएँगे। प्रस्तावों पर विचार करने हेतु निविदा समिति की बैठक में आवेदक स्वयं अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि ही भाग ले सकते हैं।
4. इच्छा की अभिव्यक्ति सम्बन्धी इच्छा की अभिव्यक्ति का प्रारूप एवं शर्त्तें तथा अन्य विवरण prdjharkhand.in से डाउनलोड किए जा सकते है।

ह०/–
(वेद रत्न मोहन)
संयुक्त सचिव–सह–सदस्य सचिव

PR 356244 Jharkhand State Youth Commission (25-26)_D

# संक्षिप्त खबरें

## हरिकनक ग्रेटर क्लब ने मनाई राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस व चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस



**संवाददाता रांचीः** लायंस क्लब ऑफ रांची हरिकनक ग्रेटर की ओर से वृक्षा रोपण,राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस एवं राष्ट्रीय चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन रिंग रोड रांची स्थित ट्यूलिप हॉस्पिटल मे किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्लब की ओर से पर्यावरण संरक्षण के लिए फलदार,छायादार एवं औषधीय वृक्ष रिंग रोड के सुरक्षित स्थानों मे लगाए गए। अपने संबोधन मे अध्यक्ष लायन अमित कुमार मिश्रा ने कहा डॉक्टरों की हर परामर्श उम्मीद से परिपूर्ण, निःस्वार्थ एवं आशा की नई किरण लेकर आती है इसलिए डॉक्टर हमेशा सम्माननीय हैं। साथ ही चार्टर्ड अकाउंटेंट उद्यमियों के वित्तीय मामलों को सही दिशा देकर राष्ट्र को मजबूती प्रदान करते हैं।मौके क्लब के डायरेक्टर लायन डॉक्टर राजेन्द्र कुमार हाजरा ने क्लब के बेहतर संचालन एवं गति प्रदान करने के लिए एक एम्बुलेंस डोनेट किया।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में शिक्षकों के लिए स्टेम डीएलडी कार्यशाला आयोजित



**संवाददाता रांचीः** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची द्वारा रांची सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स के अंतर्गत एक दिवसीय जिला स्तरीय वर्कशॉप का आयोजन स्टेम शिक्षा पर किया गया। इस वर्कशॉप के मुख्य फोकस क्षेत्र थे - पीयर लर्निंग, नॉलेज शेयरिंग, थॉट लीडरशिप, रिफ्लेक्शन आदि। वर्कशॉप के की-नोट स्पीकर सरला बिरला यूनिवर्सिटी, रांची के वाइस चांसलर प्रोफेसर सी. जेगनाथन थे जिन्होंने स्टेम शिक्षा को समय की आवश्यकता बताया। डॉ. पंकज कुमार गोस्वामी, डीन, इंजीनियरिंग, सरला बिरला यूनिवर्सिटी, रांची, हरजाप सिंह, प्रिंसिपल, श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल, रामगढ़ कैंट, हजारीबाग और श्रीमती परमिता साहा, प्रिंसिपल, लोयोला कॉन्वेंट स्कूल, रांची इस वर्कशॉप के अनुमोदन समिति के सदस्य थे। वर्कशॉप में रांची के विभिन्न स्कूलों से कुल 10 प्रेजेंटर शामिल हुए। उन्होंने जेंडर पैरिटी इन स्टेम एजुकेशन, सपोर्टिव स्टेम एनवायरनमेंट, क्रिएटिंग अ स्टेम लिटरेट सोसाइटी आदि विषयों पर प्रेजेंटेशन दिए।

## रोटरी क्लब ऑफ रांची का रक्तदान शिविर व हेल्थ चेकअप कैम्प आयोजित



**संवाददाता रांचीः** रोटरी क्लब ऑफ रांची एवं एनएसएस विंग डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को रक्तदान शिविर एवं हेल्थ चेकअप कैम्प का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन क्लब के वरिष्ठतम पूर्व अध्यक्ष भंडारी लाल एवं पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अनिल सिंह ने संयुक्त रूप से किया। रोटरी क्लब ऑफ रांची के नए सत्र के पहले दिन डीएसपीएमयू कैंटीन परिसर, मोराहबादी में रक्तदान सह स्वास्थ्य जांच शिविर में कुल 81 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इसके अलावा शिक्षकों के लिए हेल्थ चेकअप कैम्प का भी आयोजन किया गया। शिक्षकों का ब्लड प्रेशर, शुगर जांच कर उन्हें डॉक्टरों ने उचित परामर्श दिया। शिविर को सफल बनाने में रोटरी क्लब ऑफ रांची के नए अध्यक्ष अमित अग्रवाल, सचिव डॉ भावना तनेजा, राजीव मोदी, दीपक श्रीवास्तव, हरमिंदर सिंह, विनय छापरिया, अभय कृष्णा, अजय दीप वाधवा, रमेश धरणीधारका, रश्मि अग्रवाल, गौरव बागरॉय, गिरीश, आस्था, श्वेता सहित अन्य सदस्यों ने योगदान दिया। यह शिविर एनएसएस यूनिट, डीएसपीएम यूनिवर्सिटी के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने भी सक्रिय भागीदारी दिखाई।

## राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे पर अपना घर आश्रम में दिव्यांग निराश्रितों का हुआ स्वास्थ्य जांच



**रांचीः** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम दिव्यांग आश्रम सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में रह रहे मंदबुद्धि दिव्यांग निराश्रित प्रभु जी एवं आश्रम में उनकी सेवा करने वाले सेवादार साथियों का शहर के जाने-माने न्यूरो सर्जन डॉक्टर एच.पी.नारायण ने सबों को स्वास्थ्य की संपूर्ण जांच की। एवं आवश्यकतानुसार सबों को अपनी ओर से निःशुल्क दवाइयां दी। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल द्वारा डॉ एचपी नारायण को पुष्प गुच्छ देकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। डॉ॰ नारायण ने कहा कि कि 1 जुलाई को राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के रूप में मनाया जाता है। यह दिन महान चिकित्सक और भारत रत्न से सम्मानित डॉक्टर बिधान चंद्र रॉय की जयंती और पुण्यतिथि दोनों के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। वे पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री भी थे और चिकित्सा जगत में उनका योगदान अविस्मरणीय है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने रांची को दी 558 करोड़ की सौगात : सेठ

# परिवहन मंत्री नितिन गडकरी तीन जुलाई को करेंगे रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का लोकार्पण




**रांचीः** रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा कि रांची में एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण एक सपना के पूरा होने जैसा है। रातू रोड सहित रांचीवासियों का यह सपना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पूरा कर दिया है। अब यह रांचीवासियों की जिम्मेदारी है कि इस कॉरिडोर को स्वच्छ और सुंदर बना कर रखें। उन्होंने कहा कि तीन जुलाई को ओटीसी ग्राउंड पर इसका लोकार्पण समारोह होगा।

सेठ मंगलवार को अपने केंद्रीय कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं और नागरिकों से अनुरोध किया कि 558 करोड़ की लागत वाली इस सौगात के लोकार्पण के अवसर पर नितिन गडकरी का ऐतिहासिक अभिनंदन करें। उन्होंने कहा कि तीन जुलाई को ओटीसी ग्राउंड में 11 बजे आयोजित लोकार्पण समारोह और जनसभा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचें। उन्होंने कहा कि झारखंड में नगर निकायों में बिजली पर पांच फ़ीसदी सरचार्ज का प्रस्ताव तैयार करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। झारखंड में तो ऐसा लग रहा है जैसे सरकार नगर निकायों से सिर्फ वसूली की मुहिम चला रही है। एक तरफ नगर निगम ने 39 करोड़ रूपया होल्डिंग टैक्स हासिल कर लिया है और दूसरी तरफ फिर से पांच फ़ीसदी सरचार्ज लेने की तैयारी है।

सेठ ने कहा कि यह समझ से परे है कि आखिर सरकार जनता से सिर्फ वसूली क्यों करना चाहती है? प्रशासनिक अधिकारी कभी इन मुद्दों पर क्यों नहीं सोचते? बरसात की पहली बारिश में ही रांची की जो स्थिति हुई वह पूरे राज्य ने देखा। आज भी रांची के कई मोहल्ले में पानी जमा है। सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं। सड़क सुरंगनुमा हो चुकी है। हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। हर मोहल्ले में पाइप बिछाने के नाम पर गड्ढे खोद दिए गए हैं। नागरिकों को नगर निकाय क्षेत्र के नाम पर कोई सुविधा मुहैया नहीं कराई जा रही है। राजधानी की इस बदतर स्थिति का जिम्मेदार पूरी तरह से नगर निगम है। इन सब चीजों में सुधार की बजाय सिर्फ वसूली पर ध्यान देना जनता का शोषण है। उन्होंने अविलंब शासन-प्रशासन से बिजली सरचार्ज के इस प्रस्ताव को वापस लेने की मांग की। वह जनहित के कार्यों पर ध्यान लगाए।

इस दौरान विधायक सीपी सिंह ने कहा कि पाइप लगाने के नाम पर, सिवरेज ड्रेन के नाम पर सड़क को बर्बाद कर दिया गया है। विधानसभा में सवाल उठाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती है। नवीन जायसवाल ने कहा कि वर्षों से रातू रोड के लोग जाम से जूझ रहे थे, नितिन गडकरी जी के आशीर्वाद से जाम मुक्त रांची और रातू रोड होगा। राज्य सरकार ने रांची शहर के लोगों को भगवान के भरोसे छोड़ दिया है। नगर निगम नरक निगम में तब्दील हो चुका है।

इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ग्रामीण भाजपा जिला अध्यक्ष धीरज महतो, मांडर से भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो भी मौजूद रहे।

## रातू रोड फ्लाईओवर उद्घाटन की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने की जरूरी बैठक




**संवाददाता रांचीः** प्रस्तावित रातू रोड एलिवेटेड फ्लाईओवर राँची का उद्घाटन 3 जुलाई 2025 को किया जाएगा। इसकी तैयारियों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सभी संबंधित विभागों को समयबद्ध और समन्वित कार्यान्वयन के लिए स्पष्ट निर्देश दिए हैं। उपायुक्त द्वारा यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, अतिथियों के लिए प्रोटोकॉल, और उद्घाटन समारोह की व्यवस्था को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए। भजन्त्री ने जोर दिया कि उद्घाटन समारोह के दिन सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित हों।

**यातायात प्रबंधन करने के निर्देशः** उपायुक्त द्वारा उद्घाटन समारोह के दौरान रातू रोड और आसपास के क्षेत्रों में यातायात का सुगम संचालन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस और यातायात विभाग को निर्देश दिए गए हैं। भीड़ प्रबंधन, वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था, और वाहनों की पार्किंग के लिए उचित प्रबंध करने को कहा गया है।

**सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निर्देशः** उपायुक्त द्वारा समारोह स्थल और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है। आयोजकों और संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करने को कहा गया है। समारोह स्थल पर पेयजल, चिकित्सा सुविधा, और स्वच्छता की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं। बैठक में डीआईजी सह वरीय पुलिस अधीक्षक राँची, चंदन कुमार सिन्हा, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त राँची, सौरभ कुमार भुवनिया, ग्रामीण प्रवीण पुष्कर व शहर अजित कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर उत्कर्ष कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी, रांची राजेश्वरनाथ आलोक, पुलिस अधीक्षक यातायात रांची, संबंधित पुलिस पदाधिकारी व सम्बंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्य सचिव से मिले मारवाड़ी युवा मंच के सदस्य



**रांचीः** मारवाड़ी युवा मंच के प्रतिनिधिमंडल ने राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी से झारखंड प्रवास के दौरान मंगलवार को शिष्टाचार भेंट की। बताया गया कि मुलाकात का उद्देश्य मंच की ओर से दिल्ली में निर्माणाधीन युवा भवन की प्रगति की जानकारी देना। तथा संगठन की जनहितकारी गतिविधियों और आगामी योजनाओं पर संवाद स्थापित करना था। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश एम जैन ने बताया की पारसनाथ प्रवास के दौरान झारखंड प्रांतीय की अगुवाई में मुलाकात कर राज्यहित में बातों को रखा गया है। अध्यक्ष ने बताया कि मुख्य सचिव को मंच की राष्ट्रव्यापी सामाजिक, रचनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी और युवाओं की भागीदारी पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवा भवन के निर्माण से जुड़ी योजनाओं और प्रांतीय स्तर की भावी पहलों को साझा किया। उन्होंने बताया कि मुख्य सचिव अलका तिवारी ने मंच की सामाजिक सेवा में सक्रियता की सराहना करते हुए इसे युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया है। राज्य हित में मंच की भूमिका को उपयोगी बताते हुए भविष्य में हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। मुख्य सचिव से मुलाकात करने के दौरान मुख्य रूप से राष्ट्रीय सचिव मोहित नाहटा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राहुल अग्रवाल, प्रांतीय अध्यक्ष विशाल पाड़िया और प्रांतीय टीम से श्वेता जालान, श्वेता भाला, विकास झाझरिया, विकास अग्रवाल, अमित शर्मा, रोज़ी खंडेलवाल एवं चाईबासा से चंदा अग्रवाल मौजूद थे।

## भोगनाडीह की घटना को लेकर आदिवासी समाज में आक्रोश



**रांचीः** भोगनाडीह में हुई घटना के विरोध में आदिवासी समाज के लोगों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने आज संयुक्त रूप से विरोध मार्च निकालते हुए अलबर्ट एक्का चौक पर मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया और मुर्दाबाद के नारे लगाये। अध्यक्ष वरुण कुमार ने आरोप लगाया कि हेमंत सरकार खुद को आदिवासियों की सरकार बताती है, लेकिन उन्हीं के शासन में आदिवासियों पर लाठीचार्ज हो रहा है. यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। अध्यक्ष ने कहा कि उनके वंशजों को आज जुल्म सहना पड़ रहा है. उन्होंने कहा कि हथियार लाने की बात झूठी है. भोले-भाले आदिवासियों को फंसाया जा रहा है. हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। प्रदर्शन में प्रेम शाही मुंडा और गीता श्री उरांव समेत बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग और भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

### भोगनाडीह की घटना पर मंत्री इरफान की कड़ी प्रतिक्रिया

## हिन्दू-मुसलमान के बाद अब भाजपा आदिवासियों को लड़ाना चाहती हैः स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी



**संवाददाता रांचीः** जामताड़ा में स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से एक स्थानीय शिष्टमंडल ने मुलाकात की और भोगनाडीह में हूल दिवस के अवसर पर भाजपा द्वारा किए गए उकसावे और माहौल बिगाड़ने की कोशिशों की तीखी निंदा की। शिष्टमंडल ने मंत्री को बताया कि इस शर्मनाक घटना से संपूर्ण आदिवासी समाज में आक्रोश है और यह सिद्धू-कान्हू की बलिदान स्थली का अपमान है। डॉ. अंसारी ने इस घटना को लेकर गंभीर चिंता जताई और भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा "भाजपा श्रद्धांजलि देने नहीं, माहौल बिगाड़ने भोगनाडीह पहुंची थी। यह एक सोची-समझी साजिश थी-झारखंड की एकता, आदिवासी अस्मिता और हेमंत सरकार की स्थिरता पर हमला।" उन्होंने आगे कहा कि "जब हिन्दू-मुसलमान को आपस में लड़ा कर सत्ता नहीं मिली, तो अब भाजपा आदिवासियों को आपस में लड़ाने की कोशिश कर रही है। लेकिन झारखंड की ज़मीन पर यह साजिश सफल नहीं होने वाली।

मंत्री डॉ. अंसारी ने यह भी कहा कि वह जल्द ही इस साजिश के पीछे शामिल चेहरों को बेनकाब करेंगे। यह कोई सामान्य हंगामा नहीं था, बल्कि एक सुनियोजित हमला था सिद्धू-कान्हू की विरासत और झारखंड की सामाजिक समरसता पर। भाजपा की नफरत की राजनीति यहां काम नहीं आएगी।"

उन्होंने जोर देते हुए कहा की "हेमंत सोरेन जी की लोकप्रियता से भाजपा नेता घबराए हुए हैं। उनकी बौखलाहट अब साफ दिख रही है। लेकिन मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि भाजपा के किसी भी षड्यंत्र से हेमंत सरकार डगमगाने वाली नहीं है। शिष्टमंडल को आश्वस्त करते हुए मंत्री ने कहा "मैं झारखंड के हर आदिवासी और अल्पसंख्यक भाई-बहनों को भरोसा दिलाता हूं कि उनकी एकता और सम्मान की रक्षा के लिए मैं हर मोर्चे पर खड़ा हूं। भाजपा कितनी भी कोशिश कर ले, झारखंड में भाईचारे और विकास की भावना को नहीं तोड़ा जा सकता।

## डॉक्टर्स डे पर सुरेन्द्रनाथ सेंटेनरी स्कूल में अंगदान जागरूकता सत्र का आयोजन



**संवाददाता रांचीः** जुलाई का महीना हर वर्ष अंगदान माह के तौर पर मनाया जाता है| इसी उपलक्ष्य में डॉक्टर्स डे पर सुरेन्द्रनाथ सेंटेनरी स्कूल, रांची में अंगदान जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र रिम्स स्थित झारखंड राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन व सुरेन्द्रनाथ स्कूल के हेल्थ क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस सत्र का उद्देश्य छात्रों को अंगदान के महत्व के बारे में जागरूक करना था। सत्र में उपस्थित 11वीं और 12वीं के छात्रों को SOTTO के नोडल पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन ने भारत में अंगदाताओं की कमी, अंगदान से जुड़े भ्रम और एक दाता द्वारा कई लोगों की जान बचाने की क्षमता के बारे में विस्तार से बताया। वहीं SOTTO की IEC, मीडिया कंसलटेंट श्रीमती साल्विया शार्ली ने अंगदान को बढ़ावा देने में छात्रों के योगदान व कैसे अंगदान के लिए संकल्प लें के विषय में जानकारी दी। सत्र में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कई जिज्ञासापूर्ण प्रश्न भी पूछे। सत्र में सुरेन्द्रनाथ सेंटेनरी स्कूल के उप-प्राचार्य प्रसनजीत हाज़रा के अलावा डॉ निवेदिता वर्मा, असित प्रधान, ए के सिंह, राजेश कुमार मिश्रा, सुधा मिश्रा एवं नूतन पाठक सहित अन्य अध्यापक भी मौजूद थे।

# अबुआ अधिकार मंच ने लगाया नेत्र जांच शिविर

### सैकड़ो छात्र-छात्राओं ने करवाया अपने आंखो का जांच




**रांचीः** अबुआ अधिकार मंच व गरुड़ आई अस्पताल, रांची के संयुक्त तत्वावधान में एकदिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन डोरंडा महाविद्यालय, रांची में किया गया। इस कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कॉलेज कर्मचारियों के नेत्र स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें नेत्र संबंधी आवश्यक सलाह व उपचार प्रदान करना था। इस अवसर पर सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और अपनी आंखों की जांच करवाई। महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों, कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भी इस सुविधा का लाभ उठाया। कैंप में गरुड़ आई अस्पताल की विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने अत्याधुनिक उपकरणों के माध्यम से जांच की और उपस्थित लोगों को नेत्र देखभाल संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी दी।

अबुआ अधिकार मंच के रांची विश्वविद्यालय संयोजक अभिषेक शुक्ला ने कहा, बढ़ती डिजिटल उपयोगिता और मोबाइल स्क्रीन टाइम के कारण छात्रों की आंखों पर पड़ रहा असर चिंता का विषय है। इस पहल का उद्देश्य यही है कि समय रहते छात्र अपनी आंखों की सेहत को लेकर सजग हों।

अभिषेक शुक्ला ने बताया के आने वाले समय में रांची के विभिन्न विद्यालयों एवं कॉलेजों में भी ऐसे मुफ्त नेत्र जांच शिविरों का आयोजन किया जाएगा, ताकि छात्रों की सेहत से जुड़ी यह अहम जरूरत उपेक्षित न रह जाए। अबुआ अधिकार मंच के डोरंडा महाविद्यालय अध्यक्ष अमित तिर्की ने बताया कि नेत्र स्वास्थ्य को लेकर युवाओं में जागरूकता लाना आवश्यक है। मंच डोरंडा महाविद्यालय सचिव दिवाकर प्रजापति ने कहा के मंच का प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा छात्रों तक इस प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचे।

गरुड़ आई अस्पताल के वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ. तनवीर और बबलू महतो ने कहा कि समय-समय पर नेत्र जांच कराना आवश्यक है, विशेषकर छात्रों के लिए, ताकि भविष्य में होने वाली गंभीर नेत्र समस्याओं से बचा जा सके। इस नेत्र जांच शिविर को सफल बनाने मेंः अमित तिर्की, दिवाकर प्रजापति, अर्जुन, आकाश टेटे, सैलेष इक्का, अनुज मंडल, राहुल कुमार अंजना लिंडा, उमेश उरांव, कृष्ण लोहरा , दीपक साहू, सबिता, फ्रांसिस तिर्की, ऋषि नायक।

### जनता दरबार के माध्यम से मिला विकलांग पेंशन

# खुशी में युवक ने उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री को भेंट किये पौधे



**संवाददाता रांचीः** दस माइल तुपूदाना के रहने वाले छोटू महली... विकलांग हैं... आज जब वो समाहरणालय की सीढ़िया चढ़ रहे थे तो चेहरे पर मुस्कान थी और हाथों में फूलों का गुच्छा... उन्होंने उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रांची मंजूनाथ भजन्त्री से मुलाकात की और उन्हें धन्यवाद दिया। दरअसल छोटू महली कई बार विकलांग पेंशन के लिए आवेदन समर्पित कर चुके थे, काम नहीं हुआ तो उन्होंने उपायुक्त के जनता दरबार में फरियाद लगायी थी। पेंशन स्वीकृत भी हुई और बैंक खाते में दो महीने की पेंशन राशि भी आ गयी। खुश छोटू महली ने समाहरणालय की सुसज्जा के लिए पौधे भी भेंट स्वरुप दिये। उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री से बात करते हुए छोटू ने आवास दिलाने की भी फरियाद की। उपायुक्त द्वारा आश्वासन दिया गया कि उसे योजना का लाभ दिलवाया जायेगा।

जनता दरबार में कांके अंचल के कामता मौजा में एक ही जमीन की रसीद दो व्यक्तियों के नाम से निर्गत किये जाने का मामला आया। आवेदक द्वारा बताया गया कि खाता नंबर-4, प्लॉट नंबर- 112 एवं 81, रकबा-75 डिसिमल का निबंधन उनके नाम से है और 2025-26 तक ऑनलाइन रसीद भी निर्गत है और अब भू-माफिया की मिलीभगत से पंजी-2 में छेड़छाड़ करते हुए किसी और के नाम से ऑनलाइन रसीद निर्गत कर दी गयी। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच का आदेश दिया गया।

**गैरमजरुआ जमीन की मापी करेगी जिलास्तरीय टीमः** कांके अंचल अंतर्गत मौजा-रेण्डो में गैर मजरुआ जमीन में भू-माफियाओं द्वारा अवैध तरीके से कब्जा करने की शिकायत की गयी। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा गैरमजरुआ जमीन की जिलास्तरीय टीम द्वारा मापी कर उचित कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। जिलास्तरीय टीम में जिलास्तरीय पदाधिकारी, अमीन, संबंधित सीओ, सीआई और कर्मचारी होंगे। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा जनता दरबार में सरकारी जमीन पर कब्जे की शिकायत पर बीएनएस की सुसंगत धाराओं के तहत जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिये गये। बीएनएस की धाराओं के तहत सरकारी जमीन पर कब्जा करने पर 3-10 साल तक की सजा का प्रावधान है। लोगों की समस्या सुनने साथ-साथ उपायुक्त ने बुजुर्ग एवं महिलाओं से सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजना का लाभ मिल रहा है या नहीं इसकी भी जानकारी ली गयी।

## लेट सेशन मामले में परीक्षा नियंत्रक का घेराव



**संवाददाता रांचीः** वोकेशनल एवं नर्सिंग कोर्स की परीक्षा में हो रहे विलंब से आक्रोशित भिन्न भिन्न कॉलेज की आक्रोशित छात्र छात्राओं ने युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष कुमार रोशन के नेतृत्व में प्रभारी परीक्षा नियंत्रक विकास कुमार का घेराव कर दिया।

सत्र 2022-25 के बायोटेक सहित अन्य वोकेशनल कोर्स के पांचवे सेमेस्टर की परीक्षा अब तक नहीं हो पाई है जिस कारण सत्र एक साल विलंब होने के कगार पर है जबकि पोस्ट बेसिक नर्सिंग की सत्र 2022-24 की प्रथम वर्ष का परीक्षा फल अब तक प्रकाशित नहीं हो पाया है जबकि दूसरे वर्ष की परीक्षा भी अब तक नहीं ली गई है जिस कारण सत्र 1 वर्ष विलंब चल रहा है और जल्द से जल्द परीक्षा नहीं दी गई तो सत्र कम से कम 18 महीने विलंब हो जाएगा इसका मतलब यह हुआ की 2 वर्ष का कोर्स साढ़े तीन वर्षों में भी पूरा होने की स्थिति नहीं है

यूथ कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष कुमार रोशन ने परीक्षा नियंत्रक से इसका कारण पूछा एवं जवाब देही तय करने को कहा । परीक्षा नियंत्रक ने कर्मियों की कमी का हवाला देते हुए बेहतर प्रयास की बात कही । एवं 2022-24 के पोस्ट बेसिक नर्सिंग का प्रथम वर्ष का परीक्षाफल आज या कल ही जारी करने एवं 10 जुलाई तक इसके सप्लीमेंट्री का फॉर्म भरने पर सहमति बनी। परीक्षा नियंत्रक ने छात्रों को आश्वस्त किया कि वोकेशनल कोर्स के सत्र 2022- 25 का पांचवे छमाही की परीक्षा भी 10 जुलाई तक लेने हेतु नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा।

इसके बाद छात्रों का घेराव समाप्त हो गया मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस कुमार रोशन ने कहा कि यदि 10 जुलाई तक इन सभी मामलों पर संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई तो परीक्षा विभाग में तालाबंदी की जाएगी। मौके पर शहर के जानेमाने चिकित्सक सह कांग्रेसी नेता पी नैय्यर ने कहा कि छात्रों का सेशन लेट होना उनके हक एवं अधिकारों का हनन है इसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सकारात्मक आश्वासन के बाद घेराव समाप्त किया गया।

# संक्षिप्त खबरें...

## लोहे के पोल में बांधकर युवक के साथ गई मारपीट, आरोपियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की मांग



कोयलांचल संवाद संवाददाता

टंडवा (चतरा) थाना क्षेत्र के एनटीपीसी गेट नंबर दो के समीप एक युवक को पोल में बांधकर बुरी तरह से मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना पिछले दिनों 28 जून शनिवार की है जिसमें भुक्तभोगी हजारीबाग के हुरहुरु निवासी आशीष पासवान पिता दीपक पासवान तथा सिरसी के रहनेवाले मोनू कुमार पिता बिजन पासवान ने फोटोकॉपी दुकान संचालक सचिन गुप्ता पर तथ्यहीन आरोप लगाते हुए लोहे के पोल में बांधकर जानलेवा तरीके से मारपीट करने की लिखित शिकायत स्थानीय थाना में की है। आवेदन में बताया गया कि दोनों एनबीईटी ट्रांसपोर्ट में वाहन चलाने का काम करते हैं। सामानों को लेकर देर शाम एनटीपीसी आये थे, जहां जरुरत पड़ने पर कुछ आवश्यक कागजातों को जेरॉक्स कराने आरोपी के दुकान गये थे। लौटने पर दुर्भाग्यवश समय बीत चुका था जिससे माल खाली नहीं हो सका। वहीं सुबह हम दोनों को गाडीलौंग के रहने वाले फोटोकॉपी दुकान संचालक सचिन गुप्ता अपने पिता सुनील गुप्ता द्वारा बुलाये जाने पर पहुंचते हीं खाता से 40 हजार रुपए किसी अन्य के द्वारा हैक कराने का झूठा आरोप लगाकर दोनों ने युवकों पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। मारपीट का एक वीडीयो भी वायरल हो रहा है जिसमें एक युवक को पोल में बांधकर बुरी तरह से मारपीट की जा रही है जबकि वहां मौजूद कई लोग तमाशबीन बने देख रहे हैं। बताया जाता है कि बेसुध होने पर पुलिस हेल्पलाइन नंबर को दिये गये सूचना पर पुलिस ने भुक्तभोगीयों को हमलावरों से बचाकर पुलिस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज करवाया गया। बहरहाल, भुक्तभोगियों ने थाने में आवेदन देकर आरोपियों के विरुद्ध पुलिस प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

## बुजुर्गो को कानूनी रूप से जागरूक करने एवं उन्हें कानूनी हक दिलाने मे डालसा हर संभव सहयोग करेगा : डालसा सचिव धर्मेन्द्र कुमार



जमशेदपुर । जिला विधिक सेवा प्राधिकार जमशेदपुर के सचिव धर्मेंद्र कुमार ने जीवन ज्योति के प्रतिनिधिमंडल से अपने चैंबर मे बातचीत करते हुए कहा कि बुजुर्गों को कानूनी रूप से जागरूक करने एवं उन्हें कानूनी हक़ दिलाने में डालसा हर संभव सहयोग करेगा । इस दौरान बुजुर्गो के लिए काम कर रहीं सामाजिक संस्था जीवन ज्योति के प्रतिनिधिमंडल मे महासचिव मनोज मिश्रा, उपाध्यक्ष रवि शंकर, आर बी प्रसाद एवं अधिवक्ता सलावत महतो शामिल थे । जस्टिस धर्मेन्द्र कुमार ने जीवन ज्योति के प्रतिनिधिमंडल से वार्ता के क्रम मे बताया कि डालसा भी जीवन ज्योति के साथ संयुक्त रूप से कार्य करने को इच्छुक है । उन्होंने कहा बुजुर्गो से जुड़े घरेलू हिंसा के अनेक मामले न्यायलय एवं डालसा मे लगातार आ रहे है । इसके लिए समाज मे जागरूकता लाने की जरूरत है । संगठन के महासचिव मनोज मिश्रा ने कहा कि आने वाले पाँच सालो मे बुजुर्गों की संख्या काफ़ी तेजी से बढ़ेगी और यह कुल आबादी के 20-30 फीसदी तक हो सकती है । ऐसे मे बुजुर्गो के कल्याण से जुड़े अनेक कार्यक्रम बनाने की जरूरत है । संस्था के उपाध्यक्ष आर बी सहाय एवं रवि शंकर ने कहा कि बुजुर्गो को लेकर आने वाली चुनौती को ध्यान मे रखकर ही जीवन ज्योति अपनी दिशा और दशा तय कर रही है ।

## 16 पुलों की अनुशंसा की गई, जल्द ही काम शुरू होगाः विधायक जनार्दन पासवान



कोयलांचल संवाद संवाददाता

चतरा : जिस हसरत के साथ चतरा विधानसभा क्षेत्र की जनता ने मुझे विधायक बनाने को प्राथमिकता दी है। उस क्षेत्र को मैं प्राथमिकता दूंगा एवं जनता की अपेक्षाओं के प्रति संवेदनशील होकर निरंतर क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करता रहूंगा। चतरा के लोजपा विधायक जनार्दन पासवान ने आज चतरा समाहरणालय परिसर में पत्रकारों द्वारा क्षेत्र की समस्या के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में ये बातें कहीं। विधायक जनार्दन पासवान ने कहा कि यह मेरा तीसरा कार्यकाल है। इससे पहले भी वे यहां से विधायक रह चुके हैं। श्री पासवान ने कहा कि मजे की बात यह है कि सत्यानंद भोगता तीन बार विधायक रहने के साथ-साथ सरकार में मंत्री भी रहे। उसके बाद भी उन्होंने विकास के नाम पर सिर्फ कमीशनखोरी पर ध्यान दिया। मैंने फिलहाल 16 पुलों की अनुशंसा की है। सभी का स्थल निरीक्षण चल रहा है। जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। चतरा विधायक श्री पासवान कहा कि नगर परिषद क्षेत्र का दौरा कर समस्याओं से अवगत हुआ हूं। पेयजल संकट के समाधान के लिए सभी वार्डों में आवश्यकतानुसार जलमीनार बनाकर पेयजल आपूर्ति करने पर विचार कर रहा हूं। इस संबंध में संबंधित विभाग से मेरी बात हुई है। नगर परिषद क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत व निर्माण भी कराया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों की जर्जर सड़कों का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर शुरू कराया जाएगा।

## छुट्टे पैसे को लेकर पेट्रोल पंप कर्मियों से मारपीट

झरियाः झरिया थाना क्षेत्र स्थित चंद्रकांता पेट्रोल पंप पर मंगलवार को पेट्रोल भरवाने के बाद छुट्टे को लेकर हुए विवाद में कुछ युवकों ने जमकर उत्पात मचाया. पंप कर्मियों के साथ मारपीट भी की. पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. वारदात की जानकारी पंप कर्मियों ने झरिया थाना को दी. पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल में जुट गई. पेट्रोल पंप प्रबंधन ने झरिया थाना में घटना की लिखित शिकायत दी है. पेट्रोल पंप के मैनेजर दीपक सिन्हा ने बताया कि एक युवक ने पहले पेट्रोल भरवाया और छुट्टे पैसों को लेकर पंप के कर्मचारी से बहस करने लगा. मामला बिगड़ता देख उसे समझा-बुझाकर शांत करा दिया गया. युवक अपने घर लौट गया. कुछ देर बाद वह 8–10 साथियों के साथ दोबारा पंप पर आया. उनलोगों ने कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी. पूरी घटना सीसीटीवी में कैद है. पुलिस को सीसीटीवी फुटेज सौंप दी गई है. पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान में जुट गई है.

## सोनुआ बाजार में ट्रक की चपेट में आकर स्कूटी सवार महिला की मौत

चाईबासाः पश्चिमी सिंहभूम जिले के सोनुआ बाजार में मंगलवार को गैस सिलेंडर लदे ट्रक की चपेट में आकर एक स्कूटी सवार महिला की मौत हो गई. बताया जाता है कि सोनुआ प्रखंड के कोंकुआ गांव निवासी मांदुई चाकी (52 वर्ष) अपने बेटे मरतम चाकी के साथ स्कूटी से सुबह करीब 11 बजे खरीदारी करने सोनुआ बाजार जा रही थी. स्कूटी बेटा चला रहा था और महिला पीछे बैठी हुई थी. इसी दौरान चक्रधरपुर-गोइलकेरा मुख्य मार्ग पर सोनुआ मुख्य चौक के पास पीछे से तेजी से आ रहे गैस सिलेंडर लदे ट्रक ने स्कूटी को चपेट में ले लिया. दुर्घटना में स्कूटी पर पीछे बैठी मांदुई चाकी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका पुत्र बाल-बाल बच गया. घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई. सूचना पाकर सोनुआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को कब्जे में ले लिया. पुलिस ने शव को सड़क से उठाकर पोस्टमार्टम के लिए चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल भेज दिया.

# सत्ता मे रहने वाले लोग सत्ता के विचारों के साथ हो सकते हैं लेकिन विकास के विचारों के साथ खड़ा नहीं हो सकते :- पूर्व डिप्टी सीएम, सुदेश महतो

### शहीद परिवार के वंशजो का अपमान झारखण्ड सरकार मे दुर्भाग्यपूर्ण :- सहिस



जमशेदपुर । आजसू पार्टी के पूर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह की अध्यक्षता में घाटशिला में मिलन समारोह का आयोजन किया गया , जिसमे झामुमो और कांग्रेस छोड़ सैकड़ो कार्यकर्ता आजसू पार्टी में शामिल हुए जिसमे मुख्य रूप से रामदेव हेमब्रम, सहबा हेमब्रम, बैजूनाथ सिंह, विकाश साहू, कंचन हेमब्रम, चीकू राम पातर हरि मुर्मू, निहिर भगत कौशिक भगत, सुशील भगत, मोहन भगत वही कांग्रेस नेता अमित पातर के साथ सुनील पातार, टिंकू नायक, विक्की पातार, सागर पातर, सुभम जी संजीव, सूरज, ममता, राजीव केडी, महेंद्रजीत, अमित, कुशुम जी,अनिल कर्मकांर, नितेन भगत, झामुमो नेता रफीक के नेतृत्व मे मकबूल, राजा, इजाज, अकबर, इजराइल, साजन, तौसिक, विनय भगत, समीर काकी, रतन भगत, दोती भगत, समीर भगत, निर्मल भगत, समेत सैकड़ो लोग पार्टी की सदस्यता लिए सभी क़ो पार्टी सुर्पिमो श्री सुदेश कुमार महतो जी ने पार्टी का पट्टा और माला पहना कर पार्टी मे विधिवत शामिल कराये और पार्टी के नीति और सिद्धांत की शपथ दिलाई गई. कार्यक्रम का संचालन सुखलाल हेमब्रम ने किया जबकि स्वागत भाषण पार्टी के जिलाध्यक्ष अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने किया । उक्त अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने कहा कि घाटशिला ने आजसू पार्टी क़ो नेतृत्व करने की क्षमता प्रदान किया हैं और मेरे भी आंदोलन की शुरआत घाटशिला के पावन धरती से हुई हैं । इस भूमि पर मेरे कार्यकाल मे एक भवन निर्माण किया था बिभूति बाबू के याद मे जिसका आज सुधी लेने वाला कोई नहीं हैं । चुनाव के बाद आज गांव मे सभी सगा अपने क़ो क्यू ठगा महसुस कर रहा हैं, सरकार आती हैं तो लोगो क़ो नौकरी देने का वादा करती हैं और बीते 5वर्षो मे 5लाख नौकरी देने के बजाय 5हजार भी नहीं दे पाई सरकार । सिंधु कान्हू के जिन वंशजो क़ो लाठी और गोली चलवाने का कार्य झामुमो की सरकार ने किया और उन शहीद के परिवार क़ो माली का नौकरी दिलाने का कार्य करती हैं और चपरासी बनाने का कार्य करती हैं । लेकिन आजसू पार्टी ने वैसे ही शहीद परिवार क़ो वही वंशजो मे से एक परिवार कें सदस्य मंगल मुर्मू क़ो पढ़ा लिखा कर आजसू पार्टी ने और उसके सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने इंजिनियर बनाया और उसे काबिल बनाया कि शहीद के घर मे शिक्षित लोग होंगे तो स्वराज से जुड़ेंगे । आजसू पार्टी ने वैसे ही शहीद परिवार के वंशजो मंगल मुर्मू जो शहीद सिंधु कान्हू परिवार से हैं क़ो इंजिनीयार बना उच्च पद पर बैठाने का कार्य सुदेश कुमार महतो ने किया । अन्य वक्तओ मे मुख्य रूप से सागेन हांसदा, प्रवीण प्रभाकर, हरेलाल महतो,स्वप्न कुमार सिंहदेव, डोमन टुडू, लक्ष्मी मुंडा, राजू कर्मकार, रवि शंकर मौर्या, सत्यनरायण महतो ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया । कार्यक्रम के सफल आयोजन मे मुख्य रुप से राजू कर्मकांर, वन विहारी महतो, संजय मलाकार, अप्पू तिवारी, संजय सिंह,संतोष सिंह , मंगल टुडू, श्रवण सिंह सरदार, ललित सिंह , सुधिर सिंह, हैरी अन्थोनी इत्यादि मौजद रहे ।

## विधायक राजेश कच्छप अनवार अहमद अंसारी की तबियत खराब की खबर सुन मिलने इरबा पहुंचे



ओरमांझी(मोहसीन):खिजरी विधायक राजेश कच्छप मंगलमय को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष एवं एआईसीसी माइनॉरिटी डिपार्टमेंट के उपाध्यक्ष अनवार अहमद अंसारी की तबीयत खराब की सूचना मिलने पर अनवार अहमद अंसारी के निजी आवास इरबा पहुंचे.और गुलदस्ता भेंट कर अनवार अहमद अंसारी के बेहतर स्वास्थ्य की कामना करते हुए कहा की 2 दिन पहले मुझे अनवार अहमद अंसारी के हार्ट अटैक आने की सूचना मिली थी, परंतु में दिशूम गुरु शिबू सोरेन को देखने दिल्ली गया हुआ था,जहां उनका इलाज चल रहा है,गुरुजी अभी स्वस्थ हैं,वहीं उन्होंने अनवार अहमद अंसारी से कहा की आज की परिपेक्ष में बीमारियां तेजी से बढ़ रही है,जिस पर लोगों को विशेष ध्यान देने की जरूरत है,लाखों लोगों के दुआओं और ईश्वर की कृपा से आप स्वस्थ होकर अस्पताल से घर लौट आये हैं, मालूम हो कि तीन दिन पहले अनवार अहमद अंसारी को हार्ट अटैक आया था, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिये मेदांता हॉस्पिटल इरबा पहुंचाया गया था,जहां डॉक्टर नीरज प्रसाद की देख रेख में बेहतर इलाज के बाद मंगलवार की दो पहर उन्हें घर लाया गया.अनवार अहमद अंसारी ने बताया कि ईश्वर की कृपा से मैं अभी ठीक हूं.परिवार वालों व डॉक्टर्स की तत्परता और अल्लाह की रहम से तीन स्टंट लगाए गए और अब में खतरे से बाहर हुँ।डाक्टरों की टीम की मेहनत से ऑपरेशन सफल रहा है और तबीयत में लगातार सुधार हो रहा है।अल्लाह के रहम व करम से और सभी के दुआ से जल्द पूर्ण रूप से स्वस्थ होकर सभी के बीच लौटेंगे और जनसेवा के अपने मिशन को आगे बढ़ाएं। वहीं उन्होंने लोगों से शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए दुआ करने की अपील किया हैं।मौके पर मुख्य रूप से उप प्रमुख रिजवानअंसारी,हैदर अंसारी,हुमायूं उर्फ नईम अंसारी,रशीद अंसारी मुबारक अंसारी, मोहसीन आलम,पंचू तिर्की सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## चतरा महाविद्यालय चतरा का 65 वां वार्षिकोत्सव सह स्थापना दिवस हुआ संपन्न

कोयलांचल संवाद संवाददाता







चतराः जिले के ख्याति प्राप्त लब्ध प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान चतरा महाविद्यालय चतरा के 65 वें स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार को महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव सह स्थापना दिवस समारोहपूर्वक भव्यता के साथ आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद चतरा कालीचरण सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ.चंद्रभूषण शर्मा तथा चतरा विधायक जनार्दन पासवान की गरिमापूर्ण उपस्थिति रही। शिक्षा संकाय के सभागार में इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया। दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार झा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। प्राचार्य महोदय ने विगत एक वर्ष के कार्यकलापों का विवरण प्रस्तुत करते हुए महाविद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को अनुशासन के महत्व को समझाते हुए अनुशासनात्मक परिवेश में रहकर पढ़ाई करने की सलाह दी। तत्पश्चात बीएड विभाग के विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री कालीचरण सिंह सांसद चतरा, विशिष्ट अतिथि जनार्दन पासवान विधायक चतरा तथा विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर चंद्रभूषण शर्मा ने शुभकामनायें और आशीर्वचन दिए। कुलपति महोदय ने अपने आशीर्वचन में नई शिक्षा नीति के बारे में विस्तार से जानकारी देने का प्रयास किया। सांसद एवं विधायक ने भी अपने आशीर्वचन में महाविद्यालय को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। स्थापना दिवस के अवसर पर दिनांक 24 जून से लेकर 30 जून तक महाविद्यालय में जितनी भी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी उन सभी का पुरस्कार वितरण भी आज मुख्य अतिथियों के द्वारा किया गया। इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉ. ज्योति प्रधान को सर्वश्रेष्ठ शिक्षक एवं छोटू हेमब्रम को गेम कोच के लिए भी कुलपति महोदय के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मॉडल कॉलेज चतरा के प्राचार्य डॉ. मनीष दयाल, महिला महाविद्यालय चतरा के प्राचार्य डॉ. डी.एन. राम,चतरा महाविद्यालय चतरा के पूर्व प्राचार्य डॉ. टी. एन.सिंह,लाला प्रीतम बीएड कॉलेज के प्राचार्य लाला जी तथा तमाम मिडिया बंधु, मौजूद थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बीएड संभाग के विभागाध्यक्ष नंदकिशोर सिंह, प्रो. प्रेम बसंत बाखला,डॉ. शोभा कुजुर, कंचन सोए मुरुम , प्रो. अमित कुमार सिंह एवं चतरा महाविद्यालय चतरा के प्रो. बालेश्वर राम, डॉ. बिस्मिल्लाह खान,डॉ. अंशुमय लायेक , प्रो. चंद्र कांत कमल प्रो. अमित प्रवीण तिग्गा एवं सभी प्राध्यापकगण तथा सभी शिक्षकेत्तर कर्मी तथा छात्र छात्राओ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## डॉक्टर्स डे पर ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन,90 यूनिट रक्त संग्रह



जमशेदपुर । आदित्यपुर मे मंगलवार को 100 से अधिक लोगो ने ब्लड डोनेट किया। डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया गया था। डोनेशन कैम्प का आयोजन रोटरैक्ट क्लब जमशेदपुर मिडटाउन की और से आदित्यपुर मगध सम्राट हॉस्पिटल पर आयोजन हुआ। रक्तदान शिविर में 100 से अधिक लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। ब्लड बैंक के अनुसार 90 यूनिट से अधिक ब्लड सभी ने डोनेट किया। रक्तदान के संपन्न होने के बाद साथ ने रक्तदान कर आमजन को जागरूक करने और मरीजों की सेवा करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सरायकेला पूर्व सिविल सर्जन के जाने माने डॉक्टर विजय कुमार, डॉ ज्योति, एवं रोटरी क्लब के अधिकारी , पदाधिकारी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।ब्लड बैंक शिविर का नेतृत्व रोट्रेर्ट प्रेजिडेंट राजेश्वर जयसवाल और सेकेंट्री गोपाल कृष्ण एवं सरायकेला खरसवान ब्लड बैंक के सारे कर्मचारी और सहयोगी उपस्थित रहे।

## मुहर्रम पर्व को लेकर ओरमांझी थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित



ओरमांझी(मोहसीन):मुहर्रम पर्व को लेकर ओरमांझी थाना परिसर में मंगलवार को थाना प्रभारी अनिल तिवारी की अध्यक्षता में शान्ति समिति की बैठक आयोजित किया गया.और थानाध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने त्योहार में खलल डालने वालों पर कार्रवाई की चेतावनी दी. और कहां की शांति व्यवस्था बहाल करने के लिए चौक चौराहा पर पुलिस बल तैनात किए जाएंगे,बैठक का संचालन पूर्व उपप्रमुख जयगोविंद साहू ने किया.बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा यह क्षेत्र हमेशा से शांति प्रिय रहा है सभी धर्म लोग आपस में मिलजुल पर्व त्योहार को मनाते आए हैं और यह मुहर्रम भी आपसी भाईचारा के साथ मनाएंगे ऐसा मेरा पुरा विश्वास और भरोसा है किन्तु प्रशासन को समाज के अगुआ करने वाले को सतर्क रहने की जरूरत है.वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया ने सरकार का गाईड को विस्तार से जानकारी दी और आयोजकों से भीड़ पर नियंत्रण रखने व डीजे बाजा पर नियंत्रण रखने को कहा जहां भी जरूरत हो सभी जगहों पर प्रशासन मुस्तैदी से अपना काम करेगी साथ ही उन्होंने ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा यह क्षेत्र अमन चमन का क्षेत्र है

वहीं थाना प्रभारी अनिल तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा शांति समिति के लोगों का पर्व त्योहार में विशेष जिम्मेदारी बनती है उसे निभाते रहना है प्रशासन आपके खड़ी है।

बैठक में मुख्य रूप से उपप्रमुख रीजवान अंसारी पूर्व उपप्रमुख मुन्तज़िर अहमद रजा प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष दीपक बडाईक पुजा समिति अध्यक्ष रामकुमार महतो कुदुसअंसारी खालीक खान रहिम अंसारी साकिर अंसारी मोबारक अंसारी आफताब आलम मोती लाल महतो सत्तार अंसारी अजित महतो अमित राज शिवनाथ मुण्डा मुमताज अंसारी सलीम अंसारी जैनूलअंसारी वारीस अंसारी मुस्तकीन अंसारी संजीव महतो नाजीर खान साकिब अंसारी औरंजेब अंसारी सुरेंद्र कुमार महतो अखतर अंसारी आफताब आलम मनिनाथ सिंह सुरज लोहरा सहित काफी संख्या में शांति समिति के लोग उपस्थित थे।

## जर्जर सड़क से चंगेर गांव के ग्रामीण हलकान, जिला प्रशासन से सड़क बनवाने की मांग की

कोयलांचल संवाद संवाददाता



चतराः जिला मुख्यालय से मात्र दो किलोमीटर पर स्थित चंगेर गांव वर्तमान समय मे वर्षा से सड़क बहुत ही जर्जर हो गई है ।जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में बहुत ही परेशानी हो रही है। चंगेर टीकर पंचायत का एक रेवन्यू गांव है।इस कच्ची सड़क से कसियाडीह सहित कई अन्य गांव के लोग इस रास्ते से आवागमन करते हैं।इस संबंध में गांव के बीरेन्द्र यादव, अमर गंझु,सानु यादव, महेन्द्र यादव ने बताया कि चंगेर गांव में हाई स्कूल है वहां पर सैकड़ों बच्चें पढ़ते है। उन्हें स्कूल जाने आने में काफी परेशानी हो रही है। कई बार बच्चें उसे कीचड़ में गिर भी चुके हैं और घायल भी हुए हैं साथ ही साथ बाइक सवार भी कई बार घायल हो चुके हैं। फिर भी जिला के पथ विभाग मौन है। जब कोई बड़ा हादसा हो जाएगा तब जाकर प्रशासन नींद से जागेगी ।बच्चे उसी कच्ची सड़क के कीचड़ से उनके पोशाक भी गंदे हो जातें हैं।साईकिल भी फंस जाती है।कई बच्चे साईकिल से गिर कर चोटिल हो जा रहे हैं। इतना ही नहीं ग्रामीणों के बाईक व कई अन्य वाहन जर्जर व कीचड़ युक्त सड़क में घंटो फंस जा रहे है।ग्रामीणों ने बताया कि वर्षो से इस कच्ची सड़क की मरम्मति और न ही किसी प्रकार का कार्य हुआ है।जबकि इस गांव में लगभग 300 घर के लगभग 600 से अधिक लोग निवास करते है।ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से इस ओर ध्यान देने की मांग की है। सड़क की मांग करने वालों में जागेश्वर यादव शंभू यादव प्रकाश यादव कमलेश यादव अजय यादव चंद्रिका प्रसाद दांगी संजय दांगी कुलदीप यादव सिकंदर यादव त्रिलोकी मोची जोधन यादव पप्पू कुमार राजेश यादव बीकू यादव बिगू भारती तपेश्वर यादव बिनेश्वर यादव सहित कई अन्य शामिल हैं।

## गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर हथियार व मोटरसाइकिल बरामद, अभियुक्त को भेजा गया जेल

कोयलांचल संवाद संवाददाता



चतराः टंडवा थाना क्षेत्र के तेलियाडीह गांव के निवासी धनेश्वर साव के आवेदन पर कांड के प्राथमिकी अभियुक्त सिकेंद्र राम उर्फ जगदीश राम को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त की निशानदेही पर एक 315 बोर का देशी राइफल, एक 315 बोर का देशी राइफल टूटे बट व घटना में प्रयुक्त ग्लैमर मोटरसाइकिल जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर--JH-02AQ-9516 तथा एक रेडमी कंपनी का स्मार्ट फोन बरामद किया गया। उक्त बातें एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने आज अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही।

ज्ञात हो कि एसपी सुमित कुमार अग्रवाल जिले में अपराधियों पर नकेल कसने के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। धनेश्वर साव ग्राम तेलियाडीह द्वारा टंडवा थाना में आवेदन दिया गया था। टंडवा थाना में कांड संख्या-121/2025 दिनांक-30.06.2025 धारा- 127(2)/115(2)/303(2)/352/351(2)/351(3)/3(5) भारतीय दंड संहिता एवं 17(i)(i) सीएलए एक्ट दर्ज किया गया है। कांड के उद्भेदन हेतु एसपी श्री अग्रवाल के निर्देशानुसार एसडीपीओ टंडवा प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल द्वारा प्राथमिकी अभियुक्त सिकेंद्र राम उर्फ जगदीश राम, पिता द्वारिका राम, ग्राम मिश्रौल टोला खिखिर कोड़ा थाना टंडवा, जिला चतरा के घर पर छापेमारी की गई। छापेमारी के क्रम में अभियुक्त सिकेंद्र राम उर्फ जगदीश राम को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया तथा गिरफ्तारी के दौरान उसके पास से एक रेडमी कंपनी का मोबाइल फोन जब्त किया गया तथा अपराध स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर घटना स्थल के समीप झाड़ी से एक 315 बोर का देशी राइफल तथा घटना में प्रयुक्त कबीर गंझू का ग्लैमर मोटरसाइकिल जिसका रजिस्ट्रेशन नं.-JH-02AQ-9516 कबीर गंझू के घर से बरामद किया गया है।

स्वीकारोक्ति बयान में उसके द्वारा बताया गया कि इस घटना में 3 अन्य लोग शामिल थे। फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास महिला थाना (चतरा) कांड संख्या-24/2019 दिनांक 06.12.2019 में दण्ड संहिता की धारा-302 के तहत दर्ज किया गया है।

चतरा पुलिस अधीक्षक श्री अग्रवाल ने बताया कि छापेमारी दल में प्रभात रंजन बरवार, एसडीपीओ टंडवा, उमेश राम, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी, टंडवा, पुलिस अवर निरीक्षक सुनील सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक अनंत कुमार दुबे तथा टंडवा थाना रिजर्व गार्ड के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें...

### समस्तीपुर में शादी के 9वें दिन दुल्हन की मौतः पति बोला-एक्सीडेंट हुआ; पिता ने कहा-मर्डर है

समस्तीपुर. समस्तीपुर में सोमवार को एक नवविवाहिता की शादी के 9वें दिन संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। सूचना मिलने पर लड़की के परिवार वाले जब मौके पर पहुंचे तो देखा बेटी का शव पड़ा है। जबकि, दामाद बगल में सिगरेट फूंक रहा है। मायके वालों का कहना है कि बार-बार फोन करने पर दामाद ने फोन उठाया और सास को बताया- 'रोड एक्सीडेंट में आपकी बेटी की मौत हो गई।' परिजनों के मुताबिक, उसे अपनी पत्नी की मौत का कोई गम नहीं था। लड़की के पिता का कहना है कि साजिश के तहत उनकी बेटी की हत्या की गई है। पिता ने बताया, 'एक दिन पहले दामाद ने बेटी के साथ गाली-गलौज की थी। इसके बाद वह घर से भाग गया था। बाद में उसे पकड़कर वापस लाया गया।' लड़की के परिजनों के अनुसार, हत्या को ससुरालवालों की ओर से एक्सीडेंट का नाम दिया जा रहा है। मृतका की पहचान विभूतिपुर थाना क्षेत्र के देसरी संजात गांव निवासी विकास कुमार की पत्नी नंदनी कुमारी (18) के रूप में की गई। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामला रोसरा थाना क्षेत्र के डाकबंगला चौराहे के पास का है। खानपुर थाना क्षेत्र के मधुबन गांव के दीप नारायण सहनी ने बताया, '22 जून को नंदिनी की शादी देसरी संजात गांव के निवासी रामदेव सहनी के बेटे विकास के साथ की थी। विकास टोटो चलाता है।' 'शादी में दहेज के तौर पर उसे दो लाख कैश, एक बाइक और डेढ़ भर सोना दिया। 26 जून को चौठारी के बाद बेटी घर आई थी। साथ में दामाद भी आया था।' 'दामाद घर आए, तो पलंग और सोने के लिए बेटी को ताना दे रहे थे। 29 जून को दोनों में बहस होने लगी। दामाद ने बेटी को गाली दी और घर से भाग गया।'

### मौत के 5 महीने बाद घर पहुंचा मजदूर का शव

सारण. सारण के दाउदपुर थाना क्षेत्र स्थित कोहड़ा गांव निवासी भुटेली खान(52) की पांच महीने पहले सऊदी अरब में एक हादसे में पांच महीने पहले मौत हो गई थी। आज जैसे ही उनका शव गांव पहुंचा, परिजनों में कोहराम मच गया। शव को देखते ही मृतक की पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। वहीं शव पहुंचने की सूचना पर ग्रामीणों की भारी भीड़ भुटेली खान को अंतिम विदाई देने उमड़ पड़ी। मिली जानकारी के अनुसार भुटेली खान सऊदी अरब के नेसमा पार्टनर कंस्ट्रक्शन कंपनी में बतौर राजमिस्त्री कार्यरत थे। इसी कंपनी के तहत अरामको प्रोजेक्ट का काम चल रहा था। 28 जनवरी 2025 को कार्य के दौरान कंपनी की ही एक वाहन की चपेट में आने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई थी। घटना के बाद से परिजन शव को भारत लाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे थे।

### शादीशुदा महिला 2 लड़कों से कर रही थी इश्कः पुराने प्रेमी संग मिलकर मार डाला

बेगूसराय. बेगूसराय में 27 जून को एक युवक रूपेश कुमार की हत्या की गई थी। पुलिस ने मर्डर की गुत्थी को सुलझा लिया है। रूपेश की हत्या लव अफेयर में हुई थी। वो अपनी गर्लफ्रेंड के साथ शारीरिक संबंध बनाना चाहता था,लेकिन उसकी प्रेमिका इसके लिए मना कर रही थी। रूपेश लगातार दबाव बना रहा था। दबाव से परेशान होकर उसने अपने दूसरे आशिक के साथ मिलकर प्लानिंग के तहत रूपेश की हत्या की।

### अनशन के कारण रीतलाल यादव की तबीयत बिगड़ी, बीपी-शुगर लोःडॉक्टर बोले-अब ठीक हैं

भागलपुर. राजद विधायक रीतलाल यादव की जेल में अचानक तबीयत बिगड़ी गई है। सोमवार की देर शाम उन्हें भागलपुर के कैंप जेल से अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनका ब्लड प्रेशर लो हो गया था। साथ ही शुगर लेवल भी लो था। डॉक्टर के अनुसार वो अनशन पर थे, जिसके कारण बीपी और शुगर लेवल गिर गया था। हालांकि वो किस बात को लेकर अनशन पर थे, ये स्पष्ट नहीं हो पया है। अस्पताल में रीतलाल यादव का अल्ट्रासाउंड और एक्सरे हुआ है। कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें कैदी वार्ड से रेडियोलॉजी विभाग लाया गया। रिपोर्ट कल आएगी। मंगलवार सुबह उनकी तबीयत पहले से बेहतर है। कैंप जेल में बंद राजद विधायक रीतलाल यादव अनशन पर थे। सोमवार शाम अस्पताल में इलाज और जांच के बाद डॉक्टर के मोटिवेट करने पर रीतलाल यादव ने हल्का खाना खाया। अनशन पर रहने के कारण बीपी और शुगर लेवल लो हो गया था। हालांकि, वो बीपी और शुगर के पेशेंट नहीं है।मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष राजकमल चौधरी की देखरेख में डॉक्टर रवि आनंद इलाज कर रहे हैं।

### नालंदा में मंदिर का ताला तोड़ चोरीःदुर्गा मां का टीका-नथ गायब, स्थानीय लोग आक्रोशित

नालंदा. नालंदा में थाना से महज कुछ कदम की दूरी पर 20 साल पुरानी दुर्गा मंदिर में बदमाशों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। मामला दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिपाही मोहल्ले की है। चोरी की सूचना जैसे ही मोहल्ले के लोगों के बीच फैली, मंदिर परिसर के पास भीड़ लग गई। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। घटना के संबंध में दुर्गा मंदिर के पुजारी पप्पू पांडे ने बताया कि उन्हें मोहल्ले के लोगों से सूचना मिली की मंदिर के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ है। मां को चढ़ाया गया श्रृंगार गायब है। दान पेटी भी गायब कर दी गई है। श्रद्धालुओं की ओर से चढ़ाया गया मां दुर्गा के लिए चांदी का मुकुट, नथिया, कमरधनी, टीका गायब था। पहिया खोलने वाले रिंच से संभवतः मन्दिर का ताला तोड़ कर बदमाशों ने शीशे के अंदर विराजमान मां के श्रृंगार की चोरी कर ली गई है।

### पूरे बिहार में आज आंधी और बिजली का येलो अलर्ट, दो जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

पटना. बिहार में मॉनसून अपने पूरे वेग में नहीं नजर आ रहा है। हालांकि, फिर भी छिटपुट जगहों पर तेज बारिश का दौर जारी है। इस बीच मौसम विभाग ने बुधवार 2 जुलाई को पूरे बिहार में तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना जताई है। इस दौरान कहीं-कहीं आकाशीय बिजली गिरने का भी खतरा रहेगा। मौसम विभाग ने पूरे बिहार में येलो अलर्ट जारी किया है। कैमूर और रोहतास जिले में एक-दो जगहों पर भारी बारिश की आशंका है। राजधानी पटना में भी बादल छाए रहने के साथ रिमझिम बरसात हो सकती है। पटना स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने मंगलवार को आगामी दिनों के लिए पूर्वानुमान जारी किया। इसके अनुसार मॉनसून की ट्रफ लाइन अभी श्रीगंगानगर, रोहतक, कानपुर, वाराणसी, झारखंड होकर पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी से गुजर रही है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी क्षेत्र और उससे सटे उत्तरी ओडिशा पर निम्न दबाव का क्षेत्र झारखंड एवं उसके आसपास के इलाकों के ऊपर बना हुआ है। इससे जुड़ा चक्रवाती परिसंचरण तंत्र फैला हुआ है। अगले 24 घंटे में इसके पश्चिम और उत्तर की ओर बढ़ने की संभावना है। बिहार में इसका असर देखा जा सकता है। मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार अगले 24 घंटे के दौरान बिहार के अधिकांश जिलों में एक-दो जगह पर तेज हवाओं के साथ बिजली कड़केगी। इस दौरान कहीं-कहीं हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। अगले दिन यानी गुरुवार (3 जुलाई) को पश्चिम चंपारण और कैमूर जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इस दौरान कोसी, सीमांचल, पूर्वी एवं दक्षिण बिहार में भी आंधी, बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट है।

### मां के थप्पड़ मारने से नाराज किशोरी ने छोड़ा घरःशेखपुरा पुलिस ने 24 घंटे में किया बरामद

शेखपुरा. शेखपुरा पुलिस ने टेक्निकल सेल की मदद से घर से फरार हुई 16 वर्षीय किशोरी को गया जंक्शन से बरामद कर लिया है। नगर थाना की पुलिस सब इंस्पेक्टर प्रीति कुमारी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। नगर थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि 29 जून को शेखपुरा नगर परिषद के जमुआरा गांव से किशोरी गायब हो गई थी। उसकी मां ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। किशोरी को मोबाइल पर फ्री फायर गेम खेलने की लत लग गई थी। वह दिनभर गेम खेलती रहती थी। इसी कारण घटना वाले दिन उसकी मां ने उसे एक चांटा मार दिया था। इससे नाराज होकर किशोरी अपना मोबाइल घर में छोड़कर चुपचाप भाग गई। भागने से पहले उसने गेम में बनी एक दोस्त को इसकी जानकारी दी थी। पुलिस ने किशोरी के मोबाइल से उसके दोस्त का पता लगाया। फिर गया रेलवे जंक्शन पहुंची। वहां एक महिला ने भटकती हुई किशोरी को अपने घर में शरण दी थी। पुलिस ने उसे वहीं से बरामद किया। किशोरी को मंगलवार को शेखपुरा लाया गया। उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## नीतीश कैबिनेट की बैठक में 24 एजेंडों पर लगी मुहरः पुनौराधाम को विकसित करने में 883 करोड़ रुपए होंगे खर्च





पटना. बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में 24 एजेंडों पर मुहर लगी है। सीतामढ़ी जिले के पुनौराधाम को अयोध्या की तरह पूरी तरह से विकसित करने के लिए एक बड़ी योजना बनाई गई है। इस काम पर करीब 883 करोड़ रुपए खर्च होंगे। सरकार ने इस योजना को मंजूरी दे दी है। इसमें पैसा कहां से आएगा, काम कैसे होगा और बाद में इसका देखभाल और संचालन कैसे होगा, इसकी भी पूरी तैयारी कर ली गई है। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए चुनाव में इस्तेमाल होने वाले मतपत्र छापने के लिए बिहार सरकार ने तय किया है कि कोलकाता की सरस्वती प्रेस लिमिटेड को यह काम करने की इजाजत दी जाएगी। सरकार ने यह अनुमति बिहार वित्त नियमावली 2024 के नियम 131द के तहत दी है।

### दुर्लभ कलाओं की दी जाएगी ट्रेनिंग

इसके अलावा बिहार सरकार ने 'मुख्यमंत्री गुरू-शिष्य परंपरा योजना' शुरू की है। इस योजना का मकसद है राज्य की पुरानी और खत्म होती कलाओं को बचाना और आगे बढ़ाना। इसके लिए 2025-26 में 1 करोड़ 11 लाख 60 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे। इस योजना में युवाओं को ऐसी दुर्लभ कलाओं की ट्रेनिंग दी जाएगी। उन्हें इन कलाओं के जानकार गुरुओं से सिखाया जाएगा ताकि ये कला रूप आगे भी जीवित रहें।

### किसानों के लिए कई योजनाओं की स्वीकृति

नेचुरल फार्मिंग योजना, 2025-26 में नेचुरल फार्मिंग (प्राकृतिक खेती) योजना चलाने के लिए सरकार ने 36 करोड़ 35 लाख रुपये खर्च करने की मंजूरी दी है। कृषि विस्तार योजना (सब-मिशन ऑन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन) चौथे कृषि रोड मैप के तहत बामेती और आत्मा (जिला स्तर पर कृषि प्रबंधन संस्था) को वेतन, मानदेय और प्रशासनिक खर्च के लिए 80 करोड़ 99 लाख रुपये खर्च करने की मंजूरी मिली है। मृदा स्वास्थ्य और उर्वरता योजना, प्रधानमंत्री कृषि विकास योजना के तहत मिट्टी जांच प्रयोगशाला बनाने, जैव उर्वरक प्रयोगशाला बनाने।और पुरानी मिट्टी जांच लैब को सुधारने के लिए 30 करोड़ 49 लाख रुपये खर्च करने की मंजूरी दी गई है। कृषि प्रशिक्षण योजना, कृषि विस्तार योजना के तहत बामेती और आत्मा को प्रशिक्षण, भ्रमण और संपर्क कक्षा चलाने के लिए 41 करोड़ 2 लाख रुपये खर्च करने की अनुमति मिली है।

### बिहार में कलाकारों को 3000 रुपया महीना

बिहार में अब नीतीश सरकार कलाकारों को हर महीने 3 हजार रुपया देगी। इसके लिए कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना को मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री गुरु-शिष्य परंपरा योजना को मंजूरी दी गई है। इसके लिए 2025-26 में एक करोड़ 11 लाख 60,000 रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### इंटर्नशिप के लिए मिलेंगे हर महीने 6000 रुपये

नीतीश सरकार चुनावी साल में बिहार के छात्र-छात्राओं के लिए एक नई योजना लेकर आई है। इसका नाम मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना है। इसके तहत इंटर (12वीं), आईटीआई और ग्रेजुएशन पास छात्र-छात्राओं को इंटर्नशिप करने के लिए सरकार की ओर से हर महीने 4 से 6 हजार रुपये तक की राशि दी जाएगी। अगर कोई युवा अपने जिले या राज्य से बाहर रहकर इंटर्नशिप करेंगे, तो उन्हें रहने-खाने का खर्च भी अलग से दिया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में इसे मंजूरी दी गई। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने मीडिया से बातचीत के दौरान इस योजना को लेकर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि श्रम संसाधन विभाग की ओर से यह प्रस्ताव लाया गया, जिसे कैबिनेट ने स्वीकृति दी है। इस योजना के तहत छात्र-छात्राओं को इंटर्नशिप के लिए 3 महीने से लेकर एक साल तक के लिए राशि सरकार की ओर से दी जाएगी। मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना मे 12वीं पास युवाओं को इंटर्नशिप करने पर हर महीने 4000 रुपये मिलेंगे। आईटीआई पास या डिप्लोमाधारी छात्र-छात्राओं को 5 हजार रुपये प्रति महीना दिए जाएंगे। स्नातक यानी ग्रेजुएशन करने के बाद इंटर्नशिप करने वालों को 6000 रुपये प्रति महीने मिलेंगे। अगर छात्र-छात्राएं अपने गृह जिला से बाहर किसी अन्य जिले में जाकर इंटर्नशिप करेंगे, तो उन्हें आजीविका सहयोग के लिए 2000 रुपये प्रति माह अधिकतम 3 महीने तक दिए जाएंगे। वहीं, बिहार से बाहर रहकर इंटर्नशिप करने पर 5000 रुपये प्रति माह अतिरिक्त राशि दी जाएगी।

### अलग-अलग विभाग से सबंधित कैबिनेट के फैसले

**पर्यावरण विभाग** : ोजपुर के गोकुल जलाशय के विकास और देखरेख के लिए 2025 से 2029 तक 32.48 करोड़ रुपये खर्च करने की मंजूरी मिली है।
**स्वास्थ्य विभाग** : सरकारी मेडिकल कॉलेजों में पढ़ाने वाले शिक्षकों की भर्ती संविदा (कॉन्ट्रैक्ट) पर करने की अनुमति दी गई है। पंचायत और ग्राम कचहरी के चुने हुए जनप्रतिनिधियों के इलाज के लिए मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से पैसे देने की मंजूरी मिली है।
**सामान्य प्रशासन विभाग** : सरकारी कर्मचारियों की प्रोन्नति (पदोन्नति) के लिए जरूरी न्यूनतम सेवा अवधि में बदलाव किया गया है।
**संसदीय कार्य विभाग** : बिहार विधानसभा सचिवालय के निदेशक राजीव कुमार का कॉन्ट्रैक्ट खत्म होने के बाद, उन्हें एक साल के लिए फिर से इसी पद पर रखा जाएगा।
**गृह विभाग** : रिटायर अपर पुलिस अधीक्षक रामाकांत प्रसाद की सेवा को एक साल के लिए और बढ़ा दिया गया है।
**निगरानी विभाग** : पुलिस उप महानिरीक्षक विकास कुमार को रिटायरमेंट के बाद संविदा पर फिर से इसी पद पर नियुक्त किया जाएगा।

### पिछली बैठक में 46 एजेंडों पर लगी थी मुहर

नीतीश कैबिनेट की पिछली बैठक 24 जून को हुई थी, जिसमें कुल 46 एजेंडों पर मुहर लगी थी। सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब परिवार की बेटियों के विवाह कार्यक्रम में सुविधा के लिए करीब 8000 पंचायतों में विवाह भवन का निर्माण कराने का फैसला लिया था। सरकार ने कैबिनेट की बैठक में 'मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना' की मंजूरी दे दी थी।

### 40 अरब 26 करोड़ 50 लाख रुपए की स्वीकृति

सीएम नीतीश ने X पर लिखा था कि- 'आप सभी को पता है कि जीविका द्वारा संपोषित 'दीदी की रसोई' का संचालन बहुत अच्छे ढंग से हो रहा है। सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय, अस्पतालों और सरकारी संस्थानों में 'दीदी की रसोई' से 40 रुपए प्रति थाली में भोजन उपलब्ध कराया जा रहा था। अब हम लोगों ने 40 रुपए की जगह 20 में थाली देने का फैसला लिया गया है। 20 रुपए प्रति थाली की क्षतिपूर्ति राज्य सरकार की तरफ से जीविका को उपलब्ध कराई जाएगी।'

## तेलंगाना में बिहार के 6 मजदूरों की मौतः केमिकल फैक्ट्री में ब्लास्ट, चश्मदीद बोले- 100 मीटर दूर जाकर गिरे मजदूर



पटना. तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में सोमवार सुबह दवा बनाने वाली फैक्ट्री की रिएक्टर यूनिट में विस्फोट हो गया। घटना में 12 मजदूरों की मौत हो गई, 34 लोग जख्मी हैं। हादसा पाशमिलारम इंडस्ट्रियल एरिया स्थित सिगाची इंडस्ट्रीज में सुबह 8:.15 बजे से 9.30 बजे के बीच हुआ। बताया जा रहा है कि हादसे में बिहार के 6 मजदूरों की मौत हुई है। घायलों में रोहतास के अमरथा गांव के चार मजदूर भी शामिल है। जिसमें डब्लू पासवान की हालत गंभीर है। अन्य तीन दिलीप गोसाई, नागा पासवान, दीपक पासवान अब तक लापता है। सीएम नीतीश ने मृतकों के परिवार के लिए 2-2 लाख और घायलों के लिए 50-50 हजार की मदद का ऐलान किया है। इसके साथ ही सीएम नीतीश ने मृतकों के शवों को बिहार लाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। PM मोदी ने X पोस्ट के जरिए ब्लास्ट की घटना पर दुख जताया। पीएम नेशनल रिलीफ फंड से मृतकों के परिजन को 2 लाख और घायलों को 50 हजार की मदद की घोषणा की।
तेलंगाना के श्रम मंत्री जी विवेक वेंकटस्वामी ने कहा- अबतक 4 शव बरामद हुए हैं। हमें उम्मीद है कि अब और कोई मौत नहीं होगी। आईजी वी सत्यनारायण ने बताया कि घटना के दौरान फैक्ट्री में 150 लोग थे, जहां ब्लास्ट हुआ वहां 90 लोग मौजूद थे। उन्होंने कहा कि एनडीआरफ, डीआरफ, एसडीआरफ की टीमों के साथ ही फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियां मौजूद हैं। ब्लास्ट के कारणों का पता लगाया जा रहा है। रिएक्टर में तेजी से केमिकल रिएक्शन होने से ब्लास्ट की संभावना जताई गई है।

### धमाके से कई मीटर दूर जा गिरे मजदूर

एक मजदूर ने बताया कि मैं सुबह 7 बजे नाइट शिफ्ट पूरी करके बाहर निकला था। सुबह की शिफ्ट का स्टाफ अंदर आ चुका था। धमाका करीब करीब 8 बजे हुआ। शिफ्ट में मोबाइल जमा हो जाता है, इस वजह अंदर काम कर रहे लोगों की कोई खबर नहीं मिल पाई। एक मजदूर की महिला परिजन ने बताया कि उनके परिवार के चार लोग फैक्ट्री में काम करते हैं। इनमें उनका बेटा, दामाद, जेठ और देवर शामिल हैं। इनमें से तीन सुबह की शिफ्ट में थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक धमाका इतना तेज था कि वहां काम कर रहे मजदूर करीब 100 मीटर दूर जाकर गिरे। विस्फोट की वजह से रिएक्टर यूनिट तबाह हो गई है। कंपनी के एक कर्मचारी ने बताया कि अधिकतर मजदूर मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं। एक शिफ्ट में 60 से ज्यादा मजदूर और 40 अन्य लोगों का स्टाफ काम करता है। तेलंगाना फैक्ट्री ब्लास्ट की जांच के लिए बिहार की तीन सदस्यीय कमेटी करेगी।

## फिर से एनडीए सरकार; जदयू कार्यालय में पहली बार लगे मोदी और नीतीश के पोस्टर



पटना. बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले सियासी गलियारे में पोस्टर पॉलिटिक्स चरम पर है। इस बीच पटना में जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पोस्टर लगाए गए हैं। पोस्टर में एनडीए सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए दोबारा सरकार बनाने की अपील करते हुए नारे लिखे गए हैं। इन पोस्टर के जरिए बीजेपी और जेडीयू में एकजुटता को दिखाने की कोशिश की गई है। बताया जा रहा है कि यह पहला मौका है जब जेडीयू दफ्तर में औपचारिक रूप से मोदी और नीतीश के एक साथ पोस्टर लगाए गए हैं। जेडीयू कार्यालय के बाहर मंगलवार को बड़ी संख्या में पोस्टर लगाए गए हैं। कार्यालय की बाहरी दीवार इनसे पटी हुई है। पोस्टर में पीएम मोदी और सीएम नीतीश की तस्वीरें हैं। उनके साथ अलग-अलग नारे लिखे गए हैं, जैसे- महिलाओं की जय-जयकार, लग रहे उद्योग मिल रहा रोजगार, नौकरी रोजगार खुशहाल बिहार, फिर से एनडीए सरकार। जेडीयू के पोस्टरों में नीतीश के साथ मोदी का फोटो होना सियासी गलिरायों में चर्चा का विषय बना हुआ है। बिहार में आगामी अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। जेडीयू मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को ही एनडीए का सीएम कैंडिडेट बता रही है। सहयोगी दल भाजपा के नेता भी नीतीश के नेतृत्व में ही आगामी चुनाव में उतरने की बात कह रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बिहार में हुई रैलियों में नीतीश अक्सर साथ नजर आए और एकजुटता का संदेश दिया। हालांकि, बीच-बीच में पार्टी के सीनियर नेताओं द्वारा चुनाव के बाद सीएम पर फैसला करने की बात कहकर थोड़ी कंफ्यूजन भी पैदा की जाती रही है।

## बांका में लापता महिला का बांध से मिला शवः नाक से निकल रहा था खून, आत्महत्या की आशंका

बांका. बांका के अमरपुर थाना क्षेत्र के राजा राम बांध में मंगलवार को एक महिला की लाश मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतका की पहचान कल्याणपुर निवासी नंदकिशोर मांझी की पत्नी जीरा देवी (45) के रूप में हुई है। वह बीते 4 दिन से लापता थी। घटना के सही कारणों का पता नहीं चल पाया है। जिसको लेकर पुलिस घटनास्थल पर जांच पड़ताल कर रही है। परिजनों ने बताया कि शनिवार दोपहर 11 बजे जीरा देवी घर से निकली थी। इसके बाद वह लौटकर नहीं आई। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। मंगलवार को स्थानीय लोगों ने बांध में महिला की लाश देखी। सूचना पर अमरपुर थाना अध्यक्ष पंकज कुमार झा और सहायक पुलिस पदाधिकारी राहुल कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बांका भेजा गया। घटनास्थल से पुलिस को एक जहर की बोतल भी मिली है। इससे आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, मृतका की नाक से खून निकल रहा था और कमर की चांदी की बिचिया गायब थी। इससे मामला संदिग्ध हो गया है। जीरा देवी के 2 बेटे छत्तीस और उचित साथ ही एक बेटी प्रियंका है। दोनों बेटे राजकोट में मजदूरी करते हैं। परिजन सदमे में हैं। कुछ भी स्पष्ट नहीं कह पा रहे हैं। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जिला देवी पिछले 4 दिनों से गायब थी।

## चेकिंग कर रही डीटीओ की गाड़ी को उड़ाया, एसआई की मौत

दरभंगा. दरभंगा- मुजफ्फरपुर एनएच-27 पर चेकिंग कर रही डीटीओ की बोलेरो को एक गाड़ी ने टक्कर मार दी है। जिससे मौके पर ही डीटीओ ऑफिस के एसआई मुन्ना कुमार (प्रवर्तन अवर निरीक्षक) की मौत हो गई है। जबकि, ड्राइवर सहित 2 लोग घायल हैं। घायल दोनों कर्मियों को डीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। मृतक मुन्ना कुमार समस्तीपुर के हसनपुर थाना क्षेत्र के खोरी गांव के रहने वाले है। जबकि, घायल अजय कुमार और रवि कुमार की हालत गंभीर बताई जा रही है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बोलेरो करीब 30 फीट नीचे खाई में जाकर पलट गई। क्रेन की मदद से गाड़ी को निकाला गया। गाड़ी के परखच्चे उड़ गए थे। घटना मब्बी थाना क्षेत्र में एनएच-27 पर शोभन साहपुर के पास हुई।



### क्रेन से गाड़ी की बॉडी तोड़कर निकाला शव

हादसे के बाद डीटीओ की गाड़ी खाई में पलट गई। ड्राइवर गाड़ी का गेट तोड़ते हुए बाहर गिर गया। मुन्ना कुमार और उनके साथ एक और स्टाफ गाड़ी में ही थे। मुन्ना कुमार की बॉडी गाड़ी में ही फंस गई। गाड़ी को खाई से निकालने के लिए क्रेन बुलवाई गई। उसी क्रेन से गाड़ी की बॉडी तोड़कर मुन्ना कुमार का शव बाहर निकाला गया। मुन्ना साहू समस्तीपुर के हसनपुर थाना क्षेत्र के भठवन पंचायत के खोरी गांव के रहने वाले थे। मुन्ना की मौत की खबर खोरी गांव पहुंचते ही गांव में मातम का माहौल है। घटना की सूचना के बाद परिवार के लोग दरभंगा के लिए रवाना हो गए हैं। घटना के बाद उनके यहां शुभचिंतकों का आना भी शुरू हो गया है। गांव के लोगों का कहना है कि उनकी नौकरी साल 2023 में हुई थी। उनकी पहली पोस्टिंग सासाराम में हुई थी। उसके बाद उनका ट्रांसफर दरभंगा में हुआ था। बताया जा रहा है कि मुन्ना काफी गरीब परिवार से हैं। मुन्ना ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय से पूरी की थी। उसके बाद उन्होंने बीआरबी कॉलेज समस्तीपुर से ग्रेजुएशन किया। उसके बाद पटना में रहकर वह प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने लगे। मुन्ना की शादी साल 22 नवंबर 2024 को पूर्णिया के जयनगरा में हुई थी। अभी कोई बच्चा उन्हें नहीं था। पत्नी अभी पूर्णिया में है। मौत की सूचना मिलते ही परिजन दरभंगा रवाना हो गए। मुन्ना की भाभी लक्ष्मी देवी ने बताया- 'नौकरी लगने के बाद मुन्ना बहुत कम ही गांव आए। आखिरी बार मुन्ना 8 जून को मौसी की बेटी की शादी में शामिल होने के लिए गांव आया था।' '9 जून को वापस नौकरी पर लौट गया था। सुबह पहले सूचना मिली कि दुर्घटना हुआ है, फिर बाद में जानकारी मिली कि उनकी मौत हो गई।'

## चुनाव से पहले बिहार के 4.96 करोड़ वोटरों को राहतः चुनाव आयोग ने जारी की 2003 की वोटर लिस्ट; सूची देखकर करा सकेंगे वेरिफिकेशन,नहीं देने होंगे डॉक्युमेंट्स

पटना. बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों के बीच निर्वाचन आयोग ने 2003 की मतदाता सूची अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। इस सूची में 4.96 करोड़ वोटर्स के डिटेल्स हैं। बिहार के इन मतदाताओं को अब वेरिफिकेशन की जरूरत नहीं पड़ेगी। आयोग की ओर से दिए गए निर्देशों के अनुसार 2003 की सूची में जिन मतदाताओं के पेरेंट्स के नाम हैं, उनको कोई दूसरे डॉक्यूमेंट प्रेजेंट या सब्मिट करने की जरूरत नहीं होगी। इस सूची में जिन लोगों के नाम नहीं हैं, लेकिन उनके माता-पिता के नाम हैं, उन्हें अपने पेरेंट्स के लिए कोई अतिरिक्त दस्तावेज देने की जरूरत नहीं होगी। ऐसे मतदाताओं को केवल अपने लिए डॉक्यूमेंट्स जमा करने होंगे।

### 4.96 करोड़ वोटर्स की डिटेल्स ऑनलाइन

24 जून को आयोग ने अपने अपने निर्देश में साथ ही कहा है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ), जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) इस सूची को बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को हार्ड कॉपी में उपलब्ध कराएंगे। इसके अलावा, यह सूची ऑनलाइन भी उपलब्ध होगी, ताकि कोई भी व्यक्ति इसे डाउनलोड कर सके। साथ ही मतदाता सूची में नाम जोड़ने या संशोधन के लिए फॉर्म के साथ इसका उपयोग कर सके। सूची को डाउनलोड करने के लिए आयोग की वेबसाइट https://voters.eci.gov.in पर विजिट करना होगा। डीएम अब इससे डाटा निकालकर बीएलओ को उपलब्ध कराएंगे। बता दें कि इससे पहले वोटर लिस्ट का वेरिफिकेशन 2003 में कराया गया था। सोमवार को 2003 वाली वोटर लिस्ट जारी की गई है। बिहार में इसी के वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन को लेकर लगातार सवाल उठ रहे थे। विपक्ष के नेता भी लगातार आयोग पर हमला बोल रहे थे। बता दें कि 5 दिन पहले चुनाव आयोग की 9 सदस्यीय टीम पटना पहुंची थी। टीम में चुनाव आयोग के अधिकारी मनीष गर्ग, भानु प्रकाश येतुरु, संजय कुमार, एनएन बुटोलिया, अरविंद आनंद, बिदयारानी कोंथूयजाम, मनोज सी.,अभिनव अग्रवाल और पवन दीवान मौजूद थे। चुनाव आयोग की टीम ने पटना में बिहार के शीर्ष प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ एक बड़ी बैठक की थी। आयोग की टीम ने राज्य में चुनावी माहौल, सुरक्षा व्यवस्था, प्रशासनिक तैयारियों, मतदान केंद्रों की स्थिति और वोटर लिस्ट की समीक्षा कर वर्तमान स्थिति को लेकर फीडबैक लिया था। जिन लोगों का सत्यापन 25 जुलाई तक नहीं होगा, उनके नाम मतदाता सूची से हटाए जा सकते हैं। इसलिए यह बेहद आवश्यक है कि सभी योग्य मतदाता समय पर सत्यापन करवाएं और फॉर्म भरकर जमा करें।



## बिहार में अपने ही बुने जाल में फंस गया चुनाव आयोग

बिहार में चुनाव आयोग द्वारा शुरू की गई, स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन प्रक्रिया अब स्वयं आयोग के लिए सिरदर्द बन गई है। मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने के नाम पर शुरू की गई, चुनाव आयोग की इस कवायद से जनता के मन में संदेह, भय और असुरक्षा की भावना पनप रही है। आयोग ने 2003 के बाद वोटर बने करोड़ों नागरिकों से नागरिकता के प्रमाणपत्र की मांग की है। जो न केवल अव्यावहारिक है, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में नागरिकों के मौलिक अधिकारों पर सीधा अतिक्रमण है। आशंका इस बात की व्यक्त की जा रही है, कि यह प्रक्रिया एक अघोषित रूप से एनआरसी की कार्यवाही है। जिसे सरकार चुनाव आयोग के माध्यम से पूरा करा रही है। चुनाव आयोग द्वारा अपने ही बनाए गए पुराने वोटर कार्ड के साथ ही आधार या पैन जैसे दस्तावेज मान्य नहीं किये जा रहे हैं। आयोग द्वारा निर्धारित 11 वैध दस्तावेजों की सूची में अधिकांश आम नागरिकों की पहुंच से बाहर के दस्तावेज हैं। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए जहां जन्म प्रमाण-पत्र या स्थायी निवास प्रमाण-पत्र आज भी दुर्लभ हैं। गरीब एवं मजदूर  परिवार जहां दो वक्त की रोटी के लिए लगातार पलायन करता है, वह कैसे अपने दस्तावेजों को संभाल कर रखेगा। जिनका खुद का घर, मकान नहीं है, स्थाई रहने का प्रबंध नहीं है, उनसे उनके और उनके मां-बाप के जन्म मृत्यु के प्रमाण-पत्र की मांग करना एक तरह से मौलिक अधिकारों पर सीधा हमला है। यह स्थिति तब और जटिल हो जाती है जब आयोग खुद स्वीकार करता है, कि मतदाता सूची को शुद्ध करने की प्रस्तावित प्रक्रिया चुनाव आयोग के लिए भारी तकनीकी और प्रशासनिक चुनौतियों से भरी है। विपक्षी दलों द्वारा संयुक्त रूप से विरोध के स्वर तेज होते ही, आयोग ने कुछ राहतों की घोषणा कर अपने कुछ कदम पीछे खींचे हैं। जैसे 2003 से पहले वोटर बने लोगों के बच्चों को अब स्वतः ही योग्य माना जायेगा। चुनाव आयोग का यह स्पष्टीकरण और संशोधन चुनाव आयोग के प्रति अविश्वास को बढ़ा रहे हैं। स्पष्ट है चुनाव आयोग ने बिना पूरी तैयारी और राजनीतिक दलों से बात किए बिना मतदाता सूची में संशोधन के इतने बड़े फैसले को मतदाताओं पर थोप दिया है। जिसमें करोड़ों मतदाताओं के हित जुड़े थे। उन्हें नकारने का काम चुनाव आयोग ने किया है। वह भी ऐसे समय पर जब चुनाव आयोग की विश्वसनीयता को लेकर लगातार विपक्ष चुनाव आयोग पर  तीखे आक्षेप लगा रहा था। उस समय चुनाव आयोग द्वारा यह कदम उठाया गया। चुनाव आयोग के इस तुगलकी आदेश से बिहार जैसे राज्य की सामाजिक-राजनीतिक संरचना पर गहरा असर पड़ना तय है। यदि यह केवल वोटर लिस्ट के पुनरीक्षण और सही मतदाताओं के रूप में वोटर लिस्ट तैयार करने का प्रयास होता। इसमें पारदर्शिता और सुगमता होनी चाहिए थी। ना कि शंका और डर का वातावरण बनाकर करोड़ों मतदाताओं को मतदाता सूची से बाहर करने का यह प्रयास माना जा रहा है। अब ज़रूरी हो गया है, चुनाव आयोग अपनी भूमिका की गंभीरता को समझे। निष्पक्ष संस्था की छवि बनाए रखें। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त टीएन सेशन के समय पर चुनाव आयोग की जो विश्वसनीयता थी, चुनाव आयोग को जिस रूप में लोगों ने पहले देखा है। वर्तमान में ठीक उसके विपरीत छवि चुनाव आयोग ने अपने निर्णय एवं कार्य प्रणाली के कारण वर्तमान में बनाई है। चुनाव आयोग के प्रति जनता का वह भरोसा नहीं रहा, जो होना चाहिए था। अपने ही बनाए हुए नियमों और जटिलताओं के मकड़जाल में चुनाव आयोग उलझता जा रहा है। बिहार के नागरिकों से वोट देने का अधिकार छीनने की बजाय उन्हें सशक्त करने की ज़रूरत है। पिछले कई चुनाव में चुनाव आयोग की कार्य प्रणाली को लेकर लगातार विपक्ष आवाज उठाता रहा है। सैकड़ों मामले हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग की कार्य प्रणाली और निष्पक्षता को लेकर लंबित हैं। इसके बाद भी बिहार चुनाव के ठीक 3 महीने पहले जिस तरह से चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण करने के नाम पर कार्यवाही की जा रही है उससे विपक्ष को यह साबित करने का मौका मिल गया है, कि चुनाव आयोग निष्पक्ष नहीं है। वह सरकार के इशारे पर सारे निर्णय ले रहा है। जो चुनाव आयोग में कभी नहीं हुआ था। जो असम की एनआरसी के समय हुआ था। यदि वही नियम चुनाव आयोग बिहार चुनाव के लिए मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए लागू करता है तो ऐसी स्थिति में चुनाव आयोग पर संदेह होना स्वाभाविक है। यह बात भी कहीं ना कहीं प्रमाणित होती है। सत्तारूण दल भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए चुनाव आयोग द्वारा कार्यवाही की जा रही है। बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के नाम पर करोड़ों मतदाताओं को मतदाता सूची से अलग करने की कार्यवाही चुनाव आयोग द्वारा की जा रही है। मतदाता सूची पुनरीक्षण के नाम पर चुनाव आयोग बिहार में अपारदर्शी तरीके से मतदाताओं को जोड़ने और घटाने का काम करेगा। जिसके कारण चुनाव आयोग की विश्वसनीयता एक तरह से खत्म होती हुई दिख रही है। पिछले कई वर्षों में चुनाव आयोग ने जिस तरह से विपक्षी दलों को नजर अंदाज किया है, सत्तारूण दल के खिलाफ शिकायतों पर चुप्पी साध रखी है, उससे स्पष्ट है, चुनाव आयोग सरकार के दबाव में काम कर रहा है। वर्तमान में जो स्थितियां बन गई हैं। उसको देखते हुए यही कहा जा सकता है। चुनाव आयोग को अपनी विश्वसनीयता और अस्तित्व को बनाए रखना है, तो उसे निष्पक्ष और सभी राजनीतिक दलों को चुनाव लड़ने के लिए एक समान अधिकार मिले। मतदाताओं का मत देने का अधिकार सुरक्षित रहे। चुनाव आयोग यदि यह काम कर पाया, तभी चुनाव आयोग की विश्वसनीयता बनी रहेगी। अन्यथा जिस तरीके के हालात पड़ोसी देश बांग्लादेश में चुनाव आयोग को लेकर बने हैं, वही स्थिति भारत की भी हो सकती है।

## अक्षर योग केन्द्र ने एक ही दिन में बनाए 12 गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड !

भारतीय योग की समृद्ध विरासत के संरक्षण हेतु अक्षर योग केंद्र द्वारा चलायी जा रही मुहिम अब रंग लाने लगी है। हिमालय सिद्ध अक्षर के भगीरथ प्रयासों से देश-विदेश के हजारों साधकों के बीच गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ऑफिशियल टीम ने एक दिन में बारह रिकॉर्ड दर्ज किए। यह योग की दुनिया में पहली मिसाल है जब एक ही दिन में बारह विश्व रिकॉर्ड दर्ज किए गए हों। एकता, अनुशासन और उद्देश्य की शक्ति के भव्य उत्सव में यह ऐतिहासिक उपलब्धि, अक्षर योग केन्द्र के संस्थापक एवं आध्यात्मिक प्रमुख हिमालयन सिद्ध अक्षर के दूरदर्शी नेतृत्व में बेंगलुरु में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में हासिल की गई। बेलि मठ, कर्नाटक के डॉ. शिवरुद्र महास्वामी की इस अभूतपूर्व रिकॉर्ड-बनाने के समारोह में ताइवान, मलेशिया, हांगकांग, इटली, यूएसए, यूके, दुबई, साइप्रस और सिंगापुर सहित 30 से अधिक देशों के 2,500 से अधिक योगाभ्यासियों ने भाग लिया। इस विविध आयोजन में भारतीय सेना, वायुसेना, कर्नाटक राज्य पुलिस,एन सी सी कैडेट्स, दिव्यांगों, अनाथालयों के बच्चों, कॉरपोरेट जगत के सदस्य तथा अंतरराष्ट्रीय योग समुदाय के सदस्य भी सम्मिलित हुए। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा योग संस्थान श्रेणी में मान्यता प्राप्त यह संस्था अक्षर योग केंद्र, प्राचीन परंपरा को आधुनिक युग से जोड़ने वाले विशाल योग अभियानों का नेतृत्व करता रहा है। हिमालयन सिद्ध अक्षर ने इस अवसर पर कहाः यह महाआयोजन एक उद्देश्यपूर्ण जीवन का प्रतीक है। यह प्रत्येक व्यक्ति को प्रेरित करता है कि वह अपने जीवन में एक उच्च लक्ष्य निर्धारित करे और उसे पूर्ण निष्ठा एवं तपस्या के साथ प्राप्त करे। ये सारे कीर्तिमान मानवीय संकल्प शक्ति की असीम क्षमता को दर्शाते हैं। इस वैश्विक आंदोलन के माध्यम से, हम योग के प्राचीन ज्ञान का आदरपूर्वक सम्मान करते हैं और प्रत्येक आत्मा को उसके सर्वोच्च स्वरूप की ओर जागृत करने का प्रयास है।

सभी प्रतिभागियों ने इस श्रृंखला में, मूलभूत विभिन्न आसनों को निर्धारित समय तक लगातार धारण किया। ये चयनित योगासन स्वास्थ्य, ऊर्जा और आंतरिक रूपांतरण के विविध पहलुओं का प्रतीक थे। यह कार्यक्रम अक्षर योग केंद्र के विश्वव्यापी नेटवर्क में कई सप्ताह के अनुशासित प्रशिक्षण और वैश्विक समन्वय का समापन था। वर्तमान में 80 से अधिक देशों में ऑनलाइन-ऑफलाइन पहुंच से, 2 करोड़ से अधिक योग साधक और 50,000 से अधिक प्रमाणित शिक्षकों के साथ, अक्षर योग केन्द्र अपने सुव्यवस्थित, समावेशी दृष्टिकोण के साथ निरंतर योग के अंतरराष्ट्रीय आंदोलन का नेतृत्व कर रहा है। इसकी सहभागित देश-विदेश की सेना, कंपनियों, विद्यालयों, विश्वविद्यालयों और कूटनीतिक संस्थानों के साथ हैं – जिनमें इन्फोसिस, विप्रो, रोल्स-रॉयस, अमेज़ॉन आदि शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि स्थापित किए गए 12 गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड आज भारत की जीवंत आध्यात्मिक धरोहर और अक्षर योग केन्द्र के निष्ठापूर्ण समर्पण के प्रमाण हैं। जैसे-जैसे विश्व योग को एक जीवनशैली और आध्यात्मिक अभ्यास के रूप में अपना रहा है, अक्षर योग केंद्र, योग को स्वास्थ्य, परिवर्तन और चेतना का एक सार्वभौमिक मार्ग बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को लेकर निरंतर प्रयत्नशील है।

## भारतीय विज़न 2047 के विकास के साथ विरासत पर ज़ोर- समय की मांग

“ बात अगर हम केंद्रीय सांस्कृतिक मंत्रालय द्वारा मेरा गांव मेरी धरोहर योजना की करें तो,कला और संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु वित्तीय सहायता योजना का विवरण और योजना के लिए आवंटित धन का विवरणइस योजना में निम्नलिखित उप-घटक हैं वे,(1) राष्ट्रीय उपस्थिति वाले सांस्कृतिक संगठनों को वित्तीय सहायता इस योजना घटक का उद्देश्य पूरे देश में कला और संस्कृति को बढ़ावा देने में शामिल राष्ट्रीय उपस्थिति वाले सांस्कृतिक संगठनों को बढ़ावा देना और समर्थन करना है। यह अनुदान ऐसे संगठनों को दिया जाता है जिनके पास उचित रूप से गठित प्रबंध निकाय है, जो भारत में पंजीकृत है; इसके संचालन में राष्ट्रीय उपस्थिति के साथ अखिल भारतीय चरित्र होना। ”

किशन सनमुखदास भावनानी

वैश्विक स्तरपर दुनियां के हर देश में विकास की एक आंधी सी चल रही है। हर देश वैश्विक वित्तीय मंचों संस्थाओं से अपने देश के लिए धन आवंटित कराने की दिशा में कार्य कर रहे हैं, ताकि अपने देश को आधुनिकता की दिशा में आगे बढ़ा सकें।भारत ने भी अपना विज़न 2047 रूपी विकसित भारत का विकासपत्र तैयार किया है, जिसमें आगे बढ़ाने की प्लान हमने पूर्ण बजट1फ़रवरी 2025 में भी देखें। परंतु इस बजट में ध्यान देने योग्य बात यह है कि माननीय वित्तमंत्री ने अपने बजट भाषण में देश के विकास पथ में विकास और विरासत दोनों पर सरकार के जोर को रेखांकित किया जो ध्यान देने योग्य बात है।   सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए संस्कृति मंत्रालय के लिए बजट में 100 करोड़ रुपये की वृद्धि करते हुए 3360.96 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं. मंत्रालय के भीतर, एक बड़ा हिस्सा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को गया है, जिसे 2024-25 में आवंटित 1273.91 करोड़ रुपये के मुकाबले 1,278.49 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिसे संशोधित कर 1191.99 करोड़ रुपये कर दिया गया था.सरकार कल्चरल डेवलपमेंट तो चाहती है, लेकिन इसने शताब्दी और वर्षगांठ मनाने के लिए कार्यक्रमों के आयोजन में होने वाले बजट में बहुत कमी कर दी है, इन आयोजनों के लिए बजट 2024-25 में 110 करोड़ रुपये से घटाकर 2025-26 में सिर्फ 35 करोड़ रुपये कर दिया गया है। हालांकि, बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती, संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ और अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती जैसे प्रमुख समारोह अभी भी सरकार के समर्थन से मनाए जाएंगे अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक सहयोग के लिए निर्धारित धनराशि में तीव्र गिरावट देखी गई है।2024-25 में 10.50 करोड़ रुपये से 2025-26 में 4.65 करोड़ कर दी गई है एएसआई वह एजेंसी है जिसे यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों सहित 3,693 केंद्रीय संरक्षित स्मारकों के संरक्षण, संरक्षण और विकास का कार्य सौंपा गया हैअन्य आवंटनों के अलावा, राष्ट्रीय पुस्तकालयों और अभिलेखागार के लिए 156.55 करोड़ रुपये अलग रखे गए हैं,जो ऐतिहासिक अभिलेखों और दस्तावेजों के रखरखाव को सुनिश्चित करते हैं।राष्ट्रीय संग्रहालय और राष्ट्रीय आधुनिक कला गैलरी जैसे संग्रहालयों को सांस्कृतिक संरक्षण प्रयासों को बढ़ाने के लिए 126.63 करोड़ रुपये प्राप्त होंगे. प्राचीन लिपियों के संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण बढ़ावा देते हुए, पांडुलिपियों के लिए राष्ट्रीय मिशन को 60 करोड़ रुपये मिलेंगे, जो पिछले वर्षों की तुलना में काफी अधिक है।इस बीच, सांस्कृतिक मानचित्रण पर राष्ट्रीय मिशन के लिए 22.46 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं, जिसका उद्देश्य एक एकीकृत डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म के तहत सांस्कृतिक गतिविधियों को समेकित करना है।सरकार संगीत नाटक अकादमी, साहित्य अकादमी, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र जैसे स्वायत्त सांस्कृतिक संस्थानों को महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता प्रदान करना जारी रखेगी।इन निकायों को सामूहिक रूप से 411.42 करोड़ रुपये मिलेंगे, इसके अतिरिक्त, विक्टोरिया मेमोरियल और भारतीय संग्रहालय सहित संग्रहालयों को उनके प्रदर्शन और आउटरीच कार्यक्रमों को बढ़ाने के लिए 379.58 करोड़ रुपये दिए गए हैं। हमें भारत की पौराणिक व पारंपरिक संस्कृति विरासत पांडुलिपि धरोहर स्मारकों को सहेज कर रखने के लिए हमारी नई पीढ़ी, युवाओं को जागरूक करने की अत्यंत आवश्यकता है, जिसके लिए सरकार ने भी मेरा गांव मेरी धरोहर, भारतीय संस्कृति व विरासत के बारे में युवाओं में जागरूकता फैलाने व राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन तथा राष्ट्रीय संस्कृति कोष जैसी योजनाएं चल रहा है। चूंकि आधुनिक विकास की आंधी में भारतीय संस्कृति विरासत पुरातत्व पांडुलिपि को बचाना अत्यंत जरूरी है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारतीय विज़न 2047 के पथ में विकास के साथ संस्कृति व विरासत पर जोर देना समय की है, व युवाओं को भारतीय संस्कृति, विरासत, पांडुलिपि कला प्रथाओं धरोहर स्मारक के प्रति जागरूकता फैलाना अत्यंत ज़रूरी है।

साथियों बात अगर हम केंद्रीय सांस्कृतिक मंत्रालय द्वारा मेरा गांव मेरी धरोहर योजना की करें तो,कला और संस्कृति  को बढ़ावा देने हेतु वित्तीय सहायता योजना का विवरण और योजना के लिए आवंटित धन का विवरणइस योजना में निम्नलिखित उप-घटक हैं वे,(1) राष्ट्रीय उपस्थिति वाले सांस्कृतिक संगठनों को वित्तीय सहायता इस योजना घटक का उद्देश्य पूरे देश में कला और संस्कृति को बढ़ावा देने में शामिल राष्ट्रीय उपस्थिति वाले सांस्कृतिक संगठनों को बढ़ावा देना और समर्थन करना है। यह अनुदान ऐसे संगठनों को दिया जाता है जिनके पास उचित रूप से गठित प्रबंध निकाय है, जो भारत में पंजीकृत है; इसके संचालन में राष्ट्रीय उपस्थिति के साथ अखिल भारतीय चरित्र होना; पर्याप्त कार्य शक्ति; और पिछले 5 वर्षों में से 3 वर्षों के दौरान सांस्कृतिक गतिविधियों पर 1 करोड़ रुपये या उससे अधिक खर्च किये हैं। इस योजना के अंतर्गत अनुदान की मात्रा 1.00 करोड़ रुपये है जिसे असाधारण मामलों में 5.00 करोड़ रुपये तक बढ़ाया जा सकता है। (2) सांस्कृतिक समारोह एवंउत्पादन अनुदान इसयोजना घटक का उद्देश्य संगोष्ठी, सम्मेलन अनुसंधान कार्यशालाओं त्यौहारों प्रदर्शनियों, संगोष्ठियों, नृत्य, नाटक थिएटर, संगीत आदि के उत्पादन के लिए गैर सरकारी संगठनोंसोसाइटियों/ ट्रस्टों/विश्वविद्यालयों आदि को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इस योजना के अंतर्गत एक संगठन के लिए अनुदान 5 लाख रुपये है जिसे बढ़ाकर 5 लाख रुपये किया जा सकता है। असाधारण मामलों में 20.00 लाख रुपये हो सकता है। (3) हिमालय की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और विकास के लिए वित्तीय सहायताइस योजना घटक का उद्देश्य ऑडियो विजुअल कार्यक्रमों के माध्यम सेअनुसंधान प्रशिक्षण और प्रसार के माध्यम से हिमालय की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना और संरक्षित करना है।हिमालय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राज्यों यानी जम्मू और कश्मीर,हिमाचल प्रदेश,उत्तराखंड सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। (4) बौद्ध तिब्बती संगठन के संरक्षण एवं विकास के लिए वित्तीय सहायता इस योजना के अंतर्गत बौद्ध/तिब्बती सांस्कृतिक और परंपरा के प्रचार-प्रसार और वैज्ञानिक विकास और संबंधित क्षेत्रों में अनुसंधान में लगे मठों सहित स्वैच्छिक बौद्ध/तिब्बती संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। योजना घटक के अंतर्गत वित्त पोषण की मात्रा एक संगठन के लिए प्रति वर्ष 30.00 लाख है, जिसे असाधारण मामलों में 1.00 करोड़ तक बढ़ाया जा सकता है। (5) स्टूडियो थिएटर सहित भवन निर्माण अनुदान के लिए वित्तीय सहायता।

## मध्यम वर्गीय परिवार नहीं फंसे ऋण के जाल में

“ भारत में तेज गति से हो रही आर्थिक प्रगति के चलते मध्यमवर्गीय नागरिकों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है, जिनके द्वारा चार पहिया वाहनों, स्कूटर, फ्रिज, टीवी, वॉशिंग मशीन एवं मकान आदि आस्तियों को खरीदने हेतु बैकों अथवा अन्य वित्तीय संस्थानों से ऋण लिया जा रहा है। कई बार मध्यमवर्गीय परिवार एक दूसरे की देखा देखी आपस में होड़ करते हुए भी कई उत्पादों को खरीदने का प्रयास करते हुए दिखाई देते हैं, चाहे उस उत्पाद विशेष की आवश्यकता हो अथवा नहीं। उदाहरण के लिए एक पड़ौसी ने यदि अपने चार पहिया वाहन का एकदम नया मॉडल खरीदा है तो जिस पड़ौसी के पास पूर्व में ही चार पहिया वाहन उपलब्ध है। ”

प्रहलाद सबनानी

हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर में 50 आधार बिंदुओं की कमी की है। इसके साथ ही, निजी क्षेत्र के बैंकों, सरकारी क्षेत्र के बैंकों एवं क्रेडिट कार्ड कंपनियों सहित अन्य वित्तीय संस्थानों ने भी अपने ग्राहकों को प्रदान की जा रही ऋणराशि पर लागू ब्याज दरों में कमी की घोषणा करना प्रारम्भ कर दिया है। ताकि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में की गई कमी का लाभ शीघ्र ही भारत में ऋणदाताओं तक पहुंच सके एवं इससे अंततः देश की अर्थव्यवस्था को बल मिल सके। भारत में चूंकि अब मुद्रा स्फीति की दर नियंत्रण में आ गई है। अतः आगे आने वाले समय में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में और अधिक कमी की जा सकती है। इस प्रकार, बहुत सम्भव है ऋणराशि पर लागू ब्याज दरों में कमी के बाद कई नागरिक जिन्होंने पूर्व में कभी बैंकों से ऋण नहीं लिया है, वे भी ऋण लेने का प्रयास करें। बैंक से ऋण लेने से पूर्व इस बात का ध्यान रखना आवश्यक है कि इस ऋण को चुकता करने की क्षमता भी ऋणदाता में होनी चाहिए अर्थात ऋणदाता की पर्याप्त मासिक आय होनी चाहिए। ताकि बैंकों द्वारा प्रदत्त ऋण की किश्त एवं ब्याज का भुगतान पूर्व निर्धारित समय सीमा के अंदर किया जा सके। इस संदर्भ में विशेष रूप से युवा ऋणदाताओं द्वारा क्रेडिट कार्ड के उपयोग पश्चात संबंधित राशि का भुगतान समय सीमा के अंदर अवश्य करना चाहिए। अन्यथा क्रेडिट कार्ड एजेंसी द्वारा चूक की गई राशि पर भारी मात्रा में ब्याज वसूला जाता है, जिससे युवा ऋणदाता ऋण के जाल में फंस जाते हैं।

बैकों से लिए गए ऋण की मासिक किश्त एवं इस ऋणराशि पर ब्याज का भुगतान यदि निर्धारित समय सीमा के अंदर नहीं किया जाता है तो चूककर्ता ऋणदाता से बैकों द्वारा दंडात्मक ब्याज की वसूली की जाती है। इसी प्रकार, कई नागरिक जो क्रेडिट कार्ड का उपयोग करते हैं एवं इस क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध उपयोग की गई राशि का भुगतान यदि वे निर्धारित समय सीमा के अंदर नहीं कर पाते हैं तो इस राशि पर चूक किए गए क्रेडिट कार्ड धारकों से भारी भरकम ब्याज की दर से दंड वसूला जाता है। कभी कभी तो दंड की यह दर 18 प्रतिशत से 24 प्रतिशत के बीच रहती है। क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने वाले नागरिक कई बार इस उच्च ब्याज दर पर वसूली जाने वाली दंड की राशि से अनभिज्ञ रहते हैं। अतः बैंकों से ली जाने वाली ऋणराशि एवं क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध उपयोग की जाने वाली राशि का समय पर भुगतान करने के प्रति ऋणदाताओं को सजग रहने की आवश्यकता है।

कुल मिलाकर यह ऋणदाताओं के हित में है कि वे बैंक से लिए जाने वाले ऋण की राशि तथा ब्याज की राशि एवं क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध उपयोग की जाने वाली राशि का पूर्व निर्धारित एवं उचित समय सीमा के अंदर भुगतान करें क्योंकि अन्यथा की स्थिति में उस चूककर्ता नागरिक की क्रेडिट रेटिंग पर विपरीत प्रभाव पड़ता है एवं आगे आने वाले समय में उसे किसी भी वित्तीय संस्थान से ऋण प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है एवं बहुत सम्भव है कि भविष्य में उसे किसी भी वित्तीय संस्थान से ऋण प्राप्त ही न हो सके। ऋणदाता यदि किसी प्रामाणिक कारणवश अपनी किश्त एवं ब्याज का बैंकों अथवा क्रेडिट कार्ड कम्पनी को समय पर भुगतान नहीं कर पाता है और उसका ऋण खाता यदि गैर निष्पादनकारी आस्ति में परिवर्तित हो जाता है तो इस संदर्भ में चूककर्ता ऋणदाता द्वारा बैकों को समझौता प्रस्ताव दिए जाने का प्रावधान भी है। इस समझौता प्रस्ताव के माध्यम से चूककर्ता ऋणदाता द्वारा सम्बंधित बैंक अथवा क्रेडिट कार्ड कम्पनी को मासिक किश्त एवं ब्याज की राशि को पुनर्निर्धारित किए जाने के सम्बंध में निवेदन किया जा सकता है। परंतु, यदि ऋणदाता ऋण की पूरी राशि, ब्याज सहित, अदा करने में सक्षम नहीं है तो चूक की गई राशि में से कुछ राशि की छूट प्राप्त करने एवं शेष राशि को एकमुश्त अथवा किश्तों में अदा करने के सम्बंध में भी समझौता प्रस्ताव दे सकता है। ऋण की राशि अथवा ब्याज की राशि के सम्बंध के प्राप्त की गई छूट की राशि का रिकार्ड बनता है एवं समझौता प्रस्ताव के अंतर्गत प्राप्त छूट के चलते भविष्य में उस ऋणदाता को बैंकों से ऋण प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है, इस बात का ध्यान चूककर्ता ऋणदाता को रखना चाहिए। अतः जहां तक सम्भव को ऋणदाता द्वारा समझौता प्रस्ताव से भी बचा जाना चाहिए एवं अपनी ऋण की निर्धारित किश्तों एवं ब्याज का निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत भुगतान करना ही सबसे अच्छा रास्ता अथवा विकल्प है।  भारत में तेज गति से हो रही आर्थिक प्रगति के चलते मध्यमवर्गीय नागरिकों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है, जिनके द्वारा चार पहिया वाहनों, स्कूटर, फ्रिज, टीवी, वॉशिंग मशीन एवं मकान आदि आस्तियों को खरीदने हेतु बैकों अथवा अन्य वित्तीय संस्थानों से ऋण लिया जा रहा है। कई बार मध्यमवर्गीय परिवार एक दूसरे की देखा देखी आपस में होड़ करते हुए भी कई उत्पादों को खरीदने का प्रयास करते हुए दिखाई देते हैं, चाहे उस उत्पाद विशेष की आवश्यकता हो अथवा नहीं। उदाहरण के लिए एक पड़ौसी ने यदि अपने चार पहिया वाहन का एकदम नया मॉडल खरीदा है तो जिस पड़ौसी के पास पूर्व में ही चार पहिया वाहन उपलब्ध है वह पुराने मॉडल के वाहन को बेचकर पड़ौसी द्वारा खरीदे गए नए मॉडल के चार पहिया वाहन को खरीदने का प्रयास करता है और बैंक के ऋण के जाल में फंस जाता है। यह नव धनाडय वर्ग यदि बैंक से लिए गए ऋण की किश्त एवं ब्याज की राशि का निर्धारित समय सीमा के अंदर भुगतान नहीं कर पाता है तो उस नागरिक विशेष के वित्तीय रिकार्ड पर धब्बा लग सकता है जिससे उसके लिए उसके शेष जीवन में बैकों एवं अन्य वित्तीय संस्थानों से पुनः ऋण लेने में कठिनाई आ सकती है। अतः बैंकों से ऋण प्राप्त करने वाले नागरिकों को ऋण की किश्त का समय पर भुगतना करना स्वयं उनके हित में हैं, ताकि भारत में तेज हो रही आर्थिक प्रगति का लाभ आगे आने वाले समय में भी

## ईरान ने स्वयंभू विश्व विजेताओं को दिखाया आईना

तनवीर जाफ़री

मध्य एशिया में मंडरा रहे युद्ध के बादल फ़िलहाल छंटते हुये नज़र आ रहे हैं। 13 जून को  इस्राईल ने ईरान पर अचानक बड़ा हमला कर दिया था। इन हमलों में ईरान के उच्चस्तरीय 20 कमांडर और परमाणु वैज्ञानिक मारे गए थे। इसके बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाइयां कीं। दोनों ओर से ड्रोन व मिसाइल की बौछार 12 दिनों तक होती रही। इस्राईल के इतिहास में यह पहला मौक़ा था जब ईरान जैसे किसी देश ने धोखे से किये गये उसके हमलों का ऐसा मुंहतोड़ जवाब दिया जिसकी इस्राईल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू या इस्राईल की जनता ने भी कभी कल्पना नहीं की होगी।  इस्राईल बनाम ईरान संघर्ष में इस्राईल के वजूद से सम्बंधित कुछ बातें कभी भी नज़रअंदाज़ नहीं की जा सकतीं। जर्मन तानाशाह एडोल्फ़ हिटलर के उत्पीड़न के बाद यहूदी मुख्य रूप से 1930 के दशक से 1940 के दशक के बीच फ़िलिस्तीनियों की अनुकम्पा से यहाँ बसने लगे। इस दौरान, लगभग 2,50,000 यहूदी फ़िलिस्तीन पहुंचे थे । द्वितीय विश्व युद्ध 1939-1945 के बाद, विशेष रूप से होलोकॉस्ट के बाद, 1945 से 1948 तक यहूदी प्रवास फिर से बढ़ा, और 1948 में इस्राईल की स्थापना के साथ यह प्रक्रिया और भी तेज़ हो गयी। चूँकि इस्राईल को अरब के इस क्षेत्र में बसाने में पश्चिमी देशों ख़ासकर अमेरिका व ब्रिटेन की दूरगामी सोच काम कर रही थी इसलिये इन देशों ने इसे भरपूर समर्थन देकर न केवल इनके फलने फूलने में इस्राईल की पूरी मदद की बल्कि क़ब्ज़े की इस ज़मीन पर अपने विस्तार के लिये की जाने वाली हिंसक कार्रवाइयों में भी हमेशा इनके साथ रहे। इसी अमेरिकी समर्थन का नतीजा है कि इस्राईल गत दो वर्षों में ग़ज़ा के लगभग 80 हज़ार बेगुनाह व निहत्थे लोगों को मार चुका है।और उसकी बर्बरतापूर्ण कार्रवाई अभी भी जारी है। दूसरी तरफ़ वह ईरान है जो पश्चिमी देशों की  बांटो और राज करो  की नीति का शिकार होकर ऑर्गनाइज़ेशन ऑफ़ इस्लामिक कोऑपरेशन के 57 सदस्य देश होने के बावजूद पश्चिमी साज़िश के तहत केवल शिया-सुन्नी मतभेद के नाम पर हमेशा अलग थलग किया जाता रहा । इसके अलावा 1979 में जबसे ईरान में अमेरिका परस्त शाह मोहम्मद रज़ा पहलवी का तख़्ता पलट हुआ और अयातुल्लाह रूहुल्लाह ख़ोमैनी के नेतृत्व में इस्लामी गणराज्य की स्थापना हुई तभी से ईरान अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का भी सामना करता आ रहा है। इस अमेरिकी विरोध की वजह केवल यह थी कि अयातुल्लाह ख़ोमैनी के नेतृत्व वाली इस्लामिक क्रांति ने ईरान को न केवल पश्चिमी सभ्यता से मुक्त कर ईरानी सभ्यता पर चलने की राह हमवार की बल्कि ईरान की तेल सम्पदा को लेकर अमेरिकी मनमानी किये जाने के अमेरिकी सपनों को भी चकनाचूर कर दिया। यही वजह थी कि अमेरिका ने ईरान के 1979 इस्लामिक क्रांति के बाद के शासन को कट्टरपंथी शासन  कह कर संबोधित करना शुरू कर दिया। और पूरे विश्व में ईरान को लेकर यही धारणा बनाने की कोशिश भी की। उधर ईरान के अतिरिक्त इस्लामी जगत के लगभग सभी शेष देश पश्चिमी देशों ख़ासकर अमेरिका की आँखों का तारा बने रहे। इसी लिये अमेरिका ने बहरीन,कुवैत,यूएई,इराक़,सऊदी अरब,जॉर्डन जैसे अनेक देशों को ईरान का भय दिखा कर इन देशों की सुरक्षा करने के नाम पर यहाँ अपने सैन्य ठिकाने बना रखे हैं। कई अमेरिकी युद्धपोत भी इस क्षेत्र में सक्रिय हैं। अमेरिका यह सारी क़वायद केवल ईरान को घेरने की अपनी दूरगामी साज़िश के तहत करता आ रहा है। उधर ईरानी नेतृत्व जिसकी बागडोर उन शिया उलेमाओं के हाथों में है जिनकी प्रेरणा का मुख्य स्रोत हज़रत अली व उनके पुत्र हज़रत इमाम हुसैन का वह घराना है जिसने लगभग 1450 वर्ष पूर्व करबला ( इराक़ ) में अपनी व अपने परिजनों की क़ुर्बानी देकर इतिहास में सुनहरे अक्षरों में रहती दुनिया तक के लिये यह लिख दिया कि दुश्मन चाहे जितना ताक़तवर क्यों न हो परन्तु यदि वह क्रूर है,अमानवीय है,असत्य और हिंसा पर चलने वाला है,अधार्मिक है तो ऐसे दुश्मन के आगे सिर्फ़ उसकी ताक़त से प्रभावित होकर झुकना अधर्म  है।

# पाकिस्तान में 'सरदार जी-3' की तूफानी कमाई, दिलजीत दोसांझ ने जताया आभार



**पंजाबी सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सरदार जी-3' फिलहाल भारत में रिलीज नहीं की गई है, लेकिन अन्य देशों में इसे दर्शक देख रहे हैं। इस फिल्म में उनके साथ पाकिस्तानी एक्ट्रेस हनिया आमिर नजर आ रही हैं, इसलिए पहलगाम हमले के बाद फिल्म को भारत में काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। शायद इसलिए उन्होंने जानकारी शेयर की है कि पाकिस्तान में फिल्म को कैसी प्रतिक्रिया मिल रही है और वहां इसकी कितनी कमाई हो रही है। इसके चलते उन्हें एक बार फिर ट्रोल किया जा रहा है।**

दिलजीत दोसांझ ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें पाकिस्तान के सिनेमाघरों में 'सरदार जी-3' देखने पहुंचे दर्शकों का जबरदस्त उत्साह नजर आ रहा है। वीडियो में फिल्म की लीड एक्ट्रेस हनिया आमिर का एक सीन भी शामिल है। इस पोस्ट के साथ दिलजीत ने लिखा, "देश की सबसे बड़ी अल्ट्रा स्क्रीन पर 12 शो। 'सरदार जी-3' को दर्शकों से मिल रही है तूफानी प्रतिक्रिया। आइए और फिल्म देखें।" इतना ही नहीं, दिलजीत ने फिल्म की कमाई से जुड़ी जानकारी भी शेयर की है। उनके मुताबिक, 'सरदार जी-3' ने रिलीज के पहले दो दिनों में दुनियाभर में कुल 11.03 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। पहले दिन फिल्म ने 4.32 करोड़ रुपये कमाए, जबकि दूसरे दिन इसकी कमाई बढ़कर 6.71 करोड़ रुपये हो गई।

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत में पाकिस्तानी कलाकारों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसी क्रम में दिलजीत दोसांझ और हनिया आमिर की फिल्म 'सरदार जी-3' भी विवादों में आ गई है। इस फिल्म की शूटिंग बैन लागू होने से पहले ही पूरी हो चुकी थी, लेकिन सरकार के फैसले के चलते इसे भारत में रिलीज नहीं किया जा सका।

फिल्म का ट्रेलर रिलीज एक हफ्ते पहले हुआ था, जिसे लेकर दिलजीत को सोशल मीडिया पर काफी आलोचना झेलनी पड़ी। कई लोगों का मानना है कि ट्रेलर शेयर कर दिलजीत ने अप्रत्यक्ष रूप से पाकिस्तानी कलाकारों का समर्थन किया है। इस विवाद के बाद ऑल इंडिया सिने वर्कर्स एसोसिएशन ने दिलजीत दोसांझ की सभी फिल्मों और शो पर बैन लगाने की मांग की है। साथ ही उन्होंने दिलजीत को उनकी अपकमिंग फिल्म 'बॉर्डर 2' से हटाने की भी अपील की है।






# 'हेरा फेरी-3' में परेश रावल की वापसी, बाबूभाई का किरदार निभाने के लिए तैयार

*परेश रावल, अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी की सुपरहिट फिल्म 'हेरा फेरी' आज भी दर्शकों के दिलों पर राज करती है। इसका सीक्वल 'फिर हेरा फेरी' भी जबरदस्त हिट रहा और बाबूभाई के किरदार में परेश रावल को अपार लोकप्रियता मिली। हाल ही में 'हेरा फेरी-3' को लेकर काफी चर्चा हो रही थी, लेकिन फैंस उस वक्त हैरान रह गए जब खबर आई कि परेश रावल ने फिल्म से किनारा कर लिया है। अक्षय कुमार ने उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई तक कर दी थी। हालांकि, अब फैंस के लिए राहत की खबर है। परेश रावल ने खुद पुष्टि की है कि वे 'हेरा फेरी-3' का हिस्सा हैं और फिल्म में बाबूभाई का किरदार निभाने के लिए तैयार हैं। उनके वापस आने से फैंस के बीच एक बार फिर उत्साह देखने को मिल रहा है और सभी को अब फिल्म का बेसब्री से इंतजार है।*



'हेरा फेरी-3' को लेकर आखिर क्या विवाद है? इस सवाल पर बात करते हुए परेश रावल ने कहा, "हेरा फेरी जैसी फिल्म बार-बार नहीं बनती। ऐसा जादू हर बार दोहराया नहीं जा सकता। अगर ऐसा होने लगे तो चीजें एक जैसी लगने लगेंगी और सृजनात्मकता खत्म हो जाएगी।" उन्होंने आगे कहा, "कोई विवाद नहीं है। मैं बस इतना मानता हूं कि जब लोग किसी चीज से इतना जुड़ जाते हैं और उसे इतना प्यार देते हैं, तो हमें भी उसके प्रति उतनी ही जिम्मेदारी दिखानी चाहिए। अगर दर्शक आपको इतना प्यार करते हैं, तो आपको उन्हें हल्के में नहीं लेना चाहिए। मेहनत कीजिए और उन्हें एक बेहतर अनुभव दीजिए। टीमवर्क से, लगन से काम करना चाहिए। बस यही मेरा संदेश है।"

उन्होंने कहा, "अब सब ठीक है। फिल्म निश्चित रूप से आ रही है, यह पहले भी आने वाली थी। हमें बस एक-दूसरे के साथ तालमेल बिठाना है। हर कोई रचनात्मक है। प्रियदर्शन, अक्षय, सुनील सभी मेरे कई सालों से दोस्त हैं।

# आमिर खान ने ठुकरा दिया था अंडरवर्ल्ड पार्टी का न्योता

*बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान अपनी फिल्मों के साथ-साथ अपनी निजी जिंदगी में भी उतनी ही ईमानदारी और सिद्धांतों के साथ चलते हैं। अपने लंबे करियर में उन्होंने इंडस्ट्री को कई यादगार फिल्में दी हैं, लेकिन कभी अपने मूल्यों से समझौता नहीं किया। ऐसा ही एक साहसी किस्सा तब सामने आया जब आमिर ने अंडरवर्ल्ड की ओर से मिले एक निमंत्रण को ठुकरा दिया था। इस फैसले से उनके परिवार की चिंता बढ़ गई थी, लेकिन आमिर अपने निर्णय पर अडिग रहे और बिना किसी डर के सही राह पर खड़े रहे।*



यह घटना 90 के दशक की है, जब मुंबई पर अंडरवर्ल्ड का खासा दबदबा था और उनकी ओर से आयोजित पार्टियों में बॉलीवुड के कई बड़े सितारे शामिल हुआ करते थे। उसी दौर में आमिर खान को भी दुबई में होने वाली एक अंडरवर्ल्ड पार्टी का निमंत्रण मिला। उस समय ऐसे न्यौते को ठुकराना आसान नहीं होता था, क्योंकि इससे अंडरवर्ल्ड से दुश्मनी मोल ली जा सकती थी। कई कलाकार डर या फायदे के चलते इन पार्टियों में शरीक हो जाते थे, लेकिन आमिर खान ने उस रास्ते पर चलने से इनकार कर दिया। उन्होंने साहस के साथ इस न्यौते को ठुकरा दिया और अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया।

### यह उनकी प्रतिष्ठा का सवाल था - आमिर खान

आमिर खान ने हाल ही में एक दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा, "मैंने दुबई, मिडिल ईस्ट में उनकी पार्टी में शामिल होने का निमंत्रण ठुकरा दिया। उन्होंने बहुत कोशिश की। मुझे पैसे ऑफर किए, इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी कहा कि मुझे जो भी काम पसंद आएगा वो मैं कर सकता हूँ। लेकिन फिर भी मैंने मना कर दिया। फिर उन्होंने तुरंत अपना सुर बदला और कहा कि मुझे आना ही होगा, क्योंकि पहले ही घोषणा हो चुकी है कि मैं आऊंगा। तो यह उनके लिए प्रतिष्ठा का सवाल था।"

### आप मुझे मजबूर कर सकते हैं, मैं खुद नहीं आऊंगा - आमिर खान

आमिर ने कहा, "हमारी पिछली मुलाकात के दौरान मैंने उनसे कहा था, 'आप पिछले एक महीने से मुझसे मिल रहे हैं और मैं शुरू से ही आपसे कह रहा हूं कि मैं नहीं आऊंगा। आप बहुत शक्तिशाली लोग हैं, आप मुझे मार सकते हैं, मेरे सिर पर वार कर सकते हैं, मेरे हाथ-पैर बांध सकते हैं और मुझे जबरदस्ती कहीं भी ले जा सकते हैं, लेकिन मैं खुद नहीं आऊंगा।' उसके बाद उन्होंने मुझसे संपर्क नहीं किया।"

### आमिर अपने परिवार के लिए डर गए थे

आमिर खान ने माना कि उस समय वे बहुत डरे हुए थे, उन्हें अपने परिवार की भी चिंता थी। "मेरे दो छोटे बच्चे थे, मेरे माता-पिता चिंतित थे। उन्होंने मुझसे कहा, 'तुम क्या कर रहे हो? वे बहुत खतरनाक लोग हैं।' मैंने उनसे केवल एक ही बात कही, 'मैं अपनी ज़िंदगी वैसे जीना चाहता हूँ जैसे मैं जीना चाहता हूँ। मैं वहा पार्टी में नहीं जाना चाहता," आमिर ने कहा।

आमिर ने बताया कि उन्हें अपने करीबी लोगों की भी बहुत चिंता रहती है। वहीं, आमिर की निजी जिंदगी की बात करें तो उन्होंने 1986 में रीना दत्ता से शादी की थी। 1993 में जुनैद का जन्म हुआ और 1997 में उनकी बेटी आइरा का जन्म हुआ। 2002 में रीना और आमिर का तलाक हो गया। इसके बाद आमिर ने किरण राव से दूसरी शादी की। आमिर ने किरण से भी तलाक ले लिया और अब गौरी स्प्रैट को डेट कर रहे हैं।

# 'मंडला मर्डर्स' से वाणी कपूर का दमदार लुक आया सामने, रिलीज डेट भी कन्फर्म

वाणी कपूर को हाल ही में अजय देवगन के साथ फिल्म 'रेड-2' में देखा गया था, जिसमें उनके अभिनय की काफी सराहना हुई थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा प्रदर्शन किया। अब वाणी कपूर ओटीटी की दुनिया में एंट्री करने जा रही हैं। वाणी की पहली वेब सीरीज 'मंडला मर्डर्स' जल्द ही दर्शकों के सामने आने वाली है। इस क्राइम-थ्रिलर सीरीज की रिलीज डेट का ऐलान हो चुका है। अब फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि कब और कहां वे वाणी का यह नया अवतार देख पाएंगे।

वाणी कपूर की ओटीटी डेब्यू सीरीज 'मंडला मर्डर्स' से उनकी पहली झलक सामने आ गई है। पोस्टर में वाणी हाथ में बंदूक थामे बेहद दमदार अंदाज में नजर आ रही हैं। साथ ही सुरवीन चावला, वैभव राज गुप्ता और श्रिया पिलगांवकर जैसे सितारों की भी झलक देखने को मिल रही है। सीरीज के पहले पोस्टर को साझा करते हुए मेकर्स ने लिखा, "हर वरदान में एक श्राप छुपा होता है, और उसका मोल चुकाने का वक्त अब करीब है।" 'मंडला मर्डर्स' का प्रीमियर 25 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर होने जा रहा है, जिसे लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह है।




# दस दिन बाद भी फिल्म 'सितारे जमीन पर' का बॉक्स ऑफिस पर जलवा बरकरार



आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर' को रिलीज़ हुए 10 दिन पूरे हो चुके हैं। 20 जून को सिनेमाघरों में आई इस फिल्म ने पहले दिन से ही दर्शकों का दिल जीत लिया है और बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। भारत में अब तक फिल्म ने 120 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है। वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर इसकी कुल कमाई तेजी से 200 करोड़ रुपये के आंकड़े की ओर बढ़ रही है।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के अनुसार आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर' ने रिलीज के 10वें दिन यानी दूसरे रविवार को 14.50 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की। इसके साथ ही फिल्म का कुल घरेलू कलेक्शन अब 122.65 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। सिर्फ देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी फिल्म ने जबरदस्त प्रदर्शन किया है। अब तक वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 'सितारे जमीन पर' की कुल कमाई 194 करोड़ रुपये हो चुकी है। 'सितारे जमीन पर' में पहली बार आमिर खान और जेनेलिया डिसूज़ा की जोड़ी सिल्वर स्क्रीन पर नजर आई है। फिल्म में जेनेलिया ने आमिर की पत्नी सुनीता की भूमिका निभाई है, जबकि आमिर एक बदनाम बास्केटबॉल कोच गुलशन के किरदार में दिखाई दे रहे हैं। इस फिल्म की कहानी डाउन सिंड्रोम पर आधारित है और इसे आरएस प्रसन्ना ने निर्देशित किया है। आमिर खान ने इस प्रोजेक्ट को अपनी पूर्व पत्नी किरण राव के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया है।

# फिल्म 'सरजमीन' का टीजर रिलीज, काजोल के फैंस में एक बार फिर उत्साह




अभिनेत्री काजोल इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'मां' में दमदार परफॉर्मेंस को लेकर खूब सराही जा रही हैं। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई है। इसी बीच काजोल की अगली फिल्म 'सरजमीन' से अभिनेता बोमन ईरानी के बेटे कायोज ईरानी बतौर निर्देशक बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। 'सरजमीन' को लेकर काजोल के फैंस के बीच एक बार फिर उत्साह देखने को मिल रहा है। काजोल की नई फिल्म 'सरजमीन' को लेकर अब एक और बड़ी जानकारी सामने आ गई है। इस फिल्म में उनके साथ सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान लीड रोल में नजर आएंगे। पृथ्वीराज सुकुमारन भी इस प्रोजेक्ट का अहम हिस्सा हैं। फिल्म 'सरजमीन' 25 जुलाई को ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर रिलीज होने जा रही है। इसका पहला वीडियो भी रिलीज किया जा चुका है, जिसमें इब्राहिम और पृथ्वीराज के बीच जबरदस्त टकराव देखने को मिल रहा है। फिल्म को करण जौहर ने प्रोड्यूस किया है और यह कायोज ईरानी का निर्देशन डेब्यू है।



# मुंहासों को ठीक करने के लिए करें ये उपाय

*किशोरावस्था में कदम रखते ही हार्मोन में आये बदलावों के कारण कई प्रकार की समस्याएं भी आती हैं। इन्हीं में से एक है चेहरे पर होने वाले मुंहासे (एक्ने)। एक्ने को आयुर्वेदिक उपचार से ठीक किया जा सकता है। दरअसल त्वचा के नीचे स्थित सिबेशस ग्लैंड्स से त्वचा को नम रखने के लिए एक तेल निकलता है। ये ग्रंथियां चेहरे, पीठ, छाती और कंधों पर सबसे ज्यादा होते हैं।*

अगर ये ज्यादा सक्रिय हो जाएं तो रोमछिद्र चिपचिपे होकर बंद हो जाते हैं और उनमें बैक्टीरिया पनपने लगते हैं जो आगे चलकर एक्ने का कारण बनते हैं। सिबेशस ग्लैंड्स की अति सक्रियता की प्रमुख वजह एंड्रोजन हार्मोन की अधिकता होती है। एंड्रोजन पुरुष सेक्स हार्मोन है और यह लड़के और लड़कियों दोनों में ही होता है। किशोरावस्था में इसका प्रभाव ज्यादा होता है। आइए हम आपको एक्नै के उपचार के लिए आयुर्वेद तरीकों के बारे में बताते हैं।

**एक्ने की समस्या:** कुछ लड़कियों को पीरियड्स से पहले बार-बार मुंहासे निकल आते हैं जो बिगड़कर एक्ने का रूप ले सकते हैं। ऐसा ओव्यूलेशन के बाद प्रोजेस्टेरॉन हार्मोन के ज्यादा सिक्रीशन की वजह से भी होता है। इससे त्वचा पर छोटे-छोटे दानों के गुच्छे जैसे बन जाते हैं। इसी तरह सिबेशस ग्रंथियों से उत्पन्न सीबम त्वचा के पिगमेंट मिलकर रोमछिद्रों को ब्लॉक कर देता है तो ब्लैकहेड्स बनते हैं। अगर त्वचा की अंदरूनी परत में सीबम जमा हो जाता है तो व्हाइटहेड्स बनते हैं। कई बार ब्लैकहैड्स और व्हाइटहेड्स त्वचा के भीतर फैलने के बाद फूट जाते हैं, जिससे बाहरी त्वचा पर एक्ने और ज्यादा फैल सकता है। दरअसल टीनेज में हार्मोंस में लगातार बदलाव आते रहते हैं, नतीजन चेहरे पर दाग, धब्बे, मुंहासे और एक्ने की समस्या होने लगती हैं। एक्ने ऐसी समस्या है जो आमतौर पर टीनेज और युवावस्था में अधिक होती है। अगर आपके परिवार में पहले भी परिवार वालों को एक्ने रहे हैं यानी आपके मां या पिता को भी यह समस्या रही है तो भी आपको इससे बचाव के लिए तैयार रहना चाहिए। एक्ने त्वचा का एक विकार है। एक प्रकार से यह मुंहासों का ही बिगड़ा हुआ रूप है।

» गाय के ताजे दूध में चिरौंजी पीसकर इसका लेप बनाकर चेहरे पर लगाएं और सूखने पर धो लें। इससे एक्ने की समस्या से निजात मिलेगी।

» चमेली के तेल को सुहागा में मिलाकर रात को सोते समय चेहरे पर लगाकर मसलें। सुबह बेसन को पानी से गीला कर गाढ़ा-गाढ़ा चेहरे पर लगाकर मसलें और पानी से चेहरा धो डालें। इससे चेहरे पर होने वाली जलन पर बहुत आराम मिलेगा।

» मसूर की दाल 2 चम्मच लेकर बारीक पीस लें। इसमें थोड़ा सा दूध और घी मिलाकर फेंट लें और पतला-पतला लेप बना लें। इस लेप को मुंहासों पर लगाएं।

» मुंहासों को दूर करने के लिए जायफल भी बहुत फायदेमंद होता है। इसके लिए साफ पत्थर पर पानी डालकर जायफल घिसकर लेप को कील-मुंहासों पर लगाएं।

**अन्यर आयुर्वेदिक उपाय:** शुद्ध टंकण और शक्ति पिष्टी (आयुर्वेदिक दुकानों में उपलब्ध) 10-10 ग्राम मिलाकर एक शीशी में भर लें। थोड़ा सा यह पावडर और शहद अच्छी तरह मिलाकर कील-मुंहासों पर लगाएं।

लोध्र, वचा और धनिया, तीनों 50-50 ग्राम खूब बारीक पीसकर शीशी में भर लें। एक चम्मच चूर्ण थोड़े से दूध में मिलाकर लेप बना लें और कील-मुंहासों पर लगाएं। आधा घंटे बाद पानी से धो डालें। सफेद सरसों, लोध्र, वचा और सेन्धा नमक 25-25 ग्राम बारीक चूर्ण करके मिला लें और शीशी में भर लें। एक चम्मच चूर्ण पानी में मिलाकर लेप बना लें और कील-मुंहासों पर लगाएं।

मसूर, वट वृक्ष की कोंपलें (नरम छोटी पत्तियां), लोध्र, लाल चन्दन, सब 10-10 ग्राम बारीक चूर्ण करके मिला लें। एक चम्मच चूर्ण पानी के साथ पीसकर लेप बना लें। इसे कील-मुंहासों पर लगाएं। आयुर्वेद उपचार के साथ ही एक्ने की समस्यां से बचने के लिए चेहरे की साफ-सफाई रखना जरूरी हैं, ऐसे में चेहरे को बार-बार पानी से धोएं।

## आर्यन हेलीकॉप्टर कंपनी के प्रबंधक तोमर और मैनेजर पाठक को नहीं मिली जमानत

रुद्रप्रयाग (ईएमएस)। केदारनाथ में हुए हेलीकॉप्टर हादसे के मामले में आर्यन हेलीकॉप्टर कंपनी के प्रबंधक विकास तोमर और मैनेजर कौशिक पाठक को जिला न्यायालय से अग्रिम जमानत नहीं मिली है। इस हादसे में पायलट सहित सात लोगों की मौत हुई थी। दरअसल 15 जून को केदारनाथ धाम से लौटते समय गौरीकुंड खर्क की पहाड़ी पर एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। इस मामले में पुलिस ने आर्यन एविएशन हेली कंपनी के प्रबंधक तोमर और मैनेजर पाठक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 105 और वायुयान अधिनियम 1934 की धारा 10 के तहत मामला दर्ज किया था। इस मामले में दोनों आरोपियों ने जिला एवं सत्र न्यायालय में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन किया था। सुनवाई के दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सहदेव सिंह ने अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर कहा कि रिकॉर्ड से पता चलता है कि स्लॉट के अनुसार आवंटित समय से पहले चॉपर को उड़ान भरने की अनुमति दी गई थी या निर्देशित किया गया था। यह तथ्य हेली सेवाओं के ऑपरेटरों के संज्ञान में था कि क्षेत्र में मौसम की स्थिति तेजी से बदलती है। आवेदकों/ अभियुक्तों का कार्य गलत लाभ प्राप्त करने के लिए जानबूझकर या लापरवाहीपूर्ण है, जो निश्चित रूप से जांच का मामला है। सावधानी की कमी, इसके परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर मानव जीवन का नुकसान हुआ, इस मामले को गंभीर श्रेणी में रखता है।

## सड़कों और नालियों के निर्माण, घोटाले में गगन कुरील और अरुण गुप्ता गिरफ्तार

नई दिल्ली,(ईएमएस)। दिल्ली में सड़कों और नालियों के निर्माण सहित चार अलग-अलग कार्यों में 5.5 करोड़ से अधिक के घोटाले के आरोप में दिल्ली की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के निलंबित कार्यकारी अभियंता गगन कुरील और बाबा कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिक अरुण गुप्ता को गिरफ्तार किया है। दरअसल ठेकेदारों ने केवल कागजों में काम पूरा होना दिखाया और बिना काम किए 100 प्रतिशत भुगतान ले लिया। सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग की शिकायत पर 12 मार्च को एसीबी ने कुरील और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था। बाबा कंस्ट्रक्शन को सिरसपुर में नाले और सड़क निर्माण के लिए 5.3 करोड़ के तीन ठेके मिले थे, लेकिन कोई काम नहीं किया और 4.2 करोड़ का भुगतान कर दिया गया। अंबा कंस्ट्रक्शन (अरुण गुप्ता के भाई वरुण गुप्ता की कंपनी) को बुराड़ी में सीटीपी नेटवर्क की मरम्मत के लिए 38.98 लाख का ठेका दिया गया था। यहां भी कोई काम न होने के बावजूद 43.74 लाख का भुगतान किया गया। घोटाले की शिकायत के बाद गगन कुरील ने एसीबी की जांच में सहयोग किया, लेकिन अरुण गुप्ता ने कभी सहयोग नहीं किया। पूछताछ के लिए बुलाने पर वहां कभी पेश नहीं हुआ और जांच अधिकारी को ऋषिकेश में होने की बात कही। हालांकि, एक वकील के फार्म हाउस से गिरफ्तार किया गया, जहां वह कई दिनों से छिपा हुआ था।

## जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे की बहाली करे, पांच प्रमुख हस्तियों ने सीजेआई को लिखा खुला पत्र

**-सुनवाई के लिए विशेष पीठ गठित करने का आग्रह**

नई दिल्ली,(ईएमएस)। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे की बहाली में हो रही देरी पर पांच प्रमुख हस्तियों ने भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बी.आर. गवई को खुला पत्र लिखकर स्वतः संज्ञान लेने और मुद्दे पर सुनवाई के लिए विशेष पीठ गठित करने का आग्रह किया है। इस पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में पूर्व केंद्रीय गृह सचिव गोपाल पिल्लई, जम्मू-कश्मीर के लिए वार्ताकार समूह की पूर्व सदस्य राधा कुमार, भारतीय सेना के सेवानिवृत्त मेजर जनरल अशोक के मेहता, भारतीय वायुसेना के सेवानिवृत्त एयर वाइस मार्शल कपिल काक और अंतर-राज्यीय परिषद के पूर्व सचिव अमिताभ पांडे शामिल हैं। इन सभी ने सामूहिक पत्र में लिखा है, राज्य का दर्जा समाप्त कर दो केंद्र शासित प्रदेशों में बदलना संविधान के खिलाफ है। भारत एक संघीय लोकतंत्र है, जहां राज्यों के अधिकारों की रक्षा होनी चाहिए। इसीलिए हम आपसे अनुरोध करते हैं कि आप पत्र का स्वतः संज्ञान लें और इस मुद्दे की सुनवाई के लिए एक पीठ गठित करें ताकि राज्य का दर्जा बहाल हो सके और भविष्य में किसी राज्य का दर्जा खत्म न हो सके। उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाकर कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री ने नवंबर 2019 में संसद में राज्य का दर्जा शीघ्र बहाल करने का वादा किया था जो अब तक अधूरा है। पत्र में बताया गया कि दिसंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट के सामने सॉलिसिटर जनरल ने कहा था कि राज्य का दर्जा चरणबद्ध तरीके से बहाल होगा। इस पर पत्र में कहा गया, "यह नीति ही उस संवैधानिक तर्क को नकारती है कि किसी राज्य को पूरी तरह से केंद्र शासित प्रदेश में बदला नहीं जा सकता। अगर यह असंवैधानिक था, तब राज्य का दर्जा पूरी तरह से बहाल किया जाना चाहिए। पत्र में चेतावनी दी गई कि केंद्र अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकी हमले का हवाला देकर बहाली में देरी को जायज ठहरा सकती है, जबकि हकीकत में यह बहाली का बिल्कुल उचित समय है। उन्होंने लिखा, अक्टूबर 2024 में हुए विधानसभा चुनावों में भारी मतदान और क्षेत्रीय पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस को मिली स्पष्ट बहुमत ने स्पष्ट किया है कि जनता ने एक चुनी हुई मजबूत सरकार को वोट दिया है।"

## तेलंगाना हाईकोर्ट की महिला जज से वकील हुए नाराज, बोले- कोर्ट में करती हैं बेइज्जत

भारत के चीफ जस्टिस और राष्ट्रपति को लिखेंगे पत्र

हैदराबाद,(ईएमएस)। तेलंगाना हाईकोर्ट की एक महिला जज से वकील नाराज हैं। वकीलों का आरोप है कि जस्टिस मौसमी भट्टाचार्य ठीक से अंग्रेजी नहीं बोलने पर वकीलों को अपमानित करती हैं। साथ ही भारी जुर्माना लगाने को लेकर भी वकील नाराज हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक तेलंगाना हाईकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन ने जस्टिस मौसमी भट्टाचार्य के ट्रांसफर को लेकर भारत के चीफ जस्टिस और राष्ट्रपति को पत्र लिखने का फैसला किया है। बता दें 26 जून को हाईकोर्ट के एसोसिएशन हॉल में बैठक हुई थी, जिसमें जस्टिस मौसमी भट्टाचार्य के मुद्दे पर चर्चा हुई। रिपोर्ट के मुताबिक वकीलों का आरोप है कि जज मौसमी बार के कई सदस्यों को नीचा दिखाती हैं और ठीक से तैयार नहीं करने या अंग्रेजी नहीं बोल पाने जैसी बातों पर अपमानित करती हैं। वकील कहते हैं कि तेलंगाना हाईकोर्ट में पद संभालने के बाद ही जस्टिस मौसमी भट्टाचार्य का वकीलों के खिलाफ अपमानजनक बर्ताव शुरू हो गया था। बार के एक सदस्य ने बताया कि कई वरिष्ठ वकीलों ने उनसे मुलाकात की और कहा कि मैडम जूनियर वकीलों का आपके सामने केस पेश करना मुश्किल हो गया है। वह कहती हैं कि बर्ताव में सुधार करेंगी, लेकिन कुछ नहीं बदला। वकीलों का अपमान करना जारी है और इसके अलावा वह कुछ भी जुर्माना लगा देती हैं। एक वकील ने कहा कि यह अनुचित आलोचना है, क्योंकि इससे जूनियर वकीलों के मनोबल पर असर पड़ता है और पिछड़ी पृष्ठभूमि से आने वाले वकीलों के लिए ऐसा बर्ताव असंवेदनशील है।

# कर्नाटक सीएम पद पर फिर विवादः डिप्टी सीएम के करीबी एमएलए का दावा- 100 विधायक साथ; खड़गे बोले- सीएम बदलने का फैसला आलाकमान करेगा

**बेंगलुरुः** कर्नाटक कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद को लेकर अंदरूनी खींचतान तेज हो गई है। इस बीच कांग्रेस नेता और कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला बेंगलुरु दौरे पर पहुंचे हैं और पार्टी विधायकों के साथ लगातार मीटिंग कर रहे हैं। डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के करीबी विधायक इकबाल हुसैन ने दावा किया कि करीब 100 विधायक मुख्यमंत्री बदलने के पक्ष में हैं। अगर अब बदलाव नहीं हुआ, तो 2028 का चुनाव कांग्रेस नहीं जीत पाएगी। हुसैन ने एनडीटीवी से बातचीत में कहा, हम सुरजेवाला से यह मुद्दा खुलकर उठाएंगे। शिवकुमार ने पार्टी के लिए दिन-रात मेहनत की है और उन्हें अब सीएम बनने का मौका मिलना चाहिए।

दरअसल, 2023 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की बड़ी जीत में डीके शिवकुमार की अहम भूमिका रही थी। तब वे मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार थे, लेकिन पार्टी हाईकमान के कहने पर उन्होंने डिप्टी सीएम और प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी स्वीकार की। उस समय रोटेशनल सीएम फॉर्मूले की बात भी सामने आई थी, लेकिन इसे कभी सार्वजनिक रूप से मंजूरी नहीं मिली। अब एक बार फिर यह मुद्दा खुलकर सतह पर आ गया है।



### सुरजेवाला बोले- राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की बात सिर्फ कल्पना

रणदीप सुरजेवाला सोमवार को बेंगलुरु पहुंचे थे। उनके इस दौरे को सीएम और डिप्टी सीएम में बढ़ रही दरार से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि उन्होंने इन अटकलों को खारिज कर दिया और 'अपने दौरे को "संगठनात्मक समीक्षा" बताया। उन्होंने मीडिया से नेतृत्व परिवर्तन की बात को कल्पना कहा। सिद्धारमैया ने भी मैसूर में मीडिया से बात करते हुए कहा कि सरकार 'बांदे' यानी चट्टान की तरह पांच साल चलेगी।

### खड़गे बोले- कर्नाटक में सीएम बदलने का फैसला आलाकमान लेगा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को कहा, 'यह फैसला (सीएम बदलना) पूरी तरह हाईकमान के हाथ में है। कोई नहीं कह सकता कि हाईकमान के दिमाग में क्या चल रहा है। फैसला लेना उनका अधिकार है, लेकिन बेवजह किसी को इस मुद्दे को लेकर कोई परेशानी नहीं खड़ी करनी चाहिए। दरअसल, रविवार को कर्नाटक कांग्रेस के विधायक एच. ए. इकबाल हुसैन ने कहा था कि उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को आने वाले दो-तीन महीनों में राज्य का मुख्यमंत्री बनने का मौका मिल सकता है। इसके बाद से ही कर्नाटक में सीएम बदलने की अटकलें शुरू हुई थीं।

### भाजपा ने पूछा- यदि आप आलाकमान नहीं तो कौन

कर्नाटक में विपक्ष के नेता आर अशोक ने सोमवार को पूछा, 'प्रिय खड़गे जी, यदि आप आलाकमान नहीं हैं, तो कौन हैं, राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी या यह एक उपनाम की अदृश्य समिति है। कांग्रेस में अध्यक्ष सिर्फ दिखावे के लिए होते हैं, जबकि निर्णय 10 जनपथ में बंद दरवाजों के पीछे लिए जाते हैं।

### मार्च में कांग्रेस एमएलए ने दावा किया था- शिवकुमार दिसंबर में सीएम बनेंगे

कांग्रेस विधायक बसवराजू वी शिवगंगा ने 2 मार्च को दावा किया था कि डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार आने वाले दिसंबर में मुख्यमंत्री बनेंगे। कम से कम अगले 7.5 साल तक सीएम बने रहेंगे। शिवगंगा की बात का समर्थन करते हुए कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री वीरप्पा मोइली ने कहा- डीके शिवकुमार को राज्य का मुख्यमंत्री बनना चाहिए। साथ ही दावा किया कि शिवकुमार का मुख्यमंत्री बनना पहले से ही तय है। कोई उन्हें मुख्यमंत्री बनने से रोक नहीं सकता। इतिहास पहले ही लिख दिया गया है। आज या कल, यह हो जाएगा।

# तमिलनाडु को मोदी सरकार का 1853 करोड़ का तोहफा, इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर होगा ये बड़ा काम

**केंद्र** सरकार ने तमिलनाडु में 46.7 किलोमीटर लंबे परमकुडी-रामनाथपुरम खंड को चार लेन में परिवर्तित करने की महत्वाकांक्षी परियोजना को मंजूरी दे दी है। यह परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग-87 (NH-87) के एक हिस्से के रूप में विकसित की जाएगी और इसे हाइब्रिड एन्युटी मोड के तहत 1853 करोड़ रुपये की अनुमानित पूंजी लागत से तैयार किया जाएगा। मदुरै, परमकुडी, रामनाथपुरम, मण्डपम, रामेश्वरम और धनुष्कोडी जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक और आर्थिक स्थलों को जोड़ने वाला यह मार्ग वर्तमान में दो लेन वाला है। इस मार्ग पर प्रतिदिन भारी मात्रा में यातायात दबाव देखा जाता है, विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों और घनी आबादी वाले हिस्सों में। इसके चलते यात्री सुरक्षा, यात्रा समय और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

### क्यों शुरु की ये परियोजना? कैसे बदलेगा इलाके का रुप?



नई परियोजना के तहत परमकुडी से रामनाथपुरम तक NH-87 के खंड को चार लेन में अपग्रेड किया जाएगा। यह अपग्रेडेशन क्षेत्रीय यातायात को बेहतर बनाएगा, जाम की समस्या को कम करेगा, सड़क सुरक्षा को बढ़ाएगा और परमकुडी, सथिरकुडी, अचुंदनवायल और रामनाथपुरम जैसे तेजी से बढ़ते शहरों की गतिशील आवश्यकताओं को पूरा करेगा। यह नया सड़क खंड 5 प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों – NH-38, NH-85, NH-36, NH-536 और NH-32 – से जुड़ेगा और साथ ही 3 राज्य राजमार्गों – SH-47, SH-29 और SH-34 – को भी इंटरकनेक्ट करेगा। इस प्रकार यह परियोजना दक्षिण तमिलनाडु के आर्थिक, सामाजिक और लॉजिस्टिक्स केंद्रों को एकीकृत रूप से जोड़ेगी।

साथ ही, यह सड़क खंड 2 प्रमुख रेलवे स्टेशनों (मदुरै और रामेश्वरम), 1 हवाई अड्डे (मदुरै) और 2 छोटे बंदरगाहों (पंबन और रामेश्वरम) से भी जुड़ाव स्थापित करेगा, जिससे मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा मिलेगा और यात्रियों तथा माल की आवाजाही तेज होगी। परियोजना के पूर्ण होने पर यह खंड न केवल रामेश्वरम और धनुष्कोडी जैसे तीर्थ स्थलों की ओर पर्यटन को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि व्यापार और औद्योगिक विकास के नए रास्ते भी खोलेगा।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इस परियोजना से लगभग 8.4 लाख प्रत्यक्ष रोजगार दिवस और 10.45 लाख अप्रत्यक्ष रोजगार दिवस सृजित होंगे। यह विकास परियोजना तमिलनाडु के दक्षिणी हिस्से में सांस्कृतिक, आर्थिक और सामाजिक समृद्धि के नए द्वार खोलेगी और क्षेत्र को राष्ट्रीय विकास की मुख्यधारा से सशक्त रूप से जोड़ेगी। यह परियोजना न केवल एक बुनियादी ढांचे का विस्तार है, बल्कि यह दक्षिण भारत के विकास की रफ्तार को नया आयाम देने वाली पहल साबित होगी।

### परियोजना की मुख्य बातेंः

परियोजना लंबाईः 46.7 किलोमीटर
लागतः 1853 करोड़
निर्माण मोडः हाइब्रिड एन्युटी मोड
जुड़ावः 5 राष्ट्रीय राजमार्ग, 3 राज्य राजमार्ग, 2 रेलवे स्टेशन, 1 एयरपोर्ट, 2 बंदरगाह
रोजगार सृजनः 18.85 लाख रोजगार दिवस (प्रत्यक्ष + अप्रत्यक्ष)
लाभार्थी शहरः परमकुडी, सथिरकुडी, अचुंदनवायल, रामनाथपुरम

## के-6 हाइपरसोनिक मिसाइल परीक्षण को तैयार, परमाणु पनडुब्बियों पर होगी तैनात

**-मारक क्षमता 8000 किमी, मिनटों में करेगी दुश्मन का नाश**

नई दिल्ली,(ईएमएस)। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की हैदराबाद स्थित एडवांस्ड नेवल सिस्टम्स लैबोरेटरी (एएनएसएल) द्वारा विकसित के-6 हाइपरसोनिक मिसाइल समुद्री परीक्षण के लिए तैयार है। यह मिसाइल भारत की भविष्य की एस-5 श्रेणी की परमाणु पनडुब्बियों पर तैनात की जाएगी, जो मौजूदा अरिहंत श्रेणी से कहीं ज्यादा शक्तिशाली होंगी।

के-6 मिसाइल की सबसे बड़ी विशेषता इसकी हाइपरसोनिक गति है। यह फिर प्रवेश के दौरान मैख 7.5 की गति हासिल कर सकती है। इसकी मारक सीमा करीब 8000 किलोमीटर है, जो भारत के पहले से मौजूद के-4 (3500 किमी) और के-5 (6000 किमी) मिसाइलों से कहीं ज्यादा है। यह दुश्मन के इलाके में मिनटों में पहुंचकर टारगेट को ध्वस्त करने में सक्षम है। के-6 मिसाइल एमआईआरवी तकनीक से लैस है यानी एक ही मिसाइल कई अलग-अलग लक्ष्यों को निशाना बना सकती है। यह तकनीक भारत को सामरिक रूप से आक्रामक-रक्षात्मक दोनों मोर्चों पर ताकत देती है। के-6 की हाइपरसोनिक गति, उच्च गतिशीलता और स्टेल्थ डिज़ाइन इसे रडार और पारंपरिक एंटी-मिसाइल सिस्टम से बचाने में सक्षम बनाते हैं। अब तक केवल अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस और ब्रिटेन जैसे कुछ देशों के पास ही ऐसी हाइपरसोनिक तकनीक है या वे इस पर काम कर रहे हैं। के-6 के सफल परीक्षण के साथ भारत इस विशिष्ट वैश्विक समूह में शामिल होने जा रहा है। के-6 का समुद्री परीक्षण आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा मील का पत्थर माना जा रहा है। यह न सिर्फ स्वदेशी रक्षा तकनीक में भारत की बढ़ती क्षमता को दर्शाता है, बल्कि यह भविष्य में समुद्री सीमाओं और रणनीतिक हितों की रक्षा में निर्णायक भूमिका निभाएगा। के-6 मिसाइल सिर्फ एक नया हथियार नहीं, बल्कि यह भारत की रणनीतिक परिभाषा को फिर से गढ़ने वाला प्रणालीगत परिवर्तन है।

# भाजपा के 9 प्रदेशाध्यक्ष का ऐलान अगले 2 दिन मेंः राजीव बिंदल तीसरी बार हिमाचल के अध्यक्ष बने

**नई दिल्ली** : भाजपा ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष चुन लिए हैं। राजीव बिंदल को तीसरी बार हिमाचल की कमान दी गई है। जबकि महेंद्र भट्ट को दूसरी बार उत्तराखंड अध्यक्ष बनाया गया है। दोनों राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष निर्विरोध चुने गए। हालांकि अभी आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र में अध्यक्ष के नाम का ऐलान बाकी है। तेलंगाना में रामचंदर राव को प्रत्याशी बनाए जाने पर विवाद है। गोशामहल से विधायक टी राजा ने विरोध करते हुए सोमवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, दमन दीव और लद्दाख में मंगलवार को अध्यक्ष पद के लिए नामांकन होंगे। बुधवार को इन राज्यों के अध्यक्ष घोषित हो जाएंगे।



2 दिन में 9 राज्यों में नए प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की तस्वीर साफ हो जाएगी। भाजपा के संविधान के अनुसार, राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव 50% राज्यों में चुनाव होने के बाद ही होता है। फिलहाल भाजपा की 37 मान्यता प्राप्त स्टेट यूनिट हैं। इनमें से अब तक 14 राज्यों में अध्यक्ष चुने जा चुके हैं। मंगलवार को 19 राज्यों के अध्यक्ष चुन लिए जाएंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष जुलाई में चुने जा सकते हैं। सोमवार को उत्तराखंड में मौजूदा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, हिमाचल में राजीव बिंदल ने नामांकन कर दिया। वहीं, महाराष्ट्र में रवींद्र चव्हाण, आंध्र प्रदेश में पीवीएन माधव और तेलंगाना में रामचंद्र राव ने नामांकन किया है। दूसरी ओर, सोमवार को पुड्डुचेरी में वीपी रामलिंगम को प्रदेश बनाया गया। वहीं, मिजोरम में हाल ही में भाजपा में शामिल पूर्व मंत्री के. बैचुआ अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं।

बतौर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल जून 2024 को खत्म हो चुका है। वह एक्सटेंशन पर हैं। वहीं, वह केंद्र सरकार में मंत्री भी हैं, इस वजह से भाजपा जल्द नया अध्यक्ष चुनने की तैयारी में जुटी है। जेपी नड्डा को 2019 में कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था और जनवरी 2020 में वे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे।

## अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए ब्रिटेन के लोगों के परिजन जाएंगे कोर्ट!



अहमदाबाद,(ईएमएस)। 12 जून को अहमदाबाद में हुए एअर इंडिया 171 विमान हादसे में जान गंवाने वालों के ब्रिटेन में रह रहे परिजन अब एअर इंडिया और बोइंग के खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाने पर विचार कर रहे हैं। ब्रिटेन में रहने वाले पीड़ित परिवार लंदन की कानूनी फर्म से बातचीत कर रहे हैं ताकि संभावित मुकदमे दायर किए जा सकें। ये मुकदमे मुख्य रूप से मुआवजे की राशि बढ़ाने को लेकर हो सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि इस हफ्ते यूके में रहने वाले कई परिवारों के साथ बैठकें निर्धारित की गई हैं, जिनमें कानूनी रणनीति पर चर्चा की जाएगी। इन बैठकों के बाद अगली कार्रवाई को लेकर कोई ठोस फैसला लिया जाएगा। लंदन की कानूनी फर्म ने कहा कि हम एअर इंडिया की मुख्य विमानन बीमा कंपनी टाटा एआईजी की ओर से हाल ही में की गई वित्तीय सेटलमेंट की शुरुआती पेशकशों की समीक्षा कर रहे हैं।

## तेलंगाना केमिकल फैक्ट्री धमाका- मौत का आंकड़ा 36 हुआ

**हैदराबादः** तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में दवा फैक्ट्री में हुए धमाके में मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 36 हो गया है। फैक्ट्री से 31 शव बरामद किए गए हैं। वहीं, अस्पताल में 5 लोगों की मौत हो गई। 30 से ज्यादा घायल हैं। संगारेड्डी के SP परितोष पंकज ने यह जानकारी दी है। 30 जून को फैक्ट्री की रिएक्टर यूनिट में विस्फोट हुआ था। हादसा पाशमिलारम इंडस्ट्रियल एरिया स्थित सिगाची इंडस्ट्रीज में सुबह 8.15 बजे से 9.30 बजे के बीच हुआ था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम नेशनल रिलीफ फंड से मृतकों के परिजन को 2 लाख और घायलों को 50 हजार की मदद की घोषणा की थी। इधर, तमिलनाडु के शिवकाशी में मंगलवार को एक पटाखा फैक्ट्री में जोरदार धमाका हुआ, न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, कम से कम 5 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 4 लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं।

### धमाके से मजदूर कई मीटर दूर जा गिरे

एक मजदूर ने बताया कि वह सोमवार सुबह 7 बजे नाइट शिफ्ट पूरी करके बाहर निकला था। सुबह की शिफ्ट का स्टाफ अंदर आ चुका था। धमाका करीब 8 बजे हुआ। शिफ्ट शुरू होने पर मोबाइल जमा हो जाता है, इस वजह अंदर काम कर रहे लोगों की कोई खबर नहीं मिल पाई।

एक मजदूर के परिवार की महिला ने बताया कि उनके परिवार के चार लोग फैक्ट्री में काम करते हैं। इनमें उनका बेटा, दामाद, जेठ और देवर शामिल हैं। इनमें से तीन सुबह की शिफ्ट में थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक धमाका इतना तेज था कि वहां काम कर रहे मजदूर करीब 100 मीटर दूर जाकर गिरे। विस्फोट की वजह से रिएक्टर यूनिट तबाह हो गई है। कंपनी के एक कर्मचारी ने बताया कि अधिकतर मजदूर मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं। एक शिफ्ट में 60 से ज्यादा मजदूर और 40 अन्य लोगों का स्टाफ काम करता है।

# बेंगलुरु भगदड़ केस में सस्पेंड सीनियर आईपीएस बहालःट्रिब्यूनल बोला- पुलिस भगवान या जादूगर नहीं, जो कम समय में इतनी भीड़ कंट्रोल कर सके

**बेंगलुरुः** बेंगलुरु भगदड़ केस में सस्पेंड आईपीएस विकास कुमार को मंगलवार को सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल (कैट) ने बहाल कर दिया। कैट ट्रिब्यूनल ने कहा कि हादसे के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) जिम्मेदार है। कैट ने कहा, "पुलिस भगवान या कोई जादूगर नहीं है। पुलिस को व्यवस्था करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया जाता तो उससे भारी भीड़ को नियंत्रित करने की उम्मीद नहीं की जा सकती। आरसीबी ने विक्ट्री परेड से पहले पुलिस से परमिशन नहीं ली। अचानक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जानकारी पोस्ट, जिसके चलते भीड़ इकट्ठा हो गई। 5 लाख लोगों की भीड़ इकट्ठा करने के लिए फ्रेंचाइजी ही जिम्मेदार है।" IPL ट्रॉफी जीतने के बाद आरसीबी ने 4 जून को विक्ट्री परेड निकाली थी। इस दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ मच गई थी, इसमें 11 लोगों की जान गई थी और 75



लोग घायल हो गए थे। इस केस में आईपीएस अधिकारी विकास कुमार को सस्पेंड किया गया था। विकास कुमार ने कैट ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था।

### ट्रिब्यूनल बोला- पुलिस के पास अलादीन का चिराग नहीं

ट्रिब्यूनल ने मंगलवार को कहा कि निलंबन पुख्ता सबूतों पर आधारित नहीं। पुलिस अधिकारियों को बिना किसी पर्याप्त सबूत या आधार के सस्पेंड कर दिया गया है। यह आदेश निरस्त किया जाता है।

### राज्य सरकार ने कहा था- आरसीबी ने विक्ट्री परेड की सूचना दी थी

सरकार ने बेंगलुरु भगदड़ केस में अखिल भारतीय सेवा (अनुशासन और अपील) नियम, 1969 के तहत 3 आईपीएस अधिकारियों को निलंबित कर दिया था। एसीपी और पीआई के खिलाफ कर्नाटक राज्य पुलिस नियम, 1965 के तहत कार्रवाई की गई थी। राज्य सरकार ने आदेश में कहा कि आरसीबी के सीईओ ने 3 जून को बेंगलुरू शहर के पुलिस आयुक्त को बताया था कि वे 4 जून को विक्ट्री परेड और समारोह करेंगे। पुलिस आयुक्त का कार्यालय आयोजकों को जवाब नहीं दे सका। इतने बड़े आयोजन की तैयारी के लिए समय की कमी बताकर विक्ट्री परेड की मंजूरी नहीं दी थी।

### आईपीएस ने 5 जून को सस्पेंशन को चुनौती दी थी

▪ विकास ने सरकार के 5 जून के निलंबन आदेश को ट्रिब्यूनल में चुनौती दी थी, जिसमें बेंगलुरु पुलिस आयुक्त बी दयानंद और डीसीपी शेखर एच टेक्कन्नावर के नाम भी शामिल थे। ▪ राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि वे आदेश की समीक्षा करेंगे तथा आगे की कानूनी कार्रवाई के संबंध में मुख्यमंत्री से परामर्श करेंगे।

▪ जस्टिस बीके श्रीवास्तव और प्रशासनिक सदस्य संतोष मेहरा की अध्यक्षता वाली ट्रिब्यूनल की बेंगलुरु बेंच ने 24 जून इस केस की सुनवाई की। इसके बाद बेंच ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### अदालतों पर बोझ कम करने के लिए बनाया गया कैट

सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल (कैट) भारत सरकार के कर्मचारियों से जुड़े सेवा विवादों को हल करने के लिए बनाया गया है। इसका मकसद सरकारी कर्मचारियों के विवादों को तेज, कुशल और विशेषज्ञ तरीके से सुलझाना है, जिससे अदालतों पर बोझ कम हो। ट्रिब्यूनल की देशभर में दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु समेत कई बेंच हैं। कैट के निर्णयों के खिलाफ अपील सीधे हाईकोर्ट में की जा सकती है।

# तुर्किये में पैगंबर के कथित कार्टून पर विवाद: मिसाइलों की बारिश के बीच मूसा से हाथ मिलाते दिखाया, कार्टूनिस्ट समेत 4 गिरफ्तार



अंकारा. तुर्किये में पैगंबर मुहम्मद का कार्टून छपने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, लेमैन मैगजीन ने 26 जून को एक कार्टून पब्लिश किया था, जिसमें पैगंबर मुहम्मद और पैगंबर मूसा जैसे दिखने वाले दो शख्स को आसमान से गिरती मिसाइलों के बीच हवा में हाथ मिलाते हुए दिखाया गया था। इस कार्टून के सामने आने के बाद पूरे तुर्किये में लोगों का गुस्सा भड़क गया। गुस्साए लोगों ने इस्तांबुल में लेमैन मैगजीन के ऑफिस के बाहर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। वे 'दांत के बदले दांत, खून के बदला खून' के नारे लगा रहे थे। कुछ प्रदर्शनकारियों ने, जो एक इस्लामिक संगठन से जुड़े बताए जा रहे हैं, पत्रिका के दफ्तर पर पत्थरबाजी भी की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने कार्टून बनाने वाले कार्टूनिस्ट डोगन पहलवान को गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा लेमैन के चीफ एडिटर, मैनेजिंग एडिटर और ग्राफिक डिजाइनर की भी गिरफ्तारी हुई है।

सरकार बोली- यह फ्रीडम ऑफ स्पीच नहीं

घटना के बाद तुर्किये के गृहमंत्री अली येरलिकाया ने बयान जारी कर कहा कि यह प्रेस की आजादी या अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं है, बल्कि धार्मिक भावनाओं का अपमान है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। तुर्किये के न्याय मंत्री यिलमाज टुंक ने कहा कि इस तरह के कार्टून धार्मिक भावनाओं और सामाजिक सौहार्द का अपमान करते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि कोई भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का बहाना बनाकर किसी धर्म के प्रतीकों का अपमान नहीं कर सकता। गृह मंत्री येरलिकाया ने कहा कि वे पैगंबर साहब का मजाक उड़ाने वाले इस शर्मनाक कार्टून की निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की हरकतें हमारे धार्मिक भावनाओं का अपमान करती हैं। मुसलमानों के दिल को ठेस पहुंचाती हैं। ये काम लोगों को भड़काने वाले हैं और जो ऐसा करने की कोशिश करेंगे, उन्हें कानून के सामने जवाब देना होगा। उन्होंने एक वीडियो भी शेयर किया जिसमें कार्टूनिस्ट को हथकड़ी लगाकर सीढ़ियों पर ले जाया जा रहा है।

### लेमैन मैगजीन ने सोशल मीडिया पर माफी मांगी

तुर्किये में धर्मनिरपेक्ष कानून लागू है, लेकिन वहां पर किसी के धार्मिक मूल्यों का सार्वजनिक रूप से अपमान करने पर एक साल तक की जेल हो सकती है। हालांकि, विवाद बढ़ने पर लेमैन मैगजीन ने सोशल मीडिया पर माफी जारी की और कहा कि कार्टून का मकसद इस्लाम का अपमान करना नहीं था। पत्रिका लेमैन के एडिटर टुनके अकगुन ने कहा कि जिस कार्टून को लेकर विवाद हुआ है, उसे गलत तरीके से समझा गया है। उन्होंने साफ किया कि यह कार्टून पैगंबर मुहम्मद का कैरिकेचर नहीं है, बल्कि इसमें इजराइल की बमबारी में मारे गए एक मुस्लिम व्यक्ति को दिखाया गया है, जिसका नाम काल्पनिक तौर पर मुहम्मद रखा गया था। अकगुन ने बताया कि दुनिया में 200 मिलियन से ज्यादा लोगों का नाम मुहम्मद है और कार्टून का मकसद कभी भी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं था। पत्रिका ने उन पाठकों से माफी मांगी है जो इस कार्टून से आहत हुए। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोग जानबूझकर कार्टून का गलत मतलब निकालकर इसे विवादित बना रहे हैं। अकगुन ने बताया कि इस कार्टून को लेकर हो रही प्रतिक्रिया चार्ली हेब्दो जैसी घटनाओं की याद दिला रही है। उन्होंने जोर दिया कि लेमैन कभी भी ऐसा जोखिम नहीं उठाएगी जिससे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचे।

### चार्ली हेब्दो कार्टून विवाद में 12 लोगों की जान गई थी

यह घटना लोगों को 2015 में पेरिस में हुए चार्ली हेब्दो हमले की याद दिला रही है, जब पैगंबर मुहम्मद के कार्टून को लेकर फ्रांस की चर्चित कार्टून मैगजीन के ऑफिस पर हमला हुआ था। इसमें संपादक समेत 12 लोगों की जान चली गई थी। कई लोग घायल भी हुए थे। चार्ली हेब्दो लंबे समय से अपने विवादास्पद और तीखे राजनीतिक-धार्मिक कार्टूनों के लिए जानी जाती थी। इस मैगजीन ने पैगंबर मुहम्मद के कार्टून कई बार छापे थे, जिन्हें मुसलमानों ने अपमानजनक और भड़काऊ माना। कट्टरपंथियों ने इसे इस्लाम का अपमान बताया और इसका बदला लेने के लिए मैगजीन पर हमला किया।

# पाक ने की यूएनएससी की अध्यक्षता, भारत ने उठाया आतंकवाद का मुद्दा

### -भारत ने प्रदर्शनी लगाकर पाक की आतंकवाद में भूमिका को किया उजागर



जेनेवा,(ईएमएस)। पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभालने के बाद मंगलवार को भारत ने 'इस्लामाबाद' की सीमा पार आतंकवाद में संलिप्तता को उजागर किया। भारत ने पहलगाम हमले का जिक्र किया, जो पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा किया गया था। यह कदम वैश्विक स्तर पर बढ़ती अस्थिरता की चिंता के बीच उठाया गया है, जब भारत ने हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था।

पाकिस्तान के अध्यक्ष बनने से एक दिन पहले भारत ने यूएन भवन के प्रवेश द्वार पर द ह्यूमन कॉस्ट ऑफ टेररिज्म नामक प्रदर्शनी लगाकर पाकिस्तान की आतंकवाद में भूमिका को उजागर किया, जिसमें न केवल भारत बल्कि 9/11 जैसे वैश्विक हमलों में भी उसकी संलिप्तता दिखाई गई। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि यह प्रदर्शनी आतंकवाद के पीछे के दोषियों को बेनकाब करने के खिलाफ एकजुट होने की मांग के लिए है।

सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान अपने खास दोस्त चीन के साथ मिलकर काम करता है। अध्यक्ष के रूप में पाकिस्तान को प्रक्रिया के नियमों और कूटनीतिक परंपराओं का पालन करना होगा, जिसमें सदस्यों को बोलने की अनुमति देना और प्रस्ताव पेश करना शामिल है। महीने का एजेंडा परिषद की बैठक के पहले दिन सर्वसम्मति से अपनाया जाता है। 2023 में रूस ने अमेरिका और अल्बानिया की अध्यक्षता के दौरान इसे अवरुद्ध किया था, जिसके कारण परिषद को अस्थायी एजेंडा के साथ काम करना पड़ा था।

अध्यक्ष के रूप में इस्लामाबाद उच्च-स्तरीय हस्ताक्षर कार्यक्रम और अपनी पसंद के विषयों पर खुली बहस के रूप में जाना जाता है। पाकिस्तान उच्च-स्तरीय बैठकें और खुली बहस आयोजित कर सकता है। इसका स्थायी प्रतिनिधि असीम इफ्तिखार अहमद ज्यादातर बैठकों की अध्यक्षता करेंगे, लेकिन उप-प्रधानमंत्री मोहम्मद इशाक डार जैसे नेता भी शामिल हो सकते हैं।

इस बीच पाकिस्तान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल पुरस्कार के लिए नामित कर सकता है, लेकिन ईरान और इजराइल-हमास संघर्ष जैसे मुद्दों पर वह रूस और चीन के साथ है, पिछले महीने ईरान पर आपातकालीन सत्र में पाकिस्तान ने अमेरिका और इजराइल के हमलों की निंदा करने की मांग की थी। चीन और रूस के साथ पाकिस्तान ने अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर की गई बमबारी की निंदा करते हुए एक मसौदा प्रस्ताव पेश किया था। हालांकि, सीजफायर के कारण इस पर विराम लग गया और मामले में उसे अमेरिकी वीटो का सामना करना पड़ता था।

इजराइल-हमास संघर्ष में पाकिस्तान फिलिस्तीन के साथ है और कश्मीर को इस मुद्दे से जोड़ने की कोशिश करता है, लेकिन अब तक वह समर्थन पाने में कामयाब नहीं हुआ है। पाकिस्तान को पिछले साल एशिया-प्रशांत क्षेत्र के प्रतिनिधि के रूप में गैर-स्थायी सदस्य चुना गया था और जनवरी में परिषद में शामिल हुआ था।

# सीमा विवाद जटिल है भारत के साथ इसे बातचीत से सुलझाएंगे, चीन ने सीमावर्ती में शांति बनाए रखने की जताई इच्छा



बीजिंग,(ईएमएस)। चीन ने अब भारत के साथ चले रहे सीमा विवाद को बातचीत से सुलझाने की बात कही है। चीनी विदेश मंत्री माओ निंग ने कहा कि सीमा विवाद जटिल है और इसे सुलझाने में समय लगेगा। उन्होंने कहा कि बीजिंग परिसीमन पर चर्चा करने के लिए तैयार है। चीन ने सीमा को तय करने और सीमावर्ती इलाकों में शांति बनाए रखने पर बातचीत करने की इच्छा जताई। चीन का ये बयान भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के एससीओ के रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में चीनी रक्षा मंत्री डोंग जून के साथ बैठक के दौरान की गई टिप्पणियों के जवाब में आया है। इस बैठक में राजनाथ सिंह ने प्रस्ताव दिया कि भारत और चीन एक संरचित रोडमैप के तहत जटिल मुद्दों को हल करने की दिशा में काम करें। उन्होंने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तनाव कम करने के लिए कदम उठाने और सीमा का सीमांकन करने के लिए मौजूदा तंत्र को फिर से सक्रिय करने की अपील की है। राजनाथ के बयान पर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने सोमवार को कहा कि दोनों देशों ने पहले ही विशेष प्रतिनिधि तंत्र कायम कर लिया है और सीमा समझौते के लिए राजनीतिक मापदंडों और मार्गदर्शक सिद्धांतों पर सहमति जाहिर की है। उन्होंने एसआर स्तर की 23 दौर की बातचीत के बाद इस मुद्दे को सुलझाने में हो रही देरी के बारे में कहा कि सीमा का सवाल जटिल है और इसे सुलझाने में समय लगता है। बातचीत के लिए चीन की तत्परता दोहराते हुए उन्होंने कहा कि चीन भारत के साथ परिसीमन वार्ता और सीमा प्रबंधन सहित अन्य मुद्दों पर संवाद बनाए रखने, सीमावर्ती इलाकों में शांतिपूर्ण कायम रखने व सीमा पार आदान-प्रदान और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए तैयार है।

# इंडो-पैसिफिक में अमेरिका का सबसे अहम रणनीतिक साथी है भारत: लेविट

वाशिंगटन,(ईएमएस)। डोनाल्ड ट्रंप का भारत को लेकर रुख हमेशा एक जैसा नहीं रहा है। कभी वो भारत को अपना दोस्त बताते हैं, तो कभी तल्ख बयानबाजी करते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के वक्त ट्रंप ने भारत का साथ नहीं दिया था, उल्टा पाकिस्तान को अपना दोस्त बताया था, लेकिन अब तस्वीर फिर बदली है। ट्रंप न सिर्फ पीएम मोदी से अपनी मजबूत दोस्ती की बात कह रहे हैं, बल्कि भारत को इंडो-पैसिफिक में अमेरिका का सबसे अहम रणनीतिक साथी मान रहे हैं।

सोमवार को अमेरिका की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलीन लेविट ने कहा कि भारत इंडो-पैसिफिक इलाके में अमेरिका का सबसे अहम और भरोसेमंद साथी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप और भारत के पीएम मोदी के बीच मजबूत निजी रिश्ता है। दोनों देश मिलकर इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में मिलकर काम करेंगे। ये बयान ऐसे वक्त आया है जब चीन का असर इस इलाके में लगातार बढ़ रहा है और कई देश इससे चिंतित हैं।

उन्होंने कहा कि जब चीन के बढ़ते दखल पर सवाल किया गया, तो उन्होंने साफ कहा कि इस पूरे क्षेत्र में भारत की भूमिका बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारत बहुत ही रणनीतिक और अहम साझेदार है। अमेरिका, भारत को एक ताकतवर देश के रूप में देख रहा है, खासकर चीन के मुकाबले। इस समय भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर अमेरिका में हैं। वे क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने गए हैं। उन्होंने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में एक खास प्रदर्शनी की शुरुआत की है, जिसका नाम है- द हुमेन कॉस्ट ऑफ टेररिज्म। इस प्रदर्शनी का मकसद है दुनिया को बताना कि आतंकवाद सिर्फ गोलियां नहीं चलाता, वह आम लोगों की जिंदगी पर बुरा असर डालता है, खासकर जब कोई देश खुद आतंक को बढ़ावा दे रहा हो। क्वाड चार देशों का एक मजबूत ग्रुप है जिसमें भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया। इसका मकसद है कि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति बनी रहे, यहां किसी एक देश की दबंगई न हो और व्यापार से लेकर सुरक्षा तक, सब कुछ पारदर्शी और शांतिपूर्ण रहे। इसकी शुरुआत 2004 की सुनामी के बाद मानवीय मदद के लिए हुई थी, लेकिन आज यह चीन की बढ़ती ताकत के जवाब में एक बड़ा समूह बन गया है।

### ट्रंप ने सीरिया से हटाए प्रतिबंध, कार्यकारी आदेश पर किया हस्ताक्षर

वाशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 30 जून को एक ऐतिहासिक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत उन्होंने सीरिया पर लागू अधिकांश अमेरिकी प्रतिबंध हटा दिए। यह कदम सीरिया के पुनर्निर्माण और क्षेत्रीय स्थिरता की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। व्हाइट हाउस के अनुसार यह आदेश सीरिया पर लगे प्रतिबंधों को समाप्त करता है, जबकि बशर अल-असद और उनके सहयोगियों, मानवाधिकार उल्लंघनकर्ताओं, ड्रग तस्करों, रासायनिक हथियारों से जुड़े व्यक्तियों, आइएसआइएस और ईरान समर्थित समूहों पर प्रतिबंध जारी रखता है।

# इजराइल ने फिर किया गाजा के कैफे पर हमला, 67 लोगों की मौत, कई घायल



गाजा,(ईएमएस)। गाजा में इजराइली ने फिर हवाई हमले किए हैं जिसमें कम से कम 67 आम लोगों की मौत हो गई है। यह हमला हालिया सप्ताहों में सबसे घातक माना जा रहा है। गाजा सिटी के उत्तरी हिस्से में समुद्र तट के पास स्थित एक लोकप्रिय कैफे पर इजराइल ने बमबारी की, जब वहां महिलाओं और बच्चों की भारी भीड़ जमा थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक अचानक बिना किसी चेतावनी के विमान ने हमला किया जिससे वहां भूकंप जैसी स्थिति बन गई।

मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि कैफे में लोग पूरी तरह सामान्य थे कि अचानक सब कुछ हिलने लगा और धमाका हुआ। किसी को समझ नहीं आया कि क्या हुआ। स्वास्थ्य मंत्रालय के आपातकालीन प्रमुख ने जानकारी दी कि अकेले इस हमले में 30 लोग मारे गए और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। रिपोर्ट के मुताबिक गाजा शहर की एक सड़क पर दो अलग-अलग हमलों में 15 अन्य लोग मारे गए हैं।



इजराइल ने भोजन के लिए खड़े फलस्तीनी नागरिकों पर भी हमला किया गया, जिसमें 22 लोगों की मौत हो गई। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब इजराइली अधिकारी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से प्रस्तावित नए युद्धविराम के सिलसिले में वाशिंगटन गए थे।

स्थानीय लोगों के मुताबिक यह कैफे युद्ध के दौरान भी खुले रहने वाले कुछ स्थानों में से एक था। यहां लोग इंटरनेट चलाने और अपने फोन चार्ज करने के लिए आते थे। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में घटनास्थल पर खून से लथपथ शव और कंबलों में ले जाए जा रहे घायल देखे जा सकता है।

# एलन को अपनी दुकान बंद कर वापस घर लौटने की ट्रंप ने दी धमकी





वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इशारों में एलन मस्क को धमकी दी है और कहा है कि उन्हें अपनी दुकान बंद करनी पड़ सकती है। चुनाव के बाद अमेरिकी प्रशासन में अहम जिम्मेदारी संभालने के बाद ट्रंप और मस्क के बीच रिश्ते में दरार आ गई हैं। इसकी वजह ईवी यानी इलेक्ट्रॉनिक वाहनों को लेकर नीति बताई जा रही है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा- राष्ट्रपति के तौर पर मेरा प्रचार करने से पहले एलन मस्क जानते थे कि मैं ईवी मेन्डेट के सख्त खिलाफ हूं। यह बकवास है और हमेशा मेरे प्रचार अभियान का हिस्सा था। इलेक्ट्रिक कार ठीक हैं, लेकिन सभी को खरीदने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। एलन मस्क को इतिहास में किसी से भी ज्यादा सब्सिडी मिल सकती थी और बगैर सब्सिडी के मस्क को शायद अपनी दुकान बंद कर घर लौटना पड़ सकता है। उन्होंने आगे लिखा- कोई रॉकेट लॉन्च, सैटेलाइट्स या इलेक्ट्रिक कारों का उत्पादन नहीं और हमारे देश का काफी पैसा बचेगा। शायद डॉज को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। बहुत पैसा बचेगा।

### अमेरिका में मौजूदा दोनों पार्टियां एक जैसी, अब नई पार्टी की ज़रूरत

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप क्या चाहते हैं यह कोई नहीं जानता उनके खास दोस्त और जिस एलन मस्क ने चुनाव प्रचार करके उन्हें राष्ट्रपति बनाने में मदद की उन्हें भी ट्रंप अपना नहीं बना सके। इस दर्द छलका तो एलन मस्क ने अपने एक्स पर लिखा- अमेरिका में अब नई पार्टी की ज़रूरत है क्योंकि मौजूदा दो पार्टियां एक जैसी ही हो चुकी हैं। टेस्ला के मालिक और अरबपति एलन मस्क ने फिर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खर्च संबंधी बिल की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि यह बिल दिखाता है कि देश को अब एक नई राजनीतिक पार्टी की जरूरत है। उन्होंने न सिर्फ ट्रंप के बिल में किए गए खर्चे को 'पागलपन' बताया, बल्कि कर्ज की सीमा को 5 ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ाने पर भी तंज़ कसा। बता दें पहले भी ट्रंप के बिग ब्यूटीफुल वाले खर्च को लेकर एलन मस्क कह चुके हैं। ट्रंप से इस बिल को लेकर सार्वजनिक तौर पर बहस भी हुई थी लेकिन उन्होंने बाद में अपना बयान वापस ले लिया था। मस्क के कारोबार पर भी इसका असर पड़ा था और उनकी कंपनी की मार्केट वैल्यू 150 अरब डॉलर तक गिर गई थी। इसके बाद से मस्क और ट्रंप के बीच बिल को लेकर बहस होती रहती है लेकिन एलन मस्क का नई राजनीतिक पार्टी वाला बयान ट्रंप को ज़रूर झटका देगा।

मस्क ने अपनी पोस्ट में अमेरिका के पॉलिटिकल सिस्टम पर करारा तंज कसते हुए पोर्की पिग पार्टी जुमले का इस्तेमाल किया है। यहां पर पोर्की पिग उन्होंने किसी औपचारिक पार्टी के लिए सीधे तौर पर नहीं लेकिन अमेरिका की राजनीति नीतियों और खर्चीले बिल को लेकर इस्तेमाल किया है। पोर्की पिग लूनी ट्यून्स के कार्टून कैरेक्टर का नाम है, जो अपनी कॉमिक छवि और भोलेपन की वजह से जाना जाता है। मस्क इस जुमले के जरिए अमेरिका के एकल पार्टी सिस्टम को निशाना बना रहे हैं और उनका कहना है कि ये पार्टियां जनता को छोड़कर सिर्फ अपने बारे में सोचती हैं। एलन मस्क का राजनीतिक सिस्टम पर प्रहार और नई राजनीतिक पार्टी की जरूरत वाले बयान को मिलाकर देखा जाए, तो ये अमेरिका के भविष्य की कुछ और कहानी दिखा रहा है। पहले ट्रंप व्यापार के रास्ते से राजनीति तक पहुंचे, तो क्या अब मस्क भी इसी तैयारी में हैं? हालांकि इस मामले में भी पेंच फंसे हैं।

## फिजी में बढ़ रहे एचआईवी के मरीज, बच्चों में भी फैल रहा संक्रमण

सुवा (ईएमएस)। फिजी में पिछले साल एचआईवी की वजह से 126 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 8 बच्चे भी थे। लाबासा में फिजी मेडिकल एसोसिएशन की बैठक में यूएनएड्स के प्रशांत सलाहकार ने ये चिंताजनक आंकड़े जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे स्वास्थ्य सिस्टम की बेहद जरूरत है जो मजबूत, जिम्मेदार और नए तरीकों से काम करने वाले हों ताकि एचआईवी बीमारियों से बेहतर तरीके से निपटा जा सके।

सलाहकार ने कहा कि फिजी में एचआईवी की स्थिति खराब हो रही है। इसलिए इस साल की कॉन्फ्रेंस का विषय फिजी में हेल्थकेयर के मानकों को मजबूत बनाना है। उन्होंने बताया कि फिजी में 2024 में सबसे ज्यादा एचआईवी के नए मामले सामने आए। 1,583 नए लोग एचआईवी पॉजिटिव पाए गए। यह 2023 की तुलना में 281 फीसदी ज्यादा है, जिसमें 415 मामले देखे गए थे। 2018 के मुकाबले यह संख्या 500 फीसदी से भी ज्यादा है, क्योंकि तब सिर्फ 131 मामले सामने आए थे।

2024 में एचआईवी के 1,583 मामलों में से 1,542 वयस्क थे, लेकिन सबसे ज्यादा चिंता बच्चों के 41 मामलों को लेकर थी। इनमें से 32 बच्चे अपनी मां से एचआईवी संक्रमित हुए। यह संख्या 2023 के मुकाबले करीब चार गुना ज्यादा है, जब सिर्फ 11 बच्चों में एचआईवी मिले थे। सलाहकार ने जोर देकर कहा कि ये बढ़े हुए नंबर सिर्फ बेहतर टेस्टिंग की वजह से नहीं हैं। ये सच में एचआईवी के मामलों में असली तेजी से बढ़ोतरी को दिखाते हैं। उन्होंने बताया कि ज्यादातर लोगों को एचआईवी बहुत देर से पता चलता है, तब तक बीमारी काफी बढ़ चुकी होती है। इसका मतलब है कि रोकथाम, जांच और इलाज की सुविधाएं लोगों तक समय पर नहीं पहुंच पा रही हैं। नए एचआईवी मामलों में से आधे से ज्यादा मामले युवा लोगों के बीच के हैं। इसके पीछे इंजेक्शन से नशा करने और यौन व्यवहार बढ़ रहा है, लेकिन ये बातें अक्सर लोगों को शर्म या डर के कारण छुपा लेनी पड़ती हैं।

## जे-35ए स्टील्थ फाइटर जेट खरीदी को लेकर चीन से कोई समझौता नहीं हुआ



इस्लामाबाद,(ईएमएस)। चीन से पांचवीं पीढ़ी के जे-35ए स्टील्थ फाइटर जेट खरीदने की खबरों के बीच पाकिस्तान सरकार ने अब यू-टर्न लिया है। पाक के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने साफ कहा है कि पाकिस्तान और चीन के बीच इस लड़ाकू विमान को लेकर कोई समझौता नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है ये सब मीडिया में चल रहा है, चीनी डिफेंस सेल्स को बढ़ावा देने के लिए। हमारे पास ऐसा कोई एग्रीमेंट नहीं है। अब सवाल ये उठा रहा है कि अगर कोई डील नहीं हुई, तो फिर पिछले कुछ हफ्तों से ये खबरें कहां से आ रही थीं कि पाकिस्तान 40 जे-35ए फाइटर जेट चीन से आधी कीमत पर खरीदने जा रहा है? कई मीडिया रिपोर्ट्स का कहना है कि पाकिस्तान वायुसेना ने इन विमानों की खरीद को मंजूरी दे दी है और पायलटों का प्रशिक्षण भी चीन में शुरू हो गया है।

कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक डिलीवरी अगस्त 2025 तक शुरू हो सकती है और भुगतान शर्तें भी आसान रखी हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या पाकिस्तान की मौजूदा आर्थिक हालत ऐसी है कि वह 5वीं पीढ़ी के स्टील्थ फाइटर खरीद सके? देश ने अभी-अभी 1000 अरब पाकिस्तानी रुपये की 118 विकास परियोजनाएं रद्द कर दी हैं, जबकि रक्षा बजट में 20 फीसदी की बढ़ोतरी करते हुए उसे 2.5 ट्रिलियन पाकिस्तानी रुपए कर दिया है। चीन आज के समय पाकिस्तान का सबसे बड़ा हथियार सप्लायर है। 80 फीसदी मिलिट्री इन्वेंट्री चीन से आती है। जे-10सी फाइटर जेट से लेकर एचक्यु-9 एयर डिफेंस सिस्टम तक। भारत के साथ पिछली झड़प में भी यही हथियार इस्तेमाल हुए थे।

## यहूदी और इजरायली छात्रों के साथ गलत व्यवहार, हार्वर्ड की वित्तीय मदद रोकने की धमकी

वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय को सूचित किया कि उसकी जांच में सामने आया है कि विश्वविद्यालय ने यहूदी और इजरायली छात्रों के साथ व्यवहार में संघीय नागरिक अधिकार कानून का उल्लंघन किया है। एक रिपोर्ट में हार्वर्ड के अध्यक्ष एलन गार्बर को भेजे पत्र का हवाला दिया गया है कि यदि फौरान पर्याप्त परिवर्तन नहीं हुए तब सभी वित्तीय संसाधन रोक दिए जाएंगे और इसका संघीय सरकार के साथ हार्वर्ड के संबंधों पर प्रभाव पड़ेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह हार्वर्ड सहित देश के अन्य विश्वविद्यालयों में बदलाव लाने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि उनके विचार में यह विश्वविद्यालय वामपंथी विचारों द्वारा कब्जा किए गए हैं और यहूदी-विरोध के गढ़ बन गए हैं। फेडरेल टास्क फोर्स ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय के अध्यक्ष को एक पत्र भेजा है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि इजरायल और गाजा के युद्ध के दौरान यूनिवर्सिटी छात्रों के अधिकारों की सुरक्षा करने में विफल रही है। टास्क फोर्स के अनुसार, हार्वर्ड कुछ मामलों में जानबूझकर यहूदी छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के विरोध हो रहे उत्पीड़न में भागीदार रहा है। यहूदी और इजरायली छात्रों को तंग किया गया। विरोध के डर से उन्हें अपनी पहचान तक छिपाने पड़ी। हालांकि, हार्वर्ड ने सरकार के इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। हार्वर्ड का कहना है कि विरोध प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ यूनिवर्सिटी प्रशासन की तरफ से उचित कदम उठाए गए हैं।

## वजीरिस्तान में हुए हमले के बाद पाकिस्तान ने बंद की अफगानिस्तान सीमा

खाद्य सामग्री, दवाइयां और अन्य जरुरी सामान की आपूर्ति होगी बाधित

करांची,(ईएमएस)। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान से लगने वाली प्रमुख सीमा को अगले आदेश तक बंद कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान के सीनियर सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में शनिवार को हुए आत्मघाती हमले और अफगानिस्तान की सीमा से लगे प्रांत में झड़पों के बाद गुलाम खान सीमा को बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि हमले के बाद उत्तरी वजीरिस्तान में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है और सीमा गुलाम खान को बंद कर दिया गया है। बता दें उत्तरी वजीरिस्तान जिले में शनिवार को हुए आत्मघाती हमले में कम से कम 13 सुरक्षाकर्मी मारे गए और तीन अन्य घायल हुए थे। अंतरिम अफगान सरकार के सीमा बलों के प्रवक्ता अबीदुल्ला फारूकी ने सीमा बंद किए जाने की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी अधिकारियों ने इस कदम के लिए कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है। फारूकी ने कहा कि पाकिस्तानी अधिकारियों ने क्रॉसिंग पर वाहनों को केवल वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करने का निर्देश दिया है।

## सुमी शहर पर कब्जा करने 12 किमी दूर है रुसी सेना, यूक्रेनी सेना भी मोर्चे पर डटी

मास्को,(ईएमएस)। रूस की सेना यूक्रेन के उत्तर-पूर्वी शहर सुमी से सिर्फ 12 किलोमीटर दूर है। रूस ने हजारों सैनिक इस मोर्चे पर उतार रखे हैं, जो तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक रूस ने अब पूरा ध्यान बॉर्डर पर रखा है। रूस एक 50 हजार सैनिक सुमी शहर की ओर बढ़ रहे हैं। यूक्रेन के सैनिक युद्ध में रूस की मोर्चाबंदी के सामने फंस गए हैं। यूक्रेन के शीर्ष सैन्य कमांडर ने बताया कि भारी सैनिक उतार रूस की मुख्य रणनीति हमें कमजोर करना है। रूस ने सुमी शहर में भीषण हमला अमेरिकी राष्ट्रपति के युद्ध विराम की अपील को ठुकराने के बाद किया है। तुर्की में ही पिछले हफ्ते दोनों देशों के अधिकारियों के बीच सीजफायर को लेकर बातचीत हुई थी। बातचीत का कोई नतीजा नहीं निकला। इसी बीच रूस ने भारी तादाद में मिसाइल और ड्रोन से यूक्रेन के कई शहरों में भीषण हमला किया। यूक्रेन के एफ-16 विमान और पायलट को भी रूस ने मार गिराया था। रूस की सेना कमजोर कड़ी पर भीषण हमला कर रही है। यूक्रेन ने इस महीने की शुरुआत में एचयूआर कमांडो को मोर्चा संभालने के लिए भेजा था। क्रेन के शीर्ष सैन्य कमांडर ने दावा किया है कि हम हमले का करारा जवाब देने और दुश्मन को पीछे धकेलने की रणनीति पर काम कर रहे हैं।

# इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में बराबरी के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

बर्मिंघम (ईएमएस)। भारतीय भारतीय क्रिकेट टीम यहां बुधवार से मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ शुरु हो रहे दूसरे टेस्ट मैच में जीत के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम को पहले टेस्ट में पांच शतक लगाने के बाद भी खराब फील्डिंग के कारण हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में उसका लक्ष्य इस मैच में अपनी कमजोरियों को दूर करना रहेगा। पहले टेस्ट में भारतीय टीम की ओर से तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ही सफल रहे थे। वहीं अन्य गेंदबाज विफल रहे थे जिसका भी नुकसान उसे उठाना पड़ा था। पांच मुकाबलों की सीरीज का पहला मैच हारने के बाद भारतीय टीम 1-0 से पीछे हैं। ऐसे में उसके लिए यह मुकाबला बेहद अहम है। उसे सीरीज में बराबरी के लिए इसे जीतना ही होगा। इस मैच के लिए मेजबान टीम ने कोई बदलाव नहीं किया है। वहीं भारतीय टीम बदलावों के साथ उतरेगी पर क्या बदलाव होंगे ये मैच से पहले ही पता चलेगा क्योंकि भारतीय टीम ने अभी तक अपने अंतिम ग्यारह खिलाड़ियों की घोषणा नहीं की है। भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज बुमराह को इस मैच में आराम दिया जाना है। ऐसे में उनकी जगह पर बांए हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह या आकाशदीप सिंह को शामिल किया जा सकता है। वहीं ऑलराउंडर स्थान कुलदीप यादव को अवसर मिलने की संभावना नहीं है। ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर पहले टेस्ट में प्रभावित नहीं कर पाये थे, ऐसे में उनकी जगह युवा नीतीश कुमार रेड्डी को भी टीम में शामिल किय जा सकता है।

बर्मिंघम में गर्म मौसम और सूखी पिच को देखते हुए इसमें स्पिनरों को सहायता मिल सकती है। ऐसे में भारतीय टीम दो स्पिनरों को अंतिम ग्यारह में जगह दे सकती है। ऐसे में अनुभवी रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव और वॉशिंगटन सुंदर में से दो को टीम में जगह मिल सकती है। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसर टीम प्रबंधन कुलदीप की जगह वॉशिंगटन सुंदर को शामिल कर सकता है। एजबेस्टन क्रिकेट मैदान की बात करें, तो मैच की शुरुआत में पिच से गति और उछाल हासिल हो सकता है। ऐसे में सलामी बल्लेबाजों के लिए तेज गेंदबाजों का सामना करना आसान नहीं होगा। शुरुआत के दो दिन भले ही ड्यूक गेंद से तेज गेंदबाजों को मदद मिलेगी, लेकिन तीसरे और चौथे दिन पिच बल्लेबाजी के लिए आसान हो सकती है। अगर बादल छाए रहे, तो तेज गेंदबाजों को मदद मिलेगी। यहां मुकाबले के दूसरे और तीसरे दिन पिच नरम हो जाती है, जबकि चौथे और पांचवें दिन पिच पर दरारें और खुरदरे पैच नजर आने लगते हैं, जिससे स्पिनरों को सहायता मिलती है। मौसम विभाग के अनुसार मैच के पहले दिन बारिश की आशंका है। यहां खेल शुरू होने से पहले मौसम खराब हो सकता है। वहीं दूसरे दिन बीच-बीच में बादल आने की आशंका है। मुकाबले के तीसरे दिन बादल छाए रह सकते हैं। चौथे-पांचवें दिन बारिश के कारण खेल में आ सकती है बाधा आ सकती है।

### दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम में बदलाव नहीं

इंग्लैंड ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ बुधवार से शुरु हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए कोई बदलाव नहीं किया है। बेन स्टोक्स की कप्तानी में दूसरे टेस्ट में वही टीम उतरेगी जिसने पहले टेस्ट में भारतीय टीम को पांच विकेट से हराया था। तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की इस मैच से वापसी की उम्मीदें थीं पर वह गलत साबित हुईं। आर्चर को अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिली है। दूसरा टेस्ट बुधवार से बर्मिंघम के एजबेस्टन में खेला जाएगा। इंग्लैंड की टीम पहले टेस्ट में जीत के कारण पांच मैचों की इस सीरीज में 1-0 से आगे हैं। उंगली की चोट से उबरने के बाद इंग्लैंड की टीम में शामिल किए गए आर्चर निजी कारणों से एजबेस्टन में सोमवार के अभ्यास सत्र में भी शामिल नहीं किये गये थे। वहीं जोश टंग, ब्रायडन कार्स और क्रिस वोक्स को तेज गेंदबाज के तौर पर टीम में बनाये रखा गया है। वहीं माना जा रहा है कि भारतीय टीम इस मैच में बदलाव के तौर पर उतरते हुए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम देगी। वहीं स्पिनर कुदलीप यादव को भी अवसर मिल सकत है।

आंकड़ों पर नजर डालें तो इस मैच में इंग्लैंड का पलड़ा भारी है। इसका कारण है कि एजबेस्टन के इस मैदान पर भारतीय टीम आज तक नहीं जीती है। इस मैदान पर दोनो टीमों के बीच आठ मैच खेले हैं। जिसमें सात मैच में भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा जबकि एक मुकाबला ड्रॉ रहा है।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं भारतीय टीम

शुभमन गिल (कप्तान), साईं सुदर्शन, यशस्वी जायसवाल, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, ऋषभ पंत, केएल राहुल, ध्रुव जुरेल, मोहम्मद सिराज, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाशदीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, अभिमन्यु ईश्वरन, ।

इंग्लैंड अंतिम ग्यारह : बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

# भारतीय टीम को दूसरे टेस्ट में जीत के लिए स्पिनरों का बेहतर इस्तेमाल करना होगा



मुम्बई (ईएमएस)। मेजबान इंग्लैंड के साथ यहां 2 जुलाई से शुरु हो रहे दूसरे टेस्ट में भारतीय टीम की राह काफी मुश्किल नजर आ रही है। इसका कारण है कि एजबेस्टन के इस मैदान पर भारतीय टीम आज तक नहीं जीती है। इस मैदान पर दोनो टीमों के बीच आठ मैच खेले हैं। जिसमें सात मैच में भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा जबकि एक मुकाबला ड्रॉ रहा। ऐसे में दिग्गज क्रिकेटरों के अनुसार शुभमन गिल की कप्तानी में यहां भारतीय टीम को जीत के लिए अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ ही रणनीति में भी बदलाव करने होंगे। ऐसे भारतीय टीम अगर 2 जुलाई से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में कुछ बदलावों के साथ उतरती है तो उसके लिए इंग्लैंड को एजबेस्टन में कड़ी टक्कर दे सकती है। इसके लिए उसे स्पिनरों का उपयोग करना होगा। एजबेस्टन की पिच आमतौर पर तेज गेंदबाजों के अनुकूल मानी जाती है पर चौथे-पांचवें दिन स्पिनर हावी हो जाते हैं। ऐसे में भारतीय टीम रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव को इंग्लैंड के खिलाफ गेंदबाजी आक्रमण में लगा सकती है। वहीं शुरुआती दिनों में तेज गेंदबाज जसप्रीत जसप्रीत बुमराह और अन्य गेंदबाजों को अपनी अपनी ओर से प्रभावी प्रदर्शन करना होगा। . इंग्लैंड के बल्लेबाज जैसे जॉनी बेयरस्टो और जैक क्राउली पर अंकुश लगाना होगा जिससे वह अच्छी शुरुआत नहीं कर सकें। वहीं बल्लेबाजी के दौरान शुभमन गिल सहित सभी बल्लेबाजों का बड़ी पारी खेलकर मेजाबन टीम पर दबाव बनाना होगा। इंग्लैंड की आक्रामक रणनीति के खिलाफ उसी अंदाज में जवाब देना होगा तभी भारतीय टीम हावी हो सकेगी।

### इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शतक के साथ ही रिकार्ड बनाएंगे ऋषभ

भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के पास इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में एक बड़ा रिकार्ड बनाने का अवसर है। इस मैच में शतक बनाते ही वह इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैचों में शतक के मामले में पूर्व कप्तानी मोहम्मद अजहरुद्दीन के साथ संयुक्त रूप से दूसरे सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे। इस शतक के साथ ही ऋषभ इंग्लैंड के खिलाफ शतक के मामले में विराट कोहली को भी पीछे छोड़ देंगे। अभी विराट और ऋषभ पांच शतक लगाकर बराबरी पर हैं। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में सबसे ज्यादा शतकों के मामले में पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ और सचिन तेंदुलकर ने सबसे अधिक 7-7 शतक लगाए हैं। वहीं दूसरे नंबर पर 6 शतक लगाकर अजरुद्दीन है जबकि तीसरे स्थान पर 5-5 शतक लगाकर विराट और ऋषभ हैं। ऋषभ ने पहले टेस्ट की दोनो ही परियों में शतक लगाकर दिया दिया है कि वह शानदार लय में हैं। पहले टेस्ट में उन्होंने आक्रामक के साथ ही रक्षात्मक खेल भी दिखाया था। वह दोनो परियों में शतक लगाने वाले भारत के पहले विकेटकीपर बल्लेबाज हैं। उनकी बल्लेबाजी से मेजबान टीम के बल्लेबाज परेशान दिखे। ब उनका लक्ष्य इसी सिलसिले को बनाये रखना रहेगा। ये विकेटकीपर बल्लेबाज विदेशी धरती पर खासा सफल रहा है।

# स्मिथ को दूसरे टेस्ट के लिए वापसी की उम्मीद



ब्रिजटाउन (ईएमएस) ।ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को उम्मीद है कि वह वेस्टइंडीज के खिलाफ ग्रेनेडा में होने वाले दूसरे टेस्ट तक फिट हो जाएंगे। स्मिथ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान उंगली में लगी चोट के बाद से ही खेल से दूर हैं। इसी कारण वह वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला टेस्ट भी नहीं खेल पाये हैं। स्मिथ अब अपनी चोट से उबर गये हैं और नंबर 4 पर खेलने की तैयारी में लगे हैं। वह अपनी टीम के साथ भी जुड़ गये हैं। उनके अब अभ्यास सत्र में भी शामिल होने की संभावना है। जिससे वह अपनी लय हासिल कर सकें। स्मिथ को उनकी चोटिल उंगली के लिए एक पतली पट्टी लगाई जाएगी जिससे वह स्लिप में फील्डिंग नहीं कर पाएंगे पर बल्लेबाजी करते समय उन्हें शायद ही कोई परेशानी हो। स्मिथ ने कहा, मेरे लिए, यह सामान्य प्रशिक्षण की तरह ही महसूस होगा। मुझे वास्तव में कोई दर्द या कुछ भी महसूस नहीं होता है और पट्टी से भी अधिक परेशानी नहीं हो रही है हालांकि स्लिप की जगह पर अन्य जग हों पर फील्डिंग करना उनके लिए अजीब होगा। स्मिथ की ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी का मतलब है कि रिजर्व बल्लेबाज जोश इंगलिस को बाहर बैठना होना पड़ेगा। जोस पहले टेस्ट में केवल 5 और 12 रन ही बना पाये थे। ऐसे में उनका बाहर होना तय है। उनके अलावा सैम कोंस्टास और नंबर 3 कैमरून ग्रीन भी असफल रहे थे। स्मिथ को उम्मीद है कि वह शीर्ष क्रम में फिर वापसी कर सकेंगे। वहीं उनका मानना है कि कोंस्टास और ग्रीन आगे इस सीरीज में अच्छा स्कोर करेंगे। स्मिथ ने कहा, ये लोग अच्छे खिलाड़ी हैं, हमें बस उन्हें एक मौका देने की जरूरत है।



लंदन में विम्बलडन टेनिस टूर्नामेंट में बेलारुस की आर्यनका सबालेंका पहले दौर के मैच में खेलती हुई।

# अंडर 19 क्रिकेट : थॉम्स रयू के शतक से इंग्लैंड टीम ने दूसरे एकदिवसीय में भारतीय टीम को हराया, सीरीज 1-1 से बराबरी पर पहुंची

लंदन (ईएमएस)। भारतीय अंडर 19 क्रिकेट टीम को इंग्लैंड अंडर 19 क्रिकेट टीम के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में एक विकेट से हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भातरीय टीम ने 290 रन बनाये। जिसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य को मेजबान इंग्लैंड अंडर 19 टीम ने कप्तान थॉम्स रयू की शतकीय पारी से 9 विकेट पर 291 रन बनाकर हासिल कर लिया। रयू ने 89 गेंदों में 131 रन बनाये। इसी के साथ ही सीरीज 1-1 से बराबरी पर आ गयी। भारतीय टीम ने पहला मैच जीता था। इस मैच में भारतीय टीम की पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कप्तान आयुष महात्रे पारी की शुरुआत करते हुए अपना खाता भी नहीं खोल पाये। इसके बाद वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, राहुल कुमार और कनिष्क चौहान ने अच्छी बल्लेबाजी कर टीम को 290 रन तक पहुंचाया। वैभव ने 45, विहान ने 49, राहुल ने 47 और कनिष्क ने 45 रन बनाए। वहीं इंग्लैंड की ओर से एम फ्रेंच ने सबसे अधिक 4 विकेट लिए। इसके अलावा जैक होम ने 3, एलेक्स ग्रीन ने भी 3 विकेट लिए। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। बेन डॉकिंस 7 और इसाक मोहम्मद 11 रन बनाकर आउट हो गये। तीसरे नंबर पर उतरे बेन मेस ने 27 रन बनाये। इसके बाद पूर्व क्रिकेटर एंड्रयू फ्लिंटॉफ के बेटे रॉकी फ्लिंटॉफ ने 68 गेंदों में 39 रन बनाकर पारी को संभाला। पांचवें नंबर पर आए रयू ने 131 रन बनाये। अंतिम दो ओवर में इंग्लैंड को 12 रन जीत के लिए चाहिए थे और उसके पास एक ही विकेट था पर उसके बल्लेबाजों फ्रेंच और मार्गन ने ये रन बना लिए। भारतीय टीम की ओर से अंबरिश ने 4 जबकि युद्धजीत गुहा, हेनिल पटेल ने 2-2 विकेट लिए।

# डीविलियर्स बोले... इस प्रकार सभी मैच खेल सकते हैं बुमराह

जोहांसबर्ग (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को कार्यभार प्रबंधन के तहत ही इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों में ही उतारा जाना तय हुआ है। ऐसे में टीम इंडिया का गेंदबाजी आक्रमण प्रभावित होगा। इसी को देखते हुए दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डी विलियर्स ने सुझाव दिया है कि उन्हें बड़ी सीरीजों में खेलना चाहिये और कम महत्वपूर्ण सीरीजों में आराम दिया जाना चाहिये ताकि उनकी फिटनेस भी बनी रही। डिविलियर्स ने कहा कि हमारी टीम के तेज गेंदबाज डेल स्टेन यही तरीका अपनाते थे और हर बड़ी सीरीज खेलते थे। डिविलियर्स के अनुसार स्टेन का ये तरीका बुमराह को भी अपनाना चाहिये क्योंकि भी भारतीय टीम के लिए इंग्लैंड सीरीज से अधिक जरुरी अभी कुछ नहीं है। भारतीय टीम पहले ही सीरीज में 0-1 से पीछे हैं। ऐसे में अगर बूमराह सभी मैच नहीं खेलते हैं तो उसे नुकसान होगा। अब देखना है कि भारतीय टीम प्रबंधन डिविलियर्स के इस सुझाव को मानता है या नहीं। इंग्लैंड दौरा शुरू होने से पहले ही साफ हो गया था कि बुमराह इस सीरीज में तीन मैच ही खेलेंगे। वहीं अब भारत पहला मैच हारकर पिछड़ रहा है, ऐसे में टीम को बुमराह की काफी जरूरत है। इन हालातों में बुमराह अपने कार्यभार प्रबंधन को प्रबंधित कर सीरीज के सभी मैच खेल सकते हैं।

एबी डी विलियर्स ने कहा, वह शायद इस समय सभी फॉर्मेट में दुनिया के शीर्ष गेंदबाज हैं। मेरे विचार से, इस टेस्ट सीरीज उसे सभी पांच मैचों के लिए तैयार रहना चाहिये। डेल के साथ हमने यही किया, उसे कम महत्वपूर्ण टी20 और एकदिवसीय सीरीज में आराम दिया और उसे बड़े टेस्ट दौरों - ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत - के लिए पूरी तरह से तैयार किया। वहीं उ अगर ऐसा है, तो आपको इसका सम्मान करना होगा। लेकिन अगर यह कार्यभार के बारे में है, तो मुझे भरोसा नहीं है कि उन्होंने इसे सही तरीके से लिया है।



### एजबेस्टन में बल्लेबाजी के अनुकूल पिच होने की संभावना : वोक्स

भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार से यहां बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे मैच में उतरेगी। यहां गरमी होने के कारण पिच सूखी है जिसको देखते हुए यहां समय बीतने के साथ ही स्पिनरों को भी सहायता मिलने की उम्मीद है। इसी कारण भारतीय टीम अपनी अंतिम ग्यारह का चयन मैच से कुछ समय पहले ही करेंगी। वहीं दूसरे ओर मेजबान इंग्लैंड ने इस मैच के लिए अपनी टीम में कोई बदलाव नहीं किया है। एजबेस्टन के मैदान पर भारतीय टीम आज तक नहीं जीती है। भारतीय टीम ने इस मैदान पर भारत ने आठ मैच खेले हैं, जिसमें से उसे सात में हार का सामना करना पड़ा है जबकि एक मैच ड्रॉ रहा था। अभी इस सीरीज में मेजबान टीम 1-0 से आगे है जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। वहीं इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स एको उम्मीद है कि एजबेस्टन की पिच बल्लेबाजों के अनुरुप होगी। वोक्स ने कहा, हमारे गेंदबाजों ने लीड्स में अच्छी गेंदबाजी की थी और इस मैच में भी हमारा लक्ष्य वही लय बनाये रखना है। साथ ही कहा कि हम एक और ऐसी पिच पर खेलेंगे जो बल्लेबाजी के लिए अच्छी होगी। इस तेज गेंदबाज को उम्मी है कि वह मैच में बेहतर प्रदर्शन कर मार्क वुड की कमी पूरी करने का प्रयास करेंगे।

# दूसरे टेस्ट में नई रणनीति और बदलावों के साथ उतरेगी भारतीय टीम : डोशेट

बर्मिंघम (ईएमएस)। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ यहां बुधवार से शुरु हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए अभी तक अपनी टीम घोषित नहीं की है। यहां के एजबेस्टन मैदान पर होने वाले इस मैच को लेकर अनुमान है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जाएगा और स्पिनर कुलदीप यादव या वाशिंगटन सुंदर में से किसी एक अंतिम ग्यारह में शामिल किया जाएगा। वहीं भारतीय टीम के सहायक कोच रयान टेन डोशेट ने भी मीडिया से बात करते हुए कहा कि कहा कि भारतीय टीम नई रणनीति से उतरेगी। डोशेट ने कहा है कि दूसरे टेस्ट में कम से कम दो बदलाव किये जाएंगे। ऐसे में टीम बर्मिंघम टेस्ट में नए संयोजन के साथ उतर सकती है। डोशेट ने बताया कि तेज़ गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह को बर्मिंघम टेस्ट में आराम दिया जाएगा। कार्यभार प्रबंधन के तहत ही उन्हें यह ब्रेक दिया जा रहा है हालांकि वह लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे टेस्ट में वापसी करेंगे। बुमराह ने पहले टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन किया था पर फिटनेस बनाये रखने उन्हें आराम दिया जा रहा है। वहीं पहले टेस्ट में युवा सलामी बल्लेबाज़ यशस्वी जैसवाल ने फील्डिंग के दौरान चार कैच छोड़े थे, जिससे इंग्लैंड की टीम को लक्ष्य हासिल करने में सहायता मिली थी। इसी को देखते हुए ही अब टीम प्रबंधन ने कहा है कि जायसवाल को स्लिप से हटाकर किसी अन्य जगह पर रखा जाएगा। वहीं ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर पहले टेस्ट में प्रभावित नहीं कर पाये थे, ऐसे में उनकी जगह युवा नीतीश कुमार रेड्डी को भी टीम में शामिल किय जा सकता है।

बर्मिंघम में गर्म मौसम और सूखी पिच को देखते हुए इसमें स्पिनरों को सहायता मिल सकती है। ऐसे में भारतीय टीम दो स्पिनरों को अंतिम ग्यारह में जगह दे सकती है। ऐसे में अनुभवी रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव और वॉशिंगटन सुंदर में से दो को टीम में जगह मिल सकती है। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसर टीम प्रबंधन कुलदीप की जगह वॉशिंगटन सुंदर को शामिल कर सकता है। इसी कारण सुंदर अभ्यास सत्र में सक्रिय नजर आये। वहीं पहले टेस्ट में जडेजा ही एकमात्र स्पिनर थे, वह अपनी बल्लेबाजी और अनुभव के कारण टीम में जगह बचाये रह सकते हैं। भारतीय टीम पहले टेस्ट में हार से इस सीरीज में 1-0 से पीछे है। ऐसे में उसका लक्ष्य ये मैच जीतकर सीरीज में वापसी करना रहेगा।

### दूसरे टेस्ट में सुदर्शन को शायद ही अवसर मिले, करुण बल्लेबाजी में तीसरे नंबर पर उतरेंगे !

यहां बुधवार से शुरु हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में भारतीय टीम के बदलावों के साथ उतरने की संभावना है। इसमें पहले टेस्ट में विफल रहे बल्लेबाज साई सुदर्शन को दूसरे टेस्ट में शायद ही जगह मिले। वहीं बल्लेबाज करुण नायर को नंबर 3 पर भेजा जा सकता है। वहीं ऑलराउंडर शार्दुल की जगह नीतीश रेड्डी का खेलना तय है। शार्दुल पहले मैच में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनो में ही विफल रहे थे , नीतीश गेंदबाजी के साथ ही बल्लेबाजी भी करते हैं। वहीं स्पिन ऑलराउंर के तौर पर रविन्द्र जडेजा के साथ वाशिंगटन सुंदर को अवसर मिल सकता है। स्पिनर कुलदीप यादव को अवसर मिलने की संभावना बेहद कम है क्योंकि सुंदर स्पिनर के साथ ही एक अच्छे बल्लेबाज भी हैं। वहीं तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जाएगा। उनकी जगह पर आकाशदीप सिंह को अवसर मिल सकता है।

## श्रेयस घर की गैलरी में मां के साथ क्रिकेट खेलते दिखे



मुम्बई (ईएमएस)। आईपीएल के इस सत्र में पंजाब किंग्स की कप्तानी करने वाले बल्लेबाज श्रेयस अय्यर का घर की गैलरी में मां के साथ क्रिकेट खेलने का एक प्यारा वीडियो आया है , इसमें श्रेयस मां की गेंदबाजी पर बोल्ड होते दिख रहे हैं। ये वीडियो पंजाब किंग्स ने साझा किया है। इससें लिखा है, केवल प्रकार से बोल्ड होने पर श्रेयस को बुरा नहीं लग रहा होगा। इस वीडियो पर प्रशंसकों ने भी कई मजेदार कॉमेंट्स किए हैं। एक ने लिखा है, गेंद हो या चप्पल, मां का निशाना कभी गलत नहीं होता। सोशल मीडिया में साझा किए गए इस वीडियो में दिख रहा है कि श्रेयर घर की गैलरी में बल्लेबाजी कर रहे हैं और गेंदबाजी उनकी मां के हाथों में है। पहली गेंद फुल टॉस और अय्यर उसे खेलने में सफल होते हैं पर दूसरी गेंद पर वह विफल हो जाते हैं। गेंद उनके बल्ले के पास से निकलकर स्टंप से टकरा जाती है। उसके बाद उनकी मां खुशी से दोनों हाथ हवा में उठाकर नाचने लगती हैं। बोलती हैं आउट। यह वीडियो जितना प्यारा है, उस पर प्रशंसकों ने भी उतना ही प्यार लुटाया है। इसके कॉमेंट भी काफी प्यारे और मजेदार हैं। एक प्रशंसक ने दिल के इमोजी के साथ लिखा, मां के जश्न को तो देखिए। एक अन्य ने लिखा, मां को कम मत समझिये वह हमेशा ही एक संपूर्ण गेंदबाज हैं।

## भारतीय टीम ने इसलिए दो रंगों वाली गेंद से अभ्यास किया : सहायक कोच

बर्मिघंम (ईएमएस)। यहां के एजबेस्टन मैदान मैदान पर भारतीय टीम ने बुधवार से होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए जमकर अभ्यास किया। इस दौरान खिलाड़ी दो रंग की गेंदों से अभ्यास करते दिखे। जसप्रीत बुमराह आधा सफेद और आधा लाल रंग की गेंद से गेंदबाजी की. इसके बाद टीम के अन्य गेंदबाजों ने भी दो रंगों की गेंद से गेंदबाजी की। भारतीय टीम जब से ही इंग्लैड दौरे पर आई है तभी से हर अभ्यास सत्र में एक से अधिक रंग वाली गेंदों से वह अभ्यास करती रही है। इसको लेकर टीम के सहायक कोच रेयान डेस्कोटे ने कहा कि दो रंग की गेंदों से अभ्यास करने से सीमित ओवरों के प्रारुप में खेलने की आदत वाली सफेद गेंद से खिलाड़ी को छुटकारा मिलता है क्योंकि उसे टेस्ट में लाल गेंद से खेलना होता है। डेस्कोटे ने साथ ही कहा कि वह गेंदबाजों को सीमित ओवरों वाले लाइन लेंथ की आदत में सुधार करना चाहते है और दो रंगों वाली गेंद को संकेत देने का सबसे आसान तरीका माना जाता है, रेयान ने आगे कहा कि हमारे खिलाड़ी आईपीएल के लंबे सत्र के बाद यहां आये हैं जिससे उन्हें सफेद गेंद की आदत पड़ गयी थी। इसलिए गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल की देख रेख में गेंदबाज पिछले दो सप्ताही से अभ्यास में दो रंगों वाली गेंद का उपयोग कर रहे हैं। उम्मीद की जा रही है कि इससे तेज गेंदबाजों की लाइन व लैंथ लीड्स के मुकाबले अच्छी नजर आएगी।

## मुंबई के लिए ही खेलेंगे यशस्वी, एनओसी वापस ली

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल आने वाले समय में भी मुम्बई की ओर से खेलते रहेंगे। यशस्वी ने मुम्बई क्रिकेट बोर्ड (एमसीए) से जो अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मांगा था वह उन्होंने वापस ले लिया है। यशस्वी ने हाल ही में कहा था कि वह गोवा की ओर से खेलना चाहते हैं जिससे लिए उन्होंने एमसीए से एनओसी देने का अनुरोध किया था पर बाद में उन्होंने अपना इरादा बदल दिया। एमसीए ने शुरू में एनओसी के लिए उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया था। यशस्वी गोवा की टीम से जुड़ने के साथ उसके कप्तान बनना चाहते थे। एमसीए की शीर्ष परिषद ने इस युवा बल्लेबाज के एनओसी वापस लेने के अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। वहीं एमसीए ने बल्लेबजा पृथ्वी शॉ के दूसरे राज्य के लिए खेलने के अनुरोध को स्वीकार करते हुए उनको एनओसी देना मंजूर कर लिया है। यशस्वी आजकल भारतीय टीम के साथ ही इंग्लैंड दौरे पर हैं। वहीं खराज फार्म से गुजर रहे पृथ्वी अब अपनी गलतियों को सुधारकर नई शुरुआत करना चाहते हैं।

## भारतीय टीम के अगले माह बांग्लादेश दौरे पर जाने की संभावनाएं नहीं, बीसीबी बोली , अभी संभव नहीं तो भविष्य में करेंगे इंतजार

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम को अगले माह तीन एकदिवसीय और इतने ही टी20 मैचों के लिए बांग्लादेश दौरे पर जाना है पर मौजूदा राजनीतिक हालातों को देखते हुए ये दौरा शायद ही हो पाये। बांग्लादेश में जिस प्रकार के खराब हालात हैं उसको देखते हुए केन्द्र सरकार भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को इस दौरे के लिए शायद ही अनुमति दे। इसका अंदेशा बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) को भी है। इसी को देखते हुए बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने कहा है कि आगामी सीमित ओवरों की सीरीज को लेकर बीसीसीआई अपनी सरकार के फैसले का इंतजार कर रहा है। अमीनुल के अनुसार अगर भारतीय टीम अगस्त में नहीं आती तो वे भविष्य में भारतीय टीम के आने का इंतजार करेंगे। बीसीबी प्रमुख ने कहा कि हमारी बीसीसीआई के साथ बातचीत चल रही है। यह जरूरी नहीं कि हम अगस्त या सितंबर में ही सीरीज कराएं, हम बातचीत कर रहे हैं कि सीरीज अगर अभी संभव नहीं है तो इसे आने वाले समय में किस प्रकार आयोजित किया जा सकता है। इससे पहले दोनो देशों के बीच टी20I सीरीज पिछले साल 2024 में हुई थी, जब बांग्लादेश की टीम भारती दौरे पर आई थी।

## पुरुष एशिया कप हॉकी 2025 से पाकिस्तान का बाहर होना तय, अभी तक नहीं मिली मंजूरी



नई दिल्ली (ईएमएस)। बिहार के राजगीर में 29 अगस्त से 9 सितंबर तक पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट 2025 खेला जाएगा। भारत की मेजबानी में होने वाले इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान को शामिल किये जाने की कोई संभावना नहीं हैं। वहीं हॉकी इंडिया के एक अधिकारी ने कहा कि इस मामले में सरकार के साथ बातचीत जारी है और उसके बाद अंतिम फैसला लिया जाएगा पर इस अधिकारी के अनुसार जिस प्रकार के तनावपूर्ण संबंध दोनो देशों के बीच हैं उसमें पाक का बाहर होना तय है। पहलगाम में हुए घातक आतंकी हमले और उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर को देखते हुए पाकिस्तान पुरुष हॉकी टीम को बाहर करने की मांग तेज हो गयी है। वहीं हॉकी इंडिया के एक अधिकारी ने एशिया कप में पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर कहा, हम सरकार के संपर्क में हैं और हम उसके निर्देशों का पालन करेंगे। मौजूदा स्थिति के अनुसार मुझे नहीं लगता कि पाकिस्तान टीम को भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। साथ ही कहा कि हम सरकार के आदेशों के अनुसार ही काम करेंगे।

गौरतलब है कि पुरुषों का एशिया कप 2025-2026 एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप का क्वालीफाइंग इवेंट भी है जिसकी मेजबानी बेल्जियम और नीदरलैंड करेंगे। टूर्नामेंट के विजेता विश्व कप में जगह मिल जाएगी। इसके अलावा भारत एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की भी मेजबानी करेगा, जो 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में खेला जाएगा। इसमें भी पाक को शायद ही जगह मिले। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान को बाहर करने की मांग के कारण भारत में जूनियर इवेंट में उठी है। पाक की पुरुष हॉकी टीम ने अंतिम बार 2023 में भारत का दौरा किया था, जब भारत ने चेन्नई, तमिलनाडु में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी की थी।

# भारत में जल्द मिलेगा हाई-स्पीड सैटेलाइट इंटरनेटः इन-स्पेस चेयरमैन बोले- स्टारलिंक को कुछ दिनों में मिल जाएगा फाइनल अप्रूवल

**नई दिल्लीः** इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स कुछ ही दिनों में स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस शुरू करने वाली है। स्पेस रेगुलेटर इंडियन नेशनल स्पेस प्रमोशन एंड ऑथराइजेशन सेंटर यानी, इन-स्पेस के चेयरमैन डॉ. पवन गोयनका ने कहा है कि स्टारलिंक को लेकर ज्यादातर रेगुलेटरी और लाइसेंसिंग की औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं। डॉ. गोयनका के मुताबिक, अब सिर्फ कुछ अंतिम मंजूरियां बाकी हैं, जो अगले कुछ दिनों में मिल जाएंगी। हाल ही में स्पेसएक्स की प्रेसिडेंट ग्विन शॉटवेल भारत आई थीं। उन्होंने डॉ. गोयनका से मुलाकात की थी। इस मीटिंग में स्टारलिंक की लॉन्चिंग से जुड़े बचे हुए मुद्दों पर बात हुई थी। हालांकि, डॉ. गोयनका ने यह भी साफ किया कि मंजूरी मिलने के बाद भी स्टारलिंक सर्विस को शुरू होने में कुछ महीने और लग सकते हैं। उन्होंने कहा ऑथराइजेशन के बाद भी कई टेक्निकल और प्रोसीजरल स्टेप्स पूरे करने होंगे।




### टेलीकॉम डिपार्टमेंट से मिल चुका लाइसेंस

इससे पहले स्पेसएक्स को स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस भारत में ऑपरेट करने के लिए टेलीकॉम डिपार्टमेंट का लाइसेंस मिल चुका है। अब उसे सिर्फ इन-स्पेस के अप्रूवल का इंतजार है। स्टारलिंक तीसरी कंपनी है जिसे भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस ऑपरेट करने का लाइसेंस मिला है। इससे पहले वनवेब और रिलायंस जियो को मंजूरी मिली थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक स्टारलिंक भारत में 840 रुपए में महीनेभर अनलिमिटेड डेटा देगा। आधिकारिक तौर पर मस्क की कंपनी ने इसकी जानकारी नहीं दी है।

**सवाल 1: स्टारलिंक क्या है और ये खास क्यों है?**

**जवाबः** स्टारलिंक, स्पेसएक्स का प्रोजेक्ट है, जो सैटेलाइट्स के जरिए हाई-स्पीड इंटरनेट देता है। इसके सैटेलाइट्स पृथ्वी के करीब घूमते हैं, जिससे इंटरनेट तेज और स्मूथ चलता है। ये खासकर उन इलाकों के लिए फायदेमंद है, जैसे गांव या पहाड़, जहां आम इंटरनेट नहीं पहुंचता।

**सवाल 2: भारत में इंटरनेट प्लान्स की कीमत कितना हो सकती है?**

द इकोनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, स्पेसएक्स भारत में अपनी स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट सर्विसेज मंथली 10 डॉलर यानी लगभग 840 रुपए से कम कीमत वाले शुरुआती प्रमोशनल अनलिमिटेड डेटा प्लान से शुरू करेगा।

**सवाल 3: स्टारलिंक को लाइसेंस मिलने में इतना वक्त क्यों लगा?**

**जवाबः** स्टारलिंक 2022 से कोशिश कर रही थी, लेकिन सिक्योरिटी चिंताओं की वजह से देरी हुई। भारत सरकार ने डेटा सिक्योरिटी और कॉल इंटरसेप्शन जैसी शर्तें रखी थीं। स्टारलिंक ने इन शर्तों को माना, और मई 2025 में लेटर ऑफ इंटेंट मिलने के बाद अब लाइसेंस मिल गया।

**सवाल 4: लोगों को क्या फायदा होगा?**

**जवाबः** स्टारलिंक से गांवों और दूर-दराज के इलाकों में इंटरनेट पहुंचेगा, जिससे ऑनलाइन एजुकेशन, टेलीमेडिसिन, और बिजनेस को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, टेलीकॉम मार्केट में प्रतिस्पर्धा बढ़ने से सस्ते और बेहतर प्लान्स मिल सकते हैं।

**सवाल 5: अब स्टारलिंक का अगला कदम क्या है?**

**जवाबः** स्टारलिंक को अब इन-स्पेस से फाइनल अप्रूवल और स्पेक्ट्रम चाहिए। अगले 15-20 दिनों में ट्रायल स्पेक्ट्रम मिल सकता है, और फिर कॉमर्शियल सर्विस शुरू होगी।

**सवाल 6: भारत मस्क के लिए क्यों जरूरी है?**

**जवाबः** भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा इंटरनेट मार्केट है। मस्क के लिए ये लाइसेंस बड़ी कामयाबी है, खासकर जब अमेरिका में उनकी डोनाल्ड ट्रम्प के साथ तनातनी चल रही है। इससे स्पेसएक्स के कॉन्ट्रैक्ट्स खतरे में हैं।

# सेंसेक्स 91 अंक चढ़कर 83,697 पर बंदःनिफ्टी 25,540 के पार; एनएसई रियल्टी-ऑटो में गिरावट

**मुंबईः** हफ्ते को दूसरे कारोबारी दिन आज (मंगलवार, 1 जुलाई) सेंसेक्स 91 अंक चढ़कर 83,697 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 25 अंक की तेजी रही, ये 25,542 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 12 में तेजी और 18 में गिरावट रही। BEL, रिलायंस, एशियन पेंट्स और अल्ट्राटेक सीमेंट 2.60% चढ़े। एक्सिस बैंक, ट्रेंट, इटरनल और टेक महिंद्रा 2% तक गिरे। निफ्टी के 50 शेयरों में से 26 शेयरों में गिरावट रही। NSE का मीडिया इंडेक्स 1.31% गिरा। IT, रियल्टी और ऑटो शेयरों में भी गिरावट रही। मेटल, फार्मा और सरकारी बैंकों के शेयरों में खरीदारी रही।

### ग्लोबल मार्केट में तेजी

एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 1.24% गिरकर 39,986 के स्तर पर और कोरिया का कोस्पी 0.58% चढ़कर 3,090 पर बंद हुआ। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.87% गिरकर 24,072 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.39% ऊपर 3,458 पर बंद हुआ।
30 जून को अमेरिका का डाउ जोन्स 0.63% चढ़कर 44,095 पर बंद हुआ। वहीं, नैस्डेक कंपोजिट 0.47% ऊपर 20,369 पर और S&P 500 0.52% चढ़कर 6,204 पर बंद हुए।

### जून में घरेलू निवेशकों ने 72,674 करोड़ के शेयर खरीदे

30 जून को विदेशी निवेशकों ने कैश सेगमेंट में 831.50 करोड़ रुपए के शेयर्स बेचे। वहीं, घरेलू निवेशकों ने 3,497.44 करोड़ रुपए की खरीदारी की। जून महीने में विदेशी निवेशकों की नेट खरीदारी 7,488.98 करोड़ रुपए रही। वहीं, घरेलू निवेशकों ने भी महीनेभर में 72,673.91 करोड़ की नेट खरीदारी की थी। मई महीने में विदेशी निवेशकों की नेट खरीदारी 11,773.25 करोड़ रुपए रही। वहीं, घरेलू निवेशकों ने भी महीनेभर में 67,642.34 करोड़ की नेट खरीदारी की थी।

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी आज सोमवार, 30 जून को सेंसेक्स 452 अंक गिरकर 83,606 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 121 अंक की गिरावट रही, ये 25,517 पर आ गया। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 12 में तेजी और 18 में गिरावट रही। ट्रेंट का शेयर 3.10% चढ़ा, BEL और SBI में भी 2% तक की तेजी रही। एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और मारुति के शेयरों में 2% से ज्यादा की गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 19 में तेजी और 31 में गिरावट रही।

# रिलायंस इंडस्ट्रीज में नई तेजी की उम्मीद, सोलर बिज़नेस से बदलेगा खेल

## ▪ शेयर में 20 फीसदी तक उछाल की संभावना

नई दिल्ली (ईएमएस)। घरेलू ब्रोकरेज फर्म नुवेमा इंस्टीटयूशनल इक्विटीज ने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरनआइएल) के शेयर पर अपना दृष्टिकोण और अधिक बुलिश करते हुए इसका टारगेट प्राइस 1,801 रुपए तय किया है। यह लक्ष्य मौजूदा कीमत 1,500.65 रुपए से लगभग 20 फीसदी अधिक है और फिलहाल दलाल स्ट्रीट पर सबसे ऊंचा टारगेट है। नुवेमा का यह अपग्रेड रिलायंस के न्यू इनर्जी बिज़नेस, विशेषकर हाई-एफिशिएंसी सोलर मॉड्यूल की बिक्री शुरू होने के आधार पर किया गया है। कंपनी ने हाल ही में हिटेरोजंक्शन टेक्नोलॉजी पर आधारित सोलर मॉड्यूल बाजार में उतारे हैं, जिनकी एफिशिएंसी 23.1 फीसदी है और इन्हें एमएनआरई की एप्रूव्ड लिस्ट में शामिल कर लिया गया है। इन मॉड्यूल्स को टापकॉन जैसे अन्य विकल्पों की तुलना में लगभग 5 फीसदी अधिक प्रीमियम मिल रहा है। ब्रोकरेज का अनुमान है कि रिलायंस की 2026 तक चालू होने वाली 10जीडब्ल्यू सोलर मॉड्यूल उत्पादन क्षमता कंपनी के मुनाफे में 3,800 करोड़ रुपए तक की बढ़ोतरी कर सकती है, जो वित्त वर्ष 25 की कमाई का करीब 6 फीसदी होगा।




## वित्त वर्ष 26 में तेज़ी से बढ़ेगा भारत का हॉस्पिटैलिटी सेक्टरः रिपोर्ट

नई दिल्ली (ईएमएस)। मोतीलाल ओसवाल की ताज़ा रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 में भारत हॉस्पिटैलिटी सेक्टर और मजबूती से आगे बढ़ेगा। अप्रैल-जून की पहली तिमाही में प्रति कमरे आय)में 11–12 फीसदी की सालाना ग्रोथ की उम्मीद जताई गई है। यह बढ़त औसत कमरे का किराया)और घरेलू यात्रा की मांग में उछाल की वजह से है। वित्त वर्ष 25 में होटल कंपनियों की आमदनी में 18 फीसदी और ऑपरेटिंग मुनाफे में 20 फीसदी की वृद्धि देखी गई। धार्मिक पर्यटन, शादियों, लाइव इवेंट्स और कॉर्पोरेट आयोजनों ने होटल बुकिंग को मजबूती दी है। सरकार की प्रसादऔर स्वदेश दर्शन योजनाओं से अयोध्या, तिरुपति और वाराणसी जैसे तीर्थ स्थलों में होटल चेन का तेज़ विस्तार हो रहा है।

## असम ने अब तक की सर्वाधिक सात लाख मीट्रिक टन धान खरीदीः हिमंत



गुवाहाटी (ईएमएस)। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को कहा कि राज्य ने अब तक की सर्वाधिक करीब सात लाख मीट्रिक टन धान खरीद है जो पिछले साल की तुलना में दो गुना से अधिक है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच पर लिखा, हमें 6.97 लाख मीट्रिक टन की रिकॉर्ड धान खरीद के साथ खरीफ विपणन सत्र (केएमएस) 2024-25 के सफल समापन की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। धान खरीद अब तक की सर्वाधिक रही। राज्य ने खरीफ विपणन सत्र 2023-24 के दौरान सिर्फ 3.14 लाख मीट्रिक टन की खरीद की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि खरीफ विपणन सत्र 2022-23 में धान की खरीद 5.92 लाख मीट्रिक टन हुई थी। यह उल्लेखनीय उपलब्धि यह सुनिश्चित करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है कि हमारे किसान बाजारों से जुड़े रहें और उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) मिले जिसके वे हकदार हैं।

# सोना 996 महंगा होकर 96,882 पर पहुंचाः चांदी की कीमत 415 रुपए बढ़ी

**नई दिल्लीः** सोने का दाम 1 जुलाई को 996 रुपए महंगा होकर 96,882 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। कल यह 95,886 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार एक किलो चांदी की कीमत भी 415 रुपए बढ़कर 1,05,925 पर आ गई है। कल एक किलो चांदी 1,05,510 प्रति किलो थी। 18 जून को चांदी ने 1,09,550 और सोने ने 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था। इस साल सोना करीब 20 हजार महंगा हो चुका है। वही, चांदी का दाम भी करीब 21 हजार बढ़ चुका है।

### 4 महानगरों में सोने की कीमत

दिल्लीः 24 कैरेट सोने की कीमत 98,550 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,350 मुंबईः 24 कैरेट सोने की कीमत 98,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,200 कोलकाताः 24 कैरेट सोने की कीमत 98,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,200 चेन्नईः 24 कैरेट सोने की कीमत 98,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,200

केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं। इजराइल और ईरान के बीच भी जंग शुरू हो गई है। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। इससे गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 1 लाख 3 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं चांदी इस साल 1 लाख 30 हजार रुपए तक जा सकती है।

### सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें

हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर यानी HUID कहते हैं। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह होता है- AZ4524। हॉलमार्किंग के जरिए ये पता करना संभव है कि कोई सोना कितने कैरेट का है।

## नवरत्न कंपनी बीईएल को मिला 528 करोड़ का ऑर्डर

नई दिल्ली (ईएमएस)। नवरत्न कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के स्टॉक्स में मंगलवार को जोरदार तेजी देखी जा रही है। बीईएल के शेयर मंगलवार को बीएसई में 3 फीसदी से अधिक चढ़कर 436 रुपये के स्तर पर पहुंच गया, जिसके साथ ही नवरत्न कंपनी के शेयर रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया। यह तेजी तब आई जब कंपनी को 528 करोड़ रुपये का नया ऑर्डर मिलने की खबर सामने आई। इस अपडेट ने निवेशकों के भरोसे और उत्साह को बढ़ा दिया। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेडको मिले इस ताजा ऑर्डर में कई अत्याधुनिक रक्षा और रणनीतिक उपकरण शामिल हैं। इन उपकरणों में रडार, कम्युनिकेशन सिस्टम्स, जैमर्स, शेल्टर्स, कंट्रोल सेंटर्स, स्पेयर्स, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन्स संबंधित सेवाएं शामिल हैं। इससे पहले भी कंपनी को 585 करोड़ रुपये और 537 करोड़ रुपये के अन्य रक्षा उपकरणों और सिस्टम्स से जुड़े ऑर्डर मिल चुके हैं, जो इसकी लगातार बढ़ती ऑर्डर बुक को बताता है। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के स्टॉक्स ने निवेशकों को जबरदस्त रिटर्न दिया है। इसके शेयर पिछले पांच वर्षों में 1240 फीसदी से अधिक उछल गए हैं। 3 जुलाई 2020 को जहां इसका शेयर 32.42 रुपये था, वहीं 1 जुलाई 2025 को यह बढ़कर 435.95 रुपये तक पहुंच गया।

## दैनिक पंचांग

**2 जुलाई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 06.25 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | सिंह | 08.41 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 10.53 बजे से |
| बुध | कर्क में | तुला | 13.04 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृश्चिक | 15.18 ब.से |
| शुक्र | वृष में | धनु | 17.34 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 19.39 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 21.26 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 22.59 बजे से |
| राहुकाल | | मेष | 00.29 बजे से |
| 12.00 से 1.30 | | वृष | 02.09 बजे से |
| बजे तक | | मिथुन | 04.07 बजे से |

**बुधवार** 2025 वर्ष का 183 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** आषाढ़ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** सप्तमी 11.59 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** उत्तराफाल्गुनी 11.08 बजे को समाप्त।
**योग** वरीयान 17.47 बजे को समाप्त।
**करण** वणिज 11.59 बजे तदनन्तर विष्टि 01.00 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 06.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 02'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872393
**जूलियन दिन** 2460858.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** मोहर्रम
**तारीख** 06

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से | 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से | 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से | 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से | 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से | 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से | 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 7334



**बाएँ से दाएँ**
1. अपनत्व, अपनाव-5
4. खाने लायक तैयार होना-3
6. गोंद, लाख-2
7. पति, शौहर-3
8. जंगल, अरण्य-3
10. उत्साह, ललक-2
11. प्रलय, आफत-3
12. ईश्वर, रब-4
15. वट वृक्ष-4
16. निर्माण (उर्दू-3)
17. धोखा, कपट-2
18. दृष्टि, निगाह-3
20. स्वदेश, मातृभूमि-3
22. एक पैसा-2
23. विजय, जीत-3
24. आत्मबलिदानी, साहसी-5

**ऊपर से नीचे**
1. उपद्रव की स्थिति, अशांति-5
2. लम्हा, क्षण-2
3. गिरावट, अवनति-3
4. मवाद-2
5. मरियल, दुर्बल-4
8. असरदार, प्रभावी-4
9. नाक छेदना-2,3
13. विदिर्ण, छिन्न भिन्न होना-4
14. मांग, अनुरोध-5
15. बलवा, गदर-4
19. विष, गरल-3
21. अस्तर, स्तर-2
22. देवदास की प्रेमिका-2

**शब्द पहेली - 7333 का हल**



■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## आज का इतिहास

1972 भारत और पाकिस्तान ने शिमला समझौते पर हस्ताक्षर किए.
1976 उत्तर और दक्षिण वियतनाम एक हुए.
1983 कल्पक्कम परमाणु ऊर्जा संयंत्र के पहले एकांश ने काम शुरु किया.
1985 आंद्रेई ग्रेमिकी सोवियत संघ के राष्ट्रपति बने.
1990 मक्का में भगदड़ मची, एक हजार से अधिक हज यात्री मारे गए.
2000 सऊदी अरब और कुवैत में गैस तेल भंडारों के विभाजन के बारे में महत्वपूर्ण समझौता हुआ.
2002 तीन संगठनों तमिलनाडु लिबरेशन आर्मी, तमिल नेशनल रिट्रीवल ट्रुप्स तथा अखिल भारतीय नेपाली एकता समाज को पोटा के तहत गैर कानूनी संगठन घोषित किया गया.
2003 आंध्र प्रदेश के वारंगल के निकट गोलकुंडा एक्सप्रेस के दुर्घटनाग्रस्त, 20 लोग मरे.

## अंकजाल - 6875



*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

**अंकजाल 6874 का हल**



■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग-5819

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | | 6 | | 2 | 1 |
| 1 | 31 | 2 | 38 | | 28 | |
| | 1 | 6 | | 7 | 2 | |
| 6 | 36 | | 33 | | 28 | 5 |
| 3 | | 7 | | 2 | 1 | |
| | 32 | | 31 | 4 | 33 | 2 |
| 2 | 3 | | 4 | | 6 | 7 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

**अष्टयोग 5818 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 7 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 3 | 32 | 6 | 36 | 2 | 30 | 1 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 7 | 4 | 3 |
| 5 | 33 | 1 | 29 | 4 | 30 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 1 | 3 | 2 |
| 2 | 30 | 4 | 32 | 3 | 31 | 7 |
| 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 | 4 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## गणित पहेली - 5179

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | | 53 | | 2 | | 4 | = | 71 |
| | | | | | | | | |
| 66 | | 43 | | 4 | | 5 | = | 22 |
| | | | | | | | | |
| 45 | | 1 | | 5 | | 4 | = | 10 |
| | | | | | | | | |
| 20 | | 2 | | 4 | | 20 | = | 20 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 25 | | 20 | | 5 | | 4 | = | 59 / 6 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## संकेत

*खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.*

**गणित पहेली - 5178**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | + | 45 | + | 2 | - | 20 | = | 47 |
| + | | + | | x | | + | | + |
| 64 | - | 55 | + | 47 | - | 35 | = | 21 |
| - | | - | | - | | + | | + |
| 75 | - | 56 | + | 60 | - | 7 | = | 72 |
| + | | ÷ | | + | | - | | ÷ |
| 50 | ÷ | 2 | + | 2 | - | 20 | = | 7 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 59 | - | 22 | + | 36 | - | 42 | = | 20 / 31 |

## शब्दजाल - 6866

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ट | र | प | ट | र | धि | अ | र | प | अ |
| न | ग | क | म | इं | डो | ने | फ | ति | मा | ना |
| अ | दा | ल | ला | मा | ग | अं | रा | ह | प | प |
| आ | ग | ल | ब | जा | न | स | त | ह | अ | श |
| ना | न | अ | र | ग | न | मे | फ | का | ग | ना |
| जा | अं | न | र | व | ल | का | री | ह | र | प |
| ना | ज | ल | फा | व | अ | ला | र | मा | म | ग |
| आ | र | पा | र | न | प | स | रा | ल | ग | ला |
| अ | पं | बा | अ | लं | न | र | ह | न | र | दे |
| र | ज | ति | मा | अ | द | ली | ब | द | ली | श |
| बां | र | ल | प | रु | स | स | त्ता | प | र | र |

*शब्द जाल में 10 जोड़ीदार शब्द ढूंढिए. शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.*

आना जाना, अदली बदली, अगर मगर, अंजर पंजर, अफरा तफरी, आर पार, अगल बगल, आनन फानन, अटर पटर अनाप शनाप

**शब्दजाल - 6865 का हल**



■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## संक्षिप्त खबरें

### रांची डीसी बोले-समय से आएं ऑफिस, जनता की समस्याओं का करें त्वरित समाधान



**रांची** : रांची जिले के उपायुक्त सह दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने मंगलवार को समाहरणालय (कलेक्टरेट) ब्लॉक-ए के विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने सूचना एवं जन संपर्क कार्यालय, विशिष्ट अनुभाजन कार्यालय, जिला आपूर्ति कार्यालय, भू-अर्जन कार्यालय, जिला कल्याण कार्यालय, स्थापना कार्यालय, जिला नीलाम पत्र कार्यालय, अपर जिला दंडाधिकारी विधि-व्यवस्था कार्यालय का निरीक्षण किया. उन्होंने कार्यप्रणाली, कर्मचारियों की उपस्थिति, कार्य-निष्पादन की स्थिति और परिसर की साफ-सफाई देखी. अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उपायुक्त ने समाहरणालय परिसर की स्वच्छता और व्यवस्थाओं पर विशेष जोर दिया. उन्होंने परिसर को स्वच्छ, व्यवस्थित और नागरिकों के लिए सुगम बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए. उन्होंने समस्त कर्मचारियों को समय पर कार्यालय आने और जिला प्रशासन द्वारा जारी किए गए पहचान पत्र अनिवार्य रूप से पहनने का निर्देश दिया. यह कदम अनुशासन को बढ़ावा देने और प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान संबंधित पदाधिकारियों को कार्यालयों में कार्यकुशलता बढ़ाने, लंबित कार्यों को शीघ्र निपटाने और जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने जोर देकर कहा कि जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य आम जनता को बेहतर सेवाएं प्रदान करना है और इसके लिए सभी कर्मचारियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ करना होगा।

### रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट के शिविर में 107 यूनिट रक्त संग्रह




**जमशेदपुरः** रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट (आरसीजेई) ने मंगलवार को बिष्टुपुर स्थित चेंबर भवन में एक सफल रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें 107 यूनिट रक्त एकत्र कर 'सेवा स्वयं से ऊपर' के रोटरी सिद्धांत को साकार किया गया। यह शिविर स्वर्गीय दिनानाथ अग्रवाल एवं स्वर्गीय सीता देवी अग्रवाल की पुण्य स्मृति को समर्पित था। इस अवसर पर क्लब ने डॉक्टर्स डे और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे भी मनाया। चिकित्सा एवं वित्तीय क्षेत्र के समर्पित पेशेवरों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। शिविर का नेतृत्व क्लब अध्यक्ष रोटेरियन पुनित कौंटिया और सचिव रोटेरियन आर. संतोषी ने किया। आयोजन को सफल बनाने में रोटेरियन प्रांतिक सरकार (सेवा परियोजनाओं के निदेशक), रोटेरियन बलमिंदर सिंह (कोषाध्यक्ष) एवं पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन शुभ्रजीत बसु की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम की गरिमा को रोटरी ज़ोन 6 के सहायक गवर्नर रोटेरियन डी. एन. जेना की उपस्थिति और मार्गदर्शन ने विशेष रूप से बढ़ाया। रक्तदान प्रक्रिया को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने में डॉ. एस. एस. रज़ी का योगदान उल्लेखनीय रहा। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही, जिनमें डॉ. अनुप गुप्ता, वी. के. तुलसियान, प्रेमा गोगना, पी. एम. दत्ता, डॉ. डॉली गुप्ता, किशन सोनथालिया, चंद्रेश्वर खान, सुजय कर्नाड, डॉ. जहर बनर्जी, डॉ. सलभ रस्तोगी एवं अन्य सम्मिलित थे। रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट ने एक बार फिर अपने सेवा संकल्प और सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय देते हुए समाज में स्वास्थ्य, मानवता और गरिमा के मूल्यों को सशक्त रूप से आगे बढ़ाया है।

### गैस टैंकर से प्रोपलीन रिसाव, क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू



**घाटशिलाः** पूर्वी सिंहभूम जिला में बीच सड़क एक टैंकर से गैस का रिसाव होने लगा. इसको लेकर हरकत में आये प्रशासन ने एहतियातन इलाके में निषेधाज्ञा लागू कर दिया है. जिससे गैस की चपेट में किसी प्रकार की जनहानि न हो सके। जिला के बहरागोड़ा-बारीपदा मार्ग NH 49 पर मंगलवार सुबह उस वक्त एक गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई, जब जमशोला रोड स्थित जीओ पेट्रोल पंप के पास एक प्रोपलीन गैस टैंकर से रिसाव होने लगा. इस घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया। इसको लेकर पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने तुरंत सोशल मीडिया (X) पर ट्रक की तस्वीर के साथ आम जनता को संबोधित करते हुए एक पोस्ट जारी करते हुए लिखा कि 'बहरागोड़ा-बारीपदा मार्ग पर जामशोला के नजदीक प्रोपलीन गैस टैंकर में रिसाव की सूचना पर प्रशासन सतर्क है. रिसाव नियंत्रण का कार्य जारी है तथा विशेषज्ञों की सहायता प्राप्त की जा रही है. सड़क मार्ग पर आवागमन रोका गया है. कृपया घबराएं नहीं, अफवाहों से बचें और प्रशासन का सहयोग करें. अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा इलाके में निषेधाज्ञा भी लागू कर दी गई है, जिससे इस क्षेत्र में लोगों की आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित कर दी गई है।

## इको टूरिज्म की तरफ आगे बढ़ रहा गिरिडीह

# उसरी वाटरफॉल और खंडोली के लिए कार्य योजना तैयार

**गिरिडीहः** लगातार दूसरी दफा हेमंत सोरेन की सरकार बनी तो रोजगार के नए अवसर को तलाशने का काम शुरू किया गया. इस बार पर्यटन के माध्यम से रोजगार सृजन करने में सूबे की सरकार जुट गई है। मुख्यमंत्री ने इसकी जवाबदेही पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार को दी है. ऐसे में मंत्री के नेतृत्व में इस दिशा में काम भी लगातार हो रहा है।

गिरिडीह में इको टूरिज्म को बढ़ावा देने की योजना न सिर्फ तैयार की गई, बल्कि इसे धरातल पर उतारने का काम भी युद्ध स्तर से शुरू किया गया। गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र के कठवारा में जैव विविधता पार्क का निर्माण वन विभाग के द्वारा करवाया जा रहा है. अब उसरी वाटरफॉल और खंडोली में भी इको टूरिज्म की संभावना तलाशी गई है। इसे लेकर मंत्री सुदिव्य के साथ मुख्य सचिव अलका तिवारी ने सोमवार को इन दोनों स्थलों का निरीक्षण किया था और कई निर्देश गिरिडीह डीसी रामनिवास यादव और डीएफओ मनीष तिवारी को दिए थे।

**प्रकृति की गोद में है खंडोली और उसरी वाटरफॉलः** दरअसल, छेड़छाड़ किए बगैर प्रकृति की सुंदरता निखारना ही इको टूरिज्म है. उसरी फॉल और खंडोली जलाशय को प्रकृति ने काफी कुछ दिया है। जहां खंडोली जलाशय के बगल में खंडोली पहाड़ है, जो यहां की सुंदरता को चार चांद लगाती हैं। उसी तरह उसरी जलप्रपात भी पहाड़ों और चट्टानों के बीच ह। यहां घने वन हैं। इस जलप्रपात की चर्चा दशकों से होती रही है। कई महान विभूतियां भी शांति की तलाश में यहां आते रहे थे। यहां दूसरे कई प्रदेश के पर्यटक आते हैं।

इस संबंध में जानकार प्रभाकर कुमार बताते हैं कि राष्ट्र कवि रबीन्द्रनाथ टैगोर भी यहां आते थ। उन्होंने अपनी कविता में भी इस जलप्रपात का जिक्र किया है। जबकि महान वैज्ञानिक सर जेसी बोस का भी जुड़ाव भी इस जलप्रपात से रहा है। एक तरह उसरी वाटरफॉल ऐतिहासिक धरोहर है। यहां इको टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा तो और भी पर्यटक आएंगे और रोजगार अवसर भी तैयार होंगे।

**ऐसे बढ़ेगा रोजगारः** उसरी जलप्रपात के सौंदर्यीकरण से यहां रोजगार के अवसर भी स्थानीय लोगों को मिलेंग। सूबे के मंत्री सह गिरिडीह के विधायक सुदिव्य कुमार पूर्व में भी इस बात को साफ कर चुके हैं कि इस जलप्रपात का देखभाल स्थानीय ग्रामीण करेंगे। मतलब एक तरफ क्षेत्र की सुंदरता बढ़ेगी तो पर्यटक खींचे चले आयेंगे और स्थानीय को रोजगार भी मिलेगा। कुछ इसी तरह की तैयारी खंडोली के लिए भी की गई है। यहां भी रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।





**क्या-क्या होगा काम**

क्षेत्र के रेंज ऑफिसर एसके रवि बताते हैं कि उसरी वाटरफॉल में फूलों की बगिया रहेगी। जिसमें एक से बढ़कर एक पौधे लगाए जाएंगे.। बच्चों के खेलने के लिए किड्स पार्क बनाया जाएगा। वाटरफॉल के बाद जो टापूनुमा स्थान है वहां दो वाच टावर बनाए जाएंगे, जहां लोग बैठ सकेंगे, नेचर ट्रेल रहेगा, जहां लोग झूल सकेंगे।



"पहली दफा जब विधायक बना था तो उसी वक्त खंडोली और उसरी जलप्रपात को विकसित करने की योजना तैयार की गई थी। इस बार जनता ने मौका दिया तो योजना को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। खंडोली और उसरी जलप्रपात को इको टूरिज्म के तौर पर विकसित किया जाएगा। इसकी रूपरेखा तैयार है। जल्द ही पर्यटकों को यह क्षेत्र और भी आकर्षित करेगा। इससे यहां के स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा।"
**- सुदिव्य कुमार, मंत्री, झारखंड सरकार**

"खंडोली डैम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए सारी व्यवस्था की जा रही है। खंडोली डैम के चारों तरफ कनेक्टिविटी पर काम किया जाएगा। डैम के चारों तरफ पर्यटक घूमकर प्राकृतिक छटा का आनंद उठा सके इसके लिए पहुंच पथ का निर्माण कराया जाएगा। डैम के नीचे नदी पर पुल का निर्माण कराया जाएगा, ताकि पर्यटकों को आवागमन में सहूलियत मिल सके। साथ ही पर्यटक नदी के इस पार से उस पर का आनंद उठा सके। इसके अलावे मधवाडीह से खंडोली मोड़ को जोड़ने वाली बाइपास पथ का भी निर्माण कराया जाएगा और बरियारपुर तक कॉरिडोर बनाया जाएगा।" **- रामनिवास यादव, डीसी, गिरिडीह**

**प्रकृति को ध्यान में रखते हुए होगा विकासः डीएफओः** इस संबंध में डीएफओ मनीष तिवारी कहते हैं कि इको टूरिज्म को उसी के कॉन्सेप्ट में डेवलप किया जाएगा। कहा जाए तो वाटरफॉल और खंडोली में पर्यावरण को छेड़छाड़ किए बगैर सौंदर्यीकरण का काम होगा. खाली जमीन पर प्लांटेशन किया जाएगा। प्रकृति की नेमतों को और भी बेहतर कर पर्यटकों को आकर्षित किया जाएगा। इस काम में कम से कम कंक्रीट का यूज होगा।

**विदेशी पक्षियों के संरक्षण पर भी रहेगा जोरः** डीएफओ मनीष बताते हैं ठंड के समय में खंडोली में प्रवासी पक्षियों का आगमन होता है। यहां 70 तरह की पक्षियां आती हैं। जिनमें मांगोलिया से भी पक्षियों का झुंड यहां आता है। उन्होंने कहा कि जब प्रवासी पक्षियों का यहां आगमन होता है तो इनकी अठखेलियां देखने लोगों की भीड़ जुट जाती है। इसे लेकर ठंड से पहले ही सारी तैयारी कर ली जाती है। डीएफओ ने बताया कि खंडोली में एक वाच टावर ऐसे स्थान पर बनाया जाएगा, जहां से प्रवासी पक्षियों को देखा जा सके।

## रांची नगर निगम ने टैक्स कलेक्शन का तोड़ा रिकॉर्ड

### 81,320 करदाताओं से वसूली कर बना राज्य का नंबर वन निकाय



**रांचीः** वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में रांची नगर निगम ने हाउसिंग टैक्स संग्रहण के क्षेत्र में एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। निगम ने 81,320 करदाताओं से कुल 39 करोड़ 33 लाख 73 हजार 879 रुपये की राशि वसूल कर झारखंड में सबसे अधिक टैक्स कलेक्शन करने वाला निकाय बनने की उपलब्धि हासिल की है।

यह आंकड़ा न केवल बीते वर्षों की तुलना में कहीं अधिक है बल्कि राज्य के अन्य निकायों के लिए प्रेरणा भी है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के पीछे प्रशासक के रणनीतिक दिशा-निर्देश, टैक्स अधिकारियों की मेहनत और नागरिकों की सहभागिता को बड़ी वजह माना जा रहा है। नगर निगम ने इस वर्ष करदाताओं को समय पर भुगतान करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए छूट योजना भी शुरू की, जिसने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रांची नगर निगम के जनसंपर्क पदाधिकारी गौतम प्रसाद साहू ने बताया कि निरंतर इसे लेकर नगर निगम मॉनिटरिंग भी कर रही थी और लोगों को छूट दिए जाने के बाद टैक्स जमा होने में तेजी आई है।

## बीसीसीएल के कांटापहाड़ी सबस्टेशन में ग्रामीणों का हंगामा, इंजीनियर के साथ मारपीट, पावर सप्लाई बंद



**धनबादः** बीसीसीएल एरिया 04 के वेस्ट मोदीडीह परियोजना के कोलियरी इंजीनियर रितेश कुमार के साथ स्थानीय श्रमिक कॉलोनी के ग्रामीणों और बीसीसीएल कर्मियों ने मारपीट की है. इस घटना को लेकर बीसीसीएल पदाधिकारियों में आक्रोश है. मारपीट के विरोध में वेस्ट मोदीडीह की श्रमिक कॉलोनी की बिजली काट दी गई है। दरअसल, अनियमित बिजली आपूर्ति से परेशान वेस्ट मोदीडीह के ग्रामीण और बीसीसीएल कर्मी कांटापहाड़ी विद्युत सब स्टेशन पहुंचे थे. जहां बातचीत के दौरान ग्रामीणों और इंजीनियर में बहस हो गई. इस क्रम में ग्रामीणों ने इंजीनियर रितेश कुमार के साथ मारपीट कर दी.वहीं घटना को लेकर बीसीसीएल पदाधिकारियों में दहशत है। भुक्तभोगी इंजीनियर रितेश कुमार ने थाना में आवेदन देकर दोषियों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है. उन्होंने पुलिस से अविलंब कार्रवाई की मांग की है।

## झारखंड के सतत विकास लक्ष्य को लेकर यूनिसेफ के कार्यों की समीक्षा

### यूनिसेफ कार्यों की लगातार समीक्षा का सिस्टम बनाएं : मुख्य सचिव



**रांचीः** झारखंड के सतत विकास लक्ष्य की उपलब्धि को लेकर मंगलवार को यूनिसेफ के कार्यों की समीक्षा मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में की गई। मुख्य सचिव ने यूनिसेफ को सभी संबंधित विभागों के साथ निरंतर समन्वय पर बल देते हुए निर्देश दिया कि वे अपने कार्यों की लगातार समीक्षा का सिस्टम बनाएं। उन्होंने कहा कि यूनिसेफ झारखंड के सतत विकास को लेकर जो कार्य कर रहा है, वैसे ही कार्य व्यापक पैमाने पर राज्य सरकार भी कर रही है। इस स्थिति में एक दूसरे के डाटा राज्य के सतत विकास में काफी उपयोगी हो सकते हैं। इसके लिए विभागों के साथ पाक्षिक बैठक करने का निर्देश दिया।

मुख्य सचिव ने कहा कि इन बैठकों में यूनिसेफ फील्ड के अपने कार्यों, अनुभव और सुझावों को साझा करे और यह देखे कि बच्चों को लेकर सरकार की योजनाओं के साथ कैसे बेहतर तालमेल के साथ काम किया जा सकता है। योजनाओं की निगरानी और उसके फलाफल पर फोकस पर भी उन्होंने बल दिया। उन्होंने यूनिसेफ से कहा कि वे सामाजिक प्रक्षेत्र में अन्य राज्यों में जो बेहतर कार्य हो रहे हैं, उनका अध्ययन, विश्लेषण करें और उसका क्रियान्वयन झारखंड में कैसे किया जा सकता है, इसका ब्लू प्रिंट बनायें। उन्होंने योजना विभाग के साथ एक पोर्टल पर डाटा साझा करने का निर्देश दिया, ताकि डाटा मिस मैच नहीं हो।

मुख्य सचिव ने पोषण से जुड़ी समस्याओं पर फोकस करने के साथ हाशिए पर खड़े लोगों के सतत विकास पर फोकस करने को कहा। मुख्य सचिव ने हाथ की सफाई को लेकर जागरूकता पैदा करने के लिए यूनिसेफ की प्रशंसा करते हुए कहा कि पोषण के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा आदि के क्षेत्र में भी संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर लोगों को जागरूक और सक्षम बनायें। उसके पहले यूनिसेफ ने झारखंड में बच्चों को लेकर किये जा रहे कार्यों और उपलब्धियों को लेकर प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। समीक्षा बैठक में सचिव मस्त राम मीणा, मनोज कुमार, मुकेश कुमार, उमाशंकर सिंह, नेहा अरोड़ा और यूनिसेफ की झारखंड प्रमुख कानिनिका मित्रा और उनके सहयोगी उपस्थित थें।

# 5 जुलाई तक सभी रिटेल काउंटर पर नहीं मिलेगी शराब

**रांचीः** झारखंड में 5 जुलाई तक सभी रिटेल काउंटर से शराब की बिक्री नहीं होगी. उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की ओर से यह जानकारी दी गई है. क्योंकि झारखंड स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड को 5 जुलाई तक सेल और डिपॉजिट के भौतिक सत्यापन का काम पूरा करना है. तब तक जिस रिटेल काउंटर पर यह प्रक्रिया चलेगी, वहां शराब की बिक्री संभव नहीं हो पाएगी। उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की ओर से कहा गया कि खुदरा उत्पाद दुकानों के हैंडओवर/टेकओवर के शुरू होने के बाद हैंडओवर/टेकओवर पूर्ण होने तक उन दुकानों से शराब की बिक्री बंद रहेगी.

बता दें कि राज्य में खुदरा शराब बिक्री की कुल 1453 दुकानें हैं. अब तक प्लेसमेंट एजेंसियों के जरिए शराब की बिक्री की जा रही थी. अब पूर्व नीति की तरह दुकानों की नीलामी प्रक्रिया के तहत शराब की बिक्री JSBCL के जरिए होगी. इस व्यवस्था से ओपन मार्केट में कंपटीशन रहेगा. इसका लाभ ग्राहकों को मिलेगा. अब तक सरकार के स्तर से शराब की बिक्री होने पर रेट को लेकर मनमानी की खबरें अक्सर सामने आया करती थी।

**विभाग ने अपने आदेश में इन बिंदुओं का किया जिक्र-**



- -दिनांक 01.07.2025 से प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से संचालित खुदरा उत्पाद दुकानों का JSBCL को हैंडओवर/टेकओवर प्राप्त करने के क्रम में भौतिक सत्यापन और सेल और डिपॉजिट की राशि का सत्यापन किया जाना है।
- -इस कार्य को दिनांक 5 जुलाई तक पूर्ण किया जाना है।
- -जिलों में अवस्थित सभी खुदरा उत्पाद दुकानों की समुचित हैंडओवर/टेकओवर के लिए जिला स्तर से एक शेड्यूल निर्धारित किया जाना है।
- -खुदरा उत्पाद दुकानों के हैंडओवर/टेकओवर शुरू होने के बाद और हैंडओवर/टेकओवर पूर्ण होने तक उन दुकानों से शराब की बिक्री बंद रहेगी।
- -स्टॉक वेरिफिकेशन और हैंडओवर/टेकओवर पूर्ण होने के बाद खुदरा उत्पाद दुकानों से शराब की बिक्री के संबंध में अलग से दिशा-निर्देश निर्गत किया जाएगा।
- -जब तक किसी खुदरा उत्पाद दुकानों के हैंडओवर/टेकओवर की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हो जाती है, तब तक पूर्व की तरह खुदरा उत्पाद दुकानों से समुचित अनुवीक्षण के साथ नियमानुसार शराब की बिक्री की जा सकेगी।

### खेल घोटाला के आरोपित पीसी मिश्रा नहीं जा सकेंगे यूरोप, याचिका खारिज




**रांचीः** रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने 34वें राष्ट्रीय खेल घोटाले के आरोपित पूर्व खेल निदेशक पीसी मिश्रा की पासपोर्ट रिलीज करने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट के पासपोर्ट रिलीज नहीं करने का आदेश पारित होने के बाद अब पीसी मिश्रा विदेश यात्रा नहीं कर पाएंगे। पीसी मिश्रा ने यूरोप समेत अन्य देशों के भ्रमण के लिए पासपोर्ट रिलीज करने का आग्रह किया था। लेकिन कोर्ट ने उनके आग्रह को स्वीकार नहीं किया।

# झामुमो कार्यकर्ताओं ने रजरप्पा के मां छिन्नमस्तिका मंदिर में की पूजा

### दिशोम गुरु शिबू सोरेन के बेहतर स्वास्थ्य की कामना



**रामगढ़ः** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक, संरक्षक, पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सासंद दिशोम गुरु शिबू सोरेन के शीघ्र स्वास्थ्य की कामना के लिए प्रसिद्ध सिद्ध पीठ मां छिन्नमस्तिका मंदिर में झामुमो के कार्यकर्ताओं ने पूजा अर्चना और हवन किया। दिशोम गुरू शिबू सोरेन की सेहत को लेकर झारखंड समेत देशभर में पूजा अर्चना और प्रार्थना की जा रही है. रामगढ़ झामुमो कार्यकर्ताओं ने भी जिले में अवस्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर में गुरुजी की फोटो लेकर पूजा अर्चना कर हवन किया. गुरु जी के स्वास्थ्य में जल्द सुधार हो इसकी कामना मां से की।

बताते चलें कि पिछले कई दिनों से दिशोम गुरु दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती हैं. जहां न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी और नेफ्रोलॉजी के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उनका उपचार कर रही है. दिशोम गुरु शिबू सोरेन की सेहत में सुधार की खबर भी आई है. गुरु जी के पुत्र राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, बहू विधायक कल्पना सोरेन, दुमका विधायक बसंत सोरेन भी पिछले कई दिनों से अस्पताल में गुरु जी का इलाज करवा रहे हैं. मंदिर के पुरोहित पवन मिश्रा ने बताया कि गुरुजी का स्वास्थ्य जल्द ठीक हो इसके लिए हम लोगों ने पूजा अर्चना और हवन किया है।

झामुमो के जिला अध्यक्ष विनोद किस्कू ने कहा कि झारखंड राज्य के संस्थापक, संरक्षक और राज्यसभा के सदस्य शिबू सोरेन का दिल्ली के गंगा राम हॉस्पिटल में पिछले कई दिनों से इलाज चल रहा है. राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उनकी धर्मपत्नी कल्पना सोरेन, भाई बसंत सोरेन और उनके बेटे अस्पताल में मौजूद हैं। गुरुजी का वहां बेहतर इलाज हो रहा है और उनके स्वास्थ्य में सुधार भी हो रहा है. उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए और जल्द ठीक होने के लिए हम लोगों ने मां छिन्नमस्तिका की पूजा अर्चना की और हवन किया. गुरुजी जल्द ठीक होकर अपने पैतृक गांव रामगढ़ में हम लोगों के बीच पहुंचे. क्योंकि बाबा रामगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड के दिशोम गुरु हैं. दिशोम गुरु ने अलग राज्य के निर्माण में त्याग और तपस्या की है और पहचान भी उन्होंने ही दिलवाई है तो हम लोग उनके बिना नहीं रह पा रहे हैं. हम लोग ने उनके नाम से हवन किया है. पूरा झारखंड, परिवार, पूरी पार्टी उनका इंतजार कर रही है।

# राज्य के 19 जिलों में सामान्य से अधिक और पांच जिलों में औसत से कम हुई बारिश



**रांचीः** झारखंड के 19 जिलों में सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गई है। जबकि राज्य के पांच जिलों में अब तक सामान्य से कम बारिश रिकॉर्ड की गई है। मौसम विभाग के एक से 30 जून तक हुई बारिश के आंकड़ों के अनुसार बोकारो में सामान्य से 69 प्रतिशत अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई है।

वहीं जिन अन्य 18 जिलों में सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गई उनमे चतरा में 134, धनबाद 63, दुमका 29, पश्चिम सिंहभूम 158, गिरिडीह 13, गुमला 63, हजारीबाग 57, जामताड़ा 25, खूंटी 88, कोडरमा नौ, लोहरदगा 103, पलामू 108, रामगढ़ 147, रांची 204, सरायकेला- खरसावां 146, सिमडेगा 88 और पश्चिमी सिंहभूम में 91 प्रतिशत सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गई। वहीं राज्य के उन जिलों में जहां अब तक सामान्य से कम बारिश हुई है उनमें देवघर 29, गढ़वा आठ, गोड्डा 30, पाकुर 21 और साहिबगंज 13 प्रतिशत शामिल है।

वहीं, मंगलवार को रांची और आसपास के इलकों में सुबह से बारिश होती रही। लगातार बारिश के चलते बच्चों को स्कूल जाने और अन्य लोगों के अन्य गतिविधियों में काफ़ी परेशानी हुई। मौसम विभाग ने छह जुलाई तक राज्य के अलग-अलग इलाकों में भारी बारिश होने की सम्भावना व्यक्त की है।

वहीं पिछले 24 घण्टों के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश पूर्वी सिंहभूम के बोड़ाम में 143.2 मिमी रिकॉर्ड की गई। मंगलवार को रांची में अधिकतम तापमान 26.5, जमशेदपुर में 27.4, डालटेनगंज में 31.6, बोकारो में 30.2 और चाईबासा में 27.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटुआ, रांची से मुद्रित एवं फर्स्ट फ्लोर, 105, नायल कॉम्प्लेक्स, कांटाटोली, रांची-834001 (झारखण्ड) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं. JHAHIN/50549 फोन नं. 8084372014, Email : koylanchalsamvad@gmai.com & koylanchal.hindi@gmail.com*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट तहत जिम्मेदार।